दैनिक
# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 177 | जयपुर | शुक्रवार, 02 मई, 2025 | बैशाख, शुक्ल पक्ष पंचमी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan



# पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास का निधन

## पूजा के दौरान लगी आग में झुलस गई थीं

**सीएम भजनलाल शर्मा और पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने शोक जताया**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास का गुरुवार को अहमदाबाद में निधन हो गया। वे पिछले एक महीने से अस्पताल में भर्ती थीं। बताया गया है कि गणगौर पूजा के दौरान चुन्नी में आग लगने से वे गंभीर रूप से झुलस गई थीं। करीब 90 प्रतिशत तक जलने के कारण उनकी हालत लगातार बिगड़ती गई और अंततः उन्होंने अहमदाबाद के जायडस अस्पताल में अंतिम सांस ली। परिजनों के अनुसार, उनका पार्थिव शरीर उदयपुर लाया जा रहा है, जहां उनके अंतिम दर्शन और अंतिम संस्कार की व्यवस्था की जा रही है।

डॉ. व्यास का राजनीतिक, सामाजिक और शैक्षिक क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान रहा है। वे राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रह चुकी थीं। इसके अलावा वे कई बार लोकसभा सांसद रहीं और केंद्र सरकार में मंत्री के रूप में अहम जिम्मेदारियां निभाईं। शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय के लिए उनके कार्यों को हमेशा याद किया जाएगा।

### राजनीतिक जगत में शोक की लहर

डॉ. व्यास के निधन पर कांग्रेस सहित संपूर्ण राजनीतिक जगत में शोक की लहर फैल गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, अशोक गहलोत, सचिन पायलट, गोविंद सिंह डोटासरा, टीकाराम जूली समेत अनेक नेताओं ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक्स पर लिखा, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डॉ. गिरिजा व्यास का निधन हम सबके लिए एक अपूरणीय क्षति है। शिक्षा, राजनीति और समाज सेवा के क्षेत्र में उनका बड़ा योगदान रहा है। उनका असमय और इस तरह एक हादसे का शिकार होकर जाना हम सभी के लिए गहरा आघात है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने एक्स पर लिखा कि केंद्रीय मंत्री रहीं वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व पीसीसी अध्यक्ष डॉ. गिरिजा व्यास जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। गिरिजा जी का निधन कांग्रेस परिवार के अपूरणीय क्षति है, कांग्रेस पार्टी और प्रदेश की प्रगति में उनका योगदान सदैव याद रखा जाएगा। गिरिजा जी के परिवार एवं प्रशंसकों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं परिवारजनों को संबल प्रदान करें।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक्स पर लिखा कि पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को सद्गति तथा शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

**मौसम** जयपुर

39.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान

**बाजार** शेयर बाजार

सेंसेक्स 80,242.24 -46.14 (0.057%)

निफ्टी 24,334.20 -1.75

**सर्राफा** सोना/चांदी

सोना 97,555 /10g

चांदी 98,000 /Kg

## मुंबई में वेव समिट में पीएम मोदी : बोले

# यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म, जहां युवा एक आइडिया के जरिए क्रिएटिव वर्ल्ड के साथ जुड़ेगा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ल्ड ऑडियो-विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) को संबोधित करते हुए कहा, आज मुंबई में 100 से अधिक देशों के आर्टिस्ट, इंवेस्टर्स और पॉलिसी मेकर्स एक साथ एक ही छत के नीचे एकत्र हुए हैं। एक तरह से आज यहां ग्लोबल टैलेंट और ग्लोबल क्रिएटिविटी के एक ग्लोबल इको-सिस्टम की नींव रखी जा रही है।

### मोदी की स्पीच की बड़ी बातें...

भारतीय सिनेमा ने भारत को कोने-कोने तक पहुंचाया प्रधानमंत्री ने कहा- आज 1 मई है। आज से 112 साल पहले 3 मई, 1913 को भारत में पहली फीचर फिल्म राजा हरिश्चंद्र रिलीज हुई थी, इसके निर्माता दादासाहेब फाल्के जी थे और कल ही उनकी जन्म-जयंती थी। बीती एक सदी में भारतीय सिनेमा ने भारत को दुनिया के कोने-कोने में ले जाने में सफलता पाई है। दिग्गजों को डाक टिकट के माध्यम से याद किया मोदी बोले- आज वेव्स में इस मंच पर हमनें भारतीय सिनेमा के अनेक दिग्गजों को डाक टिकट के माध्यम से याद किया है। बीते वर्षों में मैं कभी गेमिंग वर्ल्ड, कभी म्यूजिक की दुनिया के लोगों से, फिल्म मेकर्स से मिला, कभी स्क्रीन पर चमकने वाले चेहरों से मिला। इन चर्चाओं में अक्सर भारत की क्रिएटिविटी, कैपेबिलिटी और ग्लोबल कोलाबरेशन की बातें उठती थीं।

ये क्रिएट इन इंडिया, क्रिएट फॉर द वर्ल्ड का सही समय लाल किले से मैंने सबका प्रयास की बात कही है। आज मेरा ये विश्वास और पक्का हो गया है कि आप सभी का प्रयास आने वाले वर्षों में वेव्स को नई ऊंचाई देगा। ये क्रिएट इन इंडिया, क्रिएट फॉर द वर्ल्ड का सही समय है। आज जब दुनिया स्टोरी-टेलिंग के नए तरीके ढूंढ रही है। तब भारत के पास हजारों वर्षों की अपनी कहानियों का खजाना है। और ये खजाना टाइमलैस है, थॉट प्रो-वॉकिंग और ट्रुली ग्लोबल है। भारत में ऑरेंज इकोनॉमी का उदय काल मोदी बोले- ये भारत में ऑरेंज इकोनॉमी का उदय काल है। कंटेंट, क्रिएटिविटी और कल्चर, ये ऑरेंज इकोनॉमी की तीन धुरी है। भारतीय फिल्मों की पहुंच अब दुनिया के कोने-कोने में पहुंच रही है। आज 100 से अधिक देशों में भारतीय फिल्में रिलीज होती हैं।



पीएम ने कहा- वेव्स ये सिर्फ एक छोटा सा नाम नहीं है। ये एक लहर है - कल्चर की, क्रिएटिविटी की, यूनिवर्सल कनेक्ट की। यह एक ऐसा ग्लोबल प्लेटफॉर्म है, जो आप जैसे हर आर्टिस्ट, हर क्रिएटर का है। जहां हर कलाकार, हर युवा एक नए आइडिया के साथ क्रिएटिव वर्ल्ड के साथ जुड़ेगा।

## कॉमर्शियल सिलेंडर पर 14 रुपए कम हुए; घरेलू के दामों में कोई बदलाव नहीं

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** राजस्थान में तेल-गैस कंपनियों ने गुरुवार को एलपीजी की कीमतों का रिव्यू करने के बाद कॉमर्शियल उपयोग के गैस सिलेंडर की कीमतों में कमी की है। कंपनियों ने आज से कॉमर्शियल उपयोग के सिलेंडर पर 14 रुपए कम किए हैं। वहीं घरेलू उपयोग के सिलेंडर की कीमतों को स्थिर रखा है। इस साल में चौथा मौका है जब कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में कमी की है।

### 1776 रुपए में मिलेगा सिलेंडर

राजस्थान एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष दीपक गहलोत ने बताया- कंपनियों की ओर से जारी रेट लिस्ट में आज से राजस्थान में 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर पर 14 रुपए कम किए गए। इसके बाद आज से कॉमर्शियल गैस सिलेंडर बाजार में 1790 रुपए की जगह 1776 रुपए में मिलेगा। इससे पहले कंपनियों ने अप्रेल में गैस की कीमतों में 40.50 रुपए कम किए थे। वहीं जनवरी में 14.50 रुपए, फरवरी में 6 रुपए की कटौती की थी, जबकि मार्च में 6 रुपए की बढ़ोतरी की थी।

### घरेलू सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

कंपनियों ने घरेलू उपयोग के सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। वर्तमान में बाजार में घरेलू उपयोग का सिलेंडर 856.50 रुपए में ही मिलेगा। वहीं राज्य सरकार की ओर से बीपीएल और उज्जवला कनेक्शधारियों को रियायती दर पर सिलेंडर उपलब्ध करवाया रही है।

**संक्षिप्त समाचार**

## सोने-चांदी के दाम टूटे

### 2 हजार रुपए सस्ता हुआ सोना

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** वैश्विक बाजार में जारी उठापटक के बावजूद अक्षय तृतीया के बाद सोने और चांदी की कीमत में बड़ी गिरावट हुई है। गुरुवार को स्टैंडर्ड सोने की कीमत दो हजार रुपए टूटकर 96 हजार 300 रुपए पर पहुंच गई है। वहीं, चांदी प्रति किलो की कीमत में 1800 रुपए की गिरावट आई है। इसके बाद प्रति किलो चांदी 96 हजार 800 रुपए पर आ गई है। सर्राफा व्यापरियों के अनुसार अगले कुछ दिनों तक सोने चांदी के भाव में अस्थिरता बनी रहेगी। सर्राफा एसोसिएशन के राकेश खंडेलवाल ने बताया- फिलहाल बाजार में अस्थिरता बनी हुई है। कभी अंतरराष्ट्रीय उठापटक की वजह से सोने चांदी के दाम में बढ़ोतरी होने लगती है। वहीं, भारत और पाकिस्तान के बीच बने हालात से डिमांड कम होने से दामों में कमी आ जाती है। यही कारण है कि एक लाख रुपए को पार कर गई। सोने की कीमत एक बार फिर लुढ़ककर 96 हजार के नजदीक आ गई है।

## पहलगाम हमले की न्यायिक जांच से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

### याचिकाकर्ता को फटकार; कहा- सुरक्षाबलों का मनोबल गिराना चाहते हैं क्या

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की न्यायिक जांच का आदेश देने से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही जस्टिस सूर्यकांत और एनके सिंह की बेंच ने याचिकाकर्ता को फटकार भी लगाई। कोर्ट ने कहा कि यह संवेदनशील समय है। पूरा देश एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ खड़ा है। क्या आप सिक्योरिटी फोर्स का मनोबल गिराना चाहते हैं। ऐसी याचिकाएं कोर्ट में मत लाइए। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, ऐसी जनहित याचिकाएं दायर करने से पहले जिम्मेदारी से काम लें। देश के प्रति भी आपका कुछ कर्तव्य है। आप रिटायर्ड जज से जांच करने के लिए कह रहे हैं। हम जांच (आतंकी हमले) के एक्सपर्ट कब से बन गए। हमारा काम केवल फैसला सुनाना है। हालांकि कोर्ट ने कहा स्टूडेंट की सुरक्षा से जुड़े मुद्दे पर आज हाईकोर्ट जा सकते हैं। इसके बाद तीन याचिकाकर्ताओं में से एक ने याचिका वापस ले ली। किसने दायर की थी पिटीशन जनहित याचिका कश्मीर के रहने वाले मोहम्मद जुनैद ने दायर की थी। याचिकाकर्ताओं में फतेश कुमार साहू और विकी कुमार का भी नाम है। याचिका में ये भी कहा गया है कि केंद्र और जम्मू-कश्मीर सरकार कश्मीर में पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे।



### पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछकर गोली मारी थी

कश्मीर के पहलगाम स्थित बायसरन घाटी में 22 अप्रैल को आतंकी हमला हुआ था। इसमें 26 पर्यटक मारे गए थे। इसमें एक नेपाल का टूरिस्ट भी शामिल था। आतंकियों ने पर्यटकों का धर्म पूछकर गोली मारी थी। हमले की जिम्मेदारी पहले द रेजिस्टेंस फ्रंट ने ली थी, हालांकि बाद में इससे मुकर गया था। पहलगाम हमला मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी कर रही है। एनआईए ने मामले में 27 अप्रैल को जम्मू में केस दर्ज किया था।

## गुजरात के खेड़ा में 5 भाई-बहनों समेत

### 6 की मौत : नदी में नहाते समय सभी डूबे, गर्मी की छुट्टियां बिताने चाचा के घर आए थे

बढ़ता राजस्थान

**अहमदाबाद।** गुजरात में खेड़ा जिले के महमदाबाद में बुधवार शाम को नदी में डूबने से मामा-बुआ के 5 बच्चों समेत 6 की मौत हो गई। देर रात तक चार के शव निकाल लिए गए थे। जबकि, आज सुबह दो अन्य शव निकाले गए। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिवार को सौंप दिए गए और सभी का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। कनीज गांव के सरपंच ने बताया कि यहां रहने वाले सोलंकी परिवार के लोग हादसे का शिकार हुए हैं। गर्मी की छुट्टियां होने के चलते रामजीभाई सोलंकी के यहां उनके रिश्तेदार भी आए हुए थे। बुधवार की शाम परिवार के 6 सदस्य मेश्वो नदी में में नहाने गए थे।




## 26/11 मुंबई हमला मामला : एनआईए को तहव्वुर राणा के वॉयस और हैंडराइटिंग सैंपल लेने की इजाजत मिली, दिल्ली कोर्ट का फैसला

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की एक अदालत ने एनआईए को 26/11 मुंबई हमले का मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा के वॉयस और हैंडराइटिंग सैंपल लेने की इजाजत दे दी है। एनआईए स्पेशल कोर्ट के जज चंद्रजीत सिंह ने यह फैसला दिया।

राणा को अमेरिका से प्रत्यर्पण के बाद 10 अप्रैल को स्पेशल प्लेन से भारत लाया गया था। एनआईए की एक टीम उसे लाने गई थी। प्रत्यर्पण टॉप-सीक्रेट मिशन ऑपरेशन राणा के तहत हुआ था। भारत लाने के बाद 10 अप्रैल को दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में उसे पेश किया गया था। उसके बाद उसे एनआईए की कस्टडी में भेज दिया गया था। 30 अप्रैल को कोर्ट ने कस्टडी 12 मई तक बढ़ाई थी।



राणा को शिकागो में अक्टूबर 2009 में अमेरिकी एजेंसी एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। उस पर मुंबई के 26/11 और कोपेनहेगन में आतंकी हमले को अंजाम देने के लिए जरूरी सामान मुहैया कराने का आरोप था। 26 नवंबर, 2008 को 10 पाकिस्तानी आतंकवादियों ने समुद्री मार्ग से मुंबई में घुसने के बाद रेलवे स्टेशन, दो होटलों और एक यहूदी केंद्र पर हमला किया। लगभग 60 घंटे तक चले हमले में 166 लोग मारे गए थे।

पाकिस्तानी सेना में डॉक्टर रहा, कनाडा का नागरिक है राणा 64 साल का तहव्वुर राणा पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक है। राणा पाकिस्तानी सेना में डॉक्टर के तौर पर काम करता था। इसके बाद वह 1997 में कनाडा चला गया और वहां इमिग्रेशन सर्विसेस देने वाले बिजनेसमैन के तौर पर काम शुरू किया। कनाडा से वह अमेरिका पहुंचा और शिकागो सहित कई लोकेशंस पर फर्स्ट वर्ल्ड इमिग्रेशन सर्विसेज नाम से कंसल्टेंसी फर्म खोली। अमेरिकी कोर्ट के दस्तावेजों के मुताबिक, राणा कई बार कनाडा, पाकिस्तान, जर्मनी और इंग्लैंड भी गया था। वह लगभग 7 भाषाएं बोल सकता है। मुंबई हमले के मास्टरमाइंड डेविड हेडली के बचपन का दोस्त है राणा डेविड हेडली मुंबई हमले का मास्टरमाइंड था। तहव्वुर उसका बचपन का दोस्त था, जिसने इस हमले को अंजाम देने में उसकी मदद की थी। राणा को पता था कि हेडली लश्कर-ए-तैयबा के साथ मिलकर काम कर रहा है। हेडली की मदद करके और उसे आर्थिक मदद पहुंचाकर राणा आतंकी संस्था और उसके साथ आतंकियों को भी सपोर्ट कर रहा था। राणा को जानकारी थी कि हेडली किससे मिल रहा है, क्या बात कर रहा है। उसे हमले की प्लानिंग और कुछ टारगेट्स के नाम भी पता थे। तहव्वुर राणा को 2009 में एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। राणा को अमेरिका में लश्कर-ए-तैयबा का समर्थन करने के लिए दोषी ठहराया गया था। अब तक वह लॉस एंजिलिस के एक डिटेंशन सेंटर में बंद था।

26 नवंबर 2008 को मुंबई में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने हमले किए। ये हमले चार दिनों तक चले। इन हमलों में कुल 175 लोग मारे गए, जिनमें 9 हमलावर भी शामिल थे और 300 से अधिक लोग घायल हुए।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38, चौमू हाउस, सी-स्कीम, जयपुर (राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा, बहरोड़,, सुजानगढ़, रावतभाटा, अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू, खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू, टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

## आईजी राहुल प्रकाश ने पुलिस अधिकारी व सीएलजी सदस्यों की बैठक ली

# पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के कार्यों की प्रशंसा

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** रीको स्थित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में भरतपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश ने सीएलजी सदस्य गणमान्य लोगों व वह पुलिस अधिकारियों की बैठक में वृत क्षेत्र के अपराध रोकने में मुस्तदी से कार्य करने पर पुलिस कर्मियों की प्रशंसा की। इस अवसर पर सदस्यों एवं रीको मंडल द्वारा आईजी राहुल प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय का साफा व माला पहनाकर सम्मान किया। भरतपुर रेंज के आईजी राहुल प्रकाश ने रीको स्थित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र पाल सिंह की कार्यालय परिसर में आयोजित बैठक में संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के द्वारा की गई एनडीपीएस की कार्रवाई एवं अवैध माइनिंग की कार्रवाई पर संतोष व्यक्त करते हुए पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय सीएलजी सदस्यों एवं गणमान्य लोगों का पुलिस को मिल रहे सहयोग की भी प्रशंसा। इस अवसर पर सीएलजी सदस्यों ने रिको में पुलिस चौकी पर जवान बढ़ाने की मांग एवं रात्रि गस्त को सुद्राढ बनाने की मांग सीएलजी सदस्यों ने कहा कि स्कूल जाने वाली छात्राओं को मनचले बाइक वाले परेशान करते हैं। तथा बुलेट गाड़ियों में फटाका लगाकर उनके समीप आवाज कर भयभीत करते हैं। जिससे शहर की छात्राएं परेशान रहती हैं। विद्यालयों के आसपास मंडराने वाले मनचलों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाने की मांग की। मोहन नगर स्थित खाटू श्याम जी के मंदिर पर एकादशी के दिन श्रृद्धालुओ कि आवक ज्यादा रहती है। इसको देखते हुए पुलिस ग्रस्त बढ़ाने की मांग की। इस पर आईजी राहुल प्रकाश ने पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए की बुलेट गाड़ियों में धमाके की आवाज करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए इस कार्य में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने सीएलजी सदस्य द्वारा आईजी राहुल प्रकाश को बताई गई समस्याओं का तत्काल रूप से समाधान कराया जाएगा। पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने कहा कि हिंडौन में भाईचारा एवं सुहाग्रा पूर्ण माहौल बनाने में सराहनीय भूमिका निभाई है।

हमेशा से शहर भाईचारे एवं स्वादपूर्ण माहौल के लिए जाना जाता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि डैम्परोड रोड से चोपड़ सर्किल तक बाजार में अतिक्रमण से परेशानी को देखते हुए कार्य योजना तैयार कर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। रीको स्थित पुलिस चौकी में पुलिस जवान तैनात करने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र पाल सिंह को निर्देशित किया। सीएलजी बैठक में आईजी राहुल प्रकाश पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र पाल सिंह,सीओ गिरधर सिंह टोडाभीम सीओ मुरारी लाल मीणा, नई मंडी थाना अधिकारी कुलदीप सिंह, कोतवाली थाना प्रभारी महावीर प्रसाद, सदर थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा, टोडाभीम थानाधिकारी कैलाश चंद मीणा नादौती थानाधिकारी वीर सिंह गुर्जर, सूरौठ, थाने के एएसआई रामनिवास तथा सीएलजी सदस्य रीको मंडल अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, ओम प्रकाश शर्मा विष्णु जिंदल, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष वासुदेव शर्मा, ब्राह्मण समाज के तहसील अध्यक्ष अशोक शर्मा, पूर्व उपसभापति नफीस अहमद, भारत सोलंकी,लज्जा रानी,मोहन गुप्ता, मुरारी लाल सिंघल, भाजपा मंडल अध्यक्ष बबली चतुर्वेदी, राजेश तिवारी, आदि मौजूद रहे।

# जेएनवीयू में कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य पर दो दिवसीय सेमिनार आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर।** उदयपुर की मनोवैज्ञानिक डॉ.अजू गिरी ने जोधपुर के जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की ओर से दो दिवसीय सेमीनार में भाग लेकर विषय पर सारगर्भित बात रखी। सेमिनार की थीम डब्ल्यूएचओ द्वारा वर्ष 2024 कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य थी। इस सेमिनार को पद्म विभूषण रतन टाटा को समर्पित किया। ऑल इंडिया की ओर से आयोजित इस सेमिनार के अंतर्गत शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य एवं उद्यम जगत के नामी गिरामी हस्तियों ने शिरकत की। सेमिनार के प्रथम दिन अनुराग लोहिया, अध्यक्ष, जोधपुर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, रिचा, प्राइमरी एकेडमिक समन्वयक, मयूर चौपासनी स्कूल गिरिश चौहान, अनुभाग अधिकारी, गोपनीय शाखा जनाविवि जोधपुर एडवोकेट खुशबू व्यास वालि कार्यकारिणी सदस्य राजस्थान उच्च न्यायालय, रजनी शेखावत, जिला शिक्षा अधिकारी जोधपुर, डॉ. चन्द्रशेखर गुप्ता, मनोचिकित्सक एम्स, जोधपुर डॉ. विक्रम कल्ला, चिकित्सक एवं सोनोलॉजिकर डॉ, जेपी सोनी. पीडियाट्रिशीयन जोधपुर, डॉ. प्रीती शर्मा प्रसूतिशास्त्री जोधपुर, डॉ. गुप्ता, नैदानिक मनोचिकित्सक एम्स, जोधपुर तथा भावना सती न्यूट्रिशीयन एवंगस्टमाउक्रक्रेफोन न्यूट्रशनलिस्ट आदि ने विचार-विमर्श किया तथा श्रोताओं के प्रश्नो का उत्तर दिया। सेमिनार के दूसरे दिन तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत प्रथम सत्र में डॉ. अंकिता शर्मा, प्रो. मनोविज्ञान आईआईटी द्वारा बियोन्ड रेसिलिन्स फोस्टेरिंग साईकोलोजिकल एजिलिटी एण्ड ग्रोथ इन द फोस ऑफ वर्क प्लेस डिमान्ड पर उद्बोधन दिया। डॉ. राखी व्यास ने सत्र में सह-अध्यक्ष की भूमिका निभाई विशेष व्याख्यान के तौर पर डॉ. विश्व चौधरी ने अपने विचार रखे। द्वितीय सत्र की अध्यक्षता डॉ. अंजु गिरी ने की जिसमें उन्होंने मेन्टल हेल्थ फर्स्ट एड पर अपनी बात को पुख्ता रूप से रखा। डॉ. गिरी द्वारा कॉर्पोरेट जगत में मन एवं शरीर के संबंध पर व्याख्यान दिया। वत्र की सह- अध्यक्ष डॉ. सीमा गौड ने अक्षमता एवं मानसिक स्वास्थ्य पर उद्बोधन दिया। विशेष व्याख्यान डॉ. तनु गुप्ता नैदानिक मनोवैज्ञानिक एम्स जोधपुर द्वारा पेशेवरी के तनाव प्रबंधन पर दिया गया। तीसरे सत्र की अध्यक्षता डॉ. गुरूराजा विभागध्यक्ष पीडियास्ट्रीक मिलिट्र हॉस्पीटल जोधपुर द्वारा की गई। उन्होने बर्न आउट और कार्यजीवन संतुलन पर अपने विचार रखें। विशेष व्याख्यान निष्ठा शर्मा ने कार्यस्थल पर कर्मयोग पर दिया गया। तकनीकी सत्र के अंतर्गत मनोविज्ञान के छात्र-छात्राओं ने शोध किया। विभागाध्यक्ष डॉ हेमलता जोशी एंव अर्पिता कक्कड़ ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



# सोजतिया ग्रुप इस वर्ष भी करेगा 10 हजार परिंडों एवं चुग्गा पोट का वितरण

### नीरजा मोदी में बांटे एक हजार परिंडे, चुग्गा पोट व चावल के पैकेट

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** भीषण गर्मी को देखते हुए प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी परिंडा वितरण कार्यक्रम के तहत दस हजार परिंडों व चुग्गा पोट का वितरण तीन चरणों में किया जा रहा है।

सोजतिया ग्रुप के फाउंडर प्रो. रणजीत सिंह सोजतिया ने बताया कि पहले चरण में महावीर जयंती पर टाउन हॉल में पांच हजार परिंडे, चुग्गा पोट व चावल का पैकेट का वितरण किया गया। दूसरे चरण में आज नीरजा मोदी विद्यालय में एक हजार परिंडे, चुग्गा पोट एवं चावल के पैकेट वितरित किए गए। सभी बच्चों ने संकल्प किया कि वे इन परिंडो और चुग्गा पोट को अपने घरों की छतों, बालकनी या घर के आसपास लगाकर नियमित रूप से पक्षियों के लिए दाने और पानी की व्यवस्था करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक उदयपुर शहर ताराचंद जैन, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय डॉ. लोकेश भारती,समाज सेवी डॉ. जिनेंद्र शास्त्री थे। इनके साथ चैयरमेन डॉ. महेंद्र सोजतिया,सेक्रेटरी रीना सोजतिया, ट्रस्टी डॉ. ध्रुव सोजतिया एवं नेहल सोजतिया, डायरेक्टर साक्षी सोजतिया ,एडवाइजर डॉ. मुकेश श्रीमाली व शुभा गोविल, प्राचार्य डॉ बृजराज सिंह बाघेला,जे. सी. बिश्वास, राजेश सामर, सुरेश सामर व मनीष सामर भी उपस्थित थे। विधायक जैन ने अपने उद्बोधन में पक्षियों की सुरक्षा करने,उनके प्रति करुणा एवं दया का भाव रखने के लिए कहानी के माध्यम से बच्चों को प्रेरित किया। इसी प्रकार डॉ लोकेश भारती ने बच्चों से कहा कि वे सब्जियों व फलों के बीजों को एकत्रित कर सीड बॉल बनाकर बारिश के मौसम में गीली मिट्टी में पौधे लगाएं,जिससे भविष्य में पक्षियों को अपने घरौंदे बनाने के लिए सुरक्षित स्थान मिल सके। डॉ.जिनेन्द्र शास्त्री ने बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा कि नीरजा मोदी के बच्चों में छोटी उम्र से ही जीवों के प्रति दया भाव होना मानवता का संकेत है तथा जब भी पशु पक्षियों के प्रति कर्तव्य और जिम्मेदारी की बात आएगी, सोजतिया ग्रुप की इस पहल को अवश्य याद रखा जाएगा। चेयरमैन डॉ महेंद्र सोजतिया ने बच्चों को बताया कि गर्मी के मौसम में इन पक्षियों के लिए पानी और भोजन की कमी रहती है। अत: हमारा कर्तव्य है कि हम अपने घरों के आसपास परिंडे लगाएं और इन पक्षियों का जीवन बचाएं। उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया कि पक्षियों के प्रति दया भाव रखते हुए वे इन परिंडो को अवश्य लगाएं और नियमित रूप से उनके लिए दाना और पानी डालें। निदेशिका साक्षी सोजतिया ने भी बच्चों को प्रेरणा देते हुए कहा कि पशु पक्षियों की सेवा करना हमारा धर्म है। उन्होंने कहा कि किसी छायादार स्थान पर परिंडो में पानी तथा चुग्गा पोट में दाना भरकर रखना चाहिए । परिंडे ऐसे स्थान पर बांधे जाने चाहिए जहां पक्षियों की नजर आसानी से पड़ सके और वे भोजन प्राप्त कर सकें।

## श्रुति स्कूल ऑफ म्यूजिक में कैट वुमेंस विंग उदयपुर की बिजनेस वर्कप्लेस विजिट आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** श्रुति स्कूल ऑफ म्यूजिक में कैट वुमेंस विंग उदयपुर की बिजनेस वर्कप्लेस विजिट का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संगीत के छात्रों ने अपनी सांगितिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इसके पश्चात श्रुति स्कूल ऑफ म्यूजिक की निदेशक शिखा बहल ने स्वागत उद्बोधन दिया और विद्यालय का परिचय कराया। आराध्या ने गणेश वंदना पर नृत्य प्रस्तुति दी। राजवीर शर्मा ने एकल तबला वादन प्रस्तुत कर श्रोताओं को आनंदित किया। गायन के छात्रों ने राग यमन का ख्याल प्रस्तुत किया, जबकि नृत्य की छात्राओं ने भाव नृत्य प्रस्तुत किया। सुश्री धरा बायवत और अर्पिता शर्मा का युगल नृत्य और तितिक्षा आर्या का एकल नृत्य रहा। तितिक्षा आर्या ने धमार ताल में आमद से अपना नृत्य आरंभ किया और परन, तोड़े, कवित्त आदि प्रस्तुत कर श्रोताओं से तालियां सराहीं। नन्हीं कलाकार सुश्री यवी आचार्य ने त्रिताल में नृत्य प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कैट वुमेंस विंग उदयपुर की अध्यक्ष श्रीमती विजय लक्ष्मी गलुंडिया और विशिष्ट अतिथि कैट वूमन विंग की सचिव श्रीमती सोनू जैन थीं। श्रीमती विजय लक्ष्मी गालुंडिया और श्रीमती सोनू जैन ने बच्चों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। कैट वुमेंस विंग उदयपुर के सदस्यों ने पहलगाम में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मोमबत्ती जलाकर उन्हें नमन किया। श्रीमती शिखा बहल ने श्रुति स्कूल ऑफ म्यूजिक में आगामी मई से शुरू होने वाले ग्रीष्मकालीन शिविर की जानकारी दी और धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सीमा जैन ने किया।

### डॉ. अम्बेडकर विचार मंच समिति की आम सभा 11 मई को, समिति के ब्लॉक अध्यक्ष पद पर होगा चयन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा।** डॉ. अम्बेडकर विचार मंच समिति कोटपूतली ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचन हेतु समस्त सदस्यों की आम सभा आगामी 11 मई को दोपहर 11 बजे रामसिंहपुरा रोड़ स्थित डॉ. अम्बेडकर छात्रावास में होगी। समिति के जिलाध्यक्ष पूरणसिंह ने बताया कि आम सभा में समिति के ब्लॉक अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से निर्विरोध चयन किया जायेगा। ऐसा नहीं होता है तो इसी आम सभा में चुनाव अधिकारी तिथि, सदस्यता, चुनाव समिति का गठन आदि के सम्बंध में प्रस्ताव लेकर चुनाव प्रक्रिया विधिवत् सम्पन्न करवाई जायेगी। साथ ही अन्य बिन्दुओं पर भी चर्चा होगी।

### अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** ऐश्वर्या कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में सभी प्राचार्यों के साथ सभी शिक्षक गणों ने अपनी सहभागिता दी। प्राचार्य डॉ रितु पालीवाल ने कहा कि यह दिन श्रमजीवियों के योगदान को सम्मानित करने के लिए और उनको अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य बनाया जाता है।

## रो दीपक सुखाड़िया का प्रांतपाल निर्वाचित होने पर रोटरी हेरिटेज सदस्यों ने किया सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** रोटरी क्लब उदयपुर हेरिटेज के चार्टर सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष रो दीपक सुखाड़िया का रोटरी प्रांत 3056 वर्ष 2027-28 के प्रांतपाल निर्वाचित होने पर क्लब सदस्यों द्वारा भावपूर्ण स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। क्लब अध्यक्ष प्रो. दीपक शर्मा ने बताया कि हेरिटेज क्लब की स्थापना के 16 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित अभिनंदन समारोह में रो दीपक सुखाड़िया एवं निमिषा सुखाड़िया को उपस्थित सभी क्लब सदस्यों ने 16 किलो वजनी पुष्पमाला से बधाई देते हुए खुशी और हर्षोल्लास के साथ सम्मानित किया। प्रारंभ में स्वागत उद्बोधन देते हुए अध्यक्ष प्रोफेसर दीपक शर्मा ने बताया कि रोटरी उदयपुर हेरिटेज क्लब से प्रथम बार किसी सदस्य का निर्वाचन प्रांतपाल पद पर हुआ है जिसका सभी सदस्यों को गर्व है।

रो अनुभव लाडिया ने डीजी दीपक सुखाड़िया का जीवनवृत प्रस्तुत करते हुए उनकी सराहनीय रोटरी सेवाओं को वर्णित किया। प्रांतपाल डॉ राखी गुप्ता, पूर्व प्रांतपाल निर्मल सिंघवी, निवर्तमान प्रांतपाल निर्मल कुनावत, सहायक प्रांतपाल जयेश पारिख, जोनल समन्वयक संगीता मूंदड़ा, सहित प्रांत के सभी वरिष्ठ रोटेरियन ने शुभकामनाएं दी।

रो दीपक सुखाड़िया ने अपने विचार व्यक्त करते हुए ईश्वर एवं परिवार के आशीर्वाद से अर्जित अपनी उपलब्धियों के लिए रोटरी हेरिटेज परिवार के सभी सदस्यों द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण योगदान के लिए आभार जताया। उन्होंने सभी सदस्यों से आने वाले वर्षों में सेवा कार्यों के लिए तत्पर रहते हुए रोटरी हेरिटेज को प्रांत के सर्वश्रेष्ठ क्लब के रूप में स्थापित करने का आव्हान किया।

क्लब सदस्यों धीरेन्द्र व मंजू सचान, दिनेश और तमन्ना सुहालका, राजकुमार एवं अंजू टाया, गजेंद्र और नीलम सुयल, डॉ दीपक एवं मंजू शर्मा, विजय वाधवानी, संजीव जोधावत, रविन्द्र पारख, दीपक गोयल, राहुल गुप्ता, आदि ने प्रांतपाल निर्वाचित दीपक सुखाड़िया और निमिषा सुखाड़िया का उपर्णा और माल्यार्पण से अभिनंदन किया। उल्लेखनीय है कि राजस्थान के 18 राजस्व जिलों में विस्तारित प्रांत 3056 के 81 क्लबों को रो दीपक सुखाड़िया द्वारा प्रांतपाल के रूप में वर्ष 2027-28 के दौरान नेतृत्व प्रदान किया जाएगा।

## परिंडा वितरण कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर।** जेएसजी संगिनी विजय की ओर सेवा कार्यों की अनवरत श्रृंखला में संगिनी विजय द्वारा पक्षियों के लिए 'परिंडा वितरण' कार्यक्रम आयोजन के साथ ही प्रात: कालीन भ्रमण व योगा का कार्यक्रम भी रखा गया। अध्यक्षा प्रियंका तलेसरा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: 7 बजे स्वरुप सागर पाल पर मॉर्निंग वॉक से की गई फिर व्यायाम व हास्य योगा गगन तलेसरा के नेतृत्व में किया गया। जिसमें सभी हंसी खुशी से प्रफुल्लित हो गए सभी ने कहा ऐसे कार्यक्रम और रखें। कार्यक्रम के अंत में 'पहलगाम में मारे गए व्यक्तियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ततपश्चात हेडगेवार पार्क गेट पर परिंडो का वितरण किया गया, प्रत्येक परिंडे के साथ में गुड़ भी दिया गया। 'परिंडा वितरण सेवा कार्य के लाभार्थी मधु खमेसरा, ट्विंकल नाहर, रंजना छाजेड व निर्मला वडाला रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने चौगान जैन मंदिर भोजनशाला में नवकारसी का लाभ लिया। नवकारसी के लाभार्थी परिवार श्रीमती ललिता सियाल एवं श्रीमती अनीता नाहर थे। सभी संगिनी बहिनों का, सभी भामाशाहों का, सयोजिका एवं कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी का आभार सचिव निर्मला बड़ाला द्वारा दिया गया।

# मजदूर दिवस पर मनरेगा कार्मिकों को जॉब कार्ड का वितरण

### दुनिया के मजदूरों एक हो, नारा साकार करने की बात

### देश व समाज के निर्माण में मजदूरों का महत्वपूर्ण योगदान



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में पावटा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में पंचायत स्तरीय कार्यक्रम आयोजित कर श्रमिक दिवस मनाया गया। इसी क्रम में ग्राम पंचायत सुजातनगर के मिनी सचिवालय में महिला प्रशासक विनोद देवी की अध्यक्षता में श्रमिक दिवस का आयोजन कर मजदूरों के हितों से सम्बंधित जानकारी दी गई।

मुख्य अतिथि डॉ. मोहन लाल जाट ने श्रमिकों की समस्याएं सुनी और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करने का प्रयास किया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाने का उद्देश्य 1886 में शिकागो के हैय मार्केट में बम धमाके में मृत व्यक्तियों को श्रद्धांजलि देना और 'दुनिया के मजदूरों एक हो' नारे को साकार कर उन्हें एक सूत्र में बांधने की बात कहीं। प्रशासकीय सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता संजय कुमार खारड़िया ने कहा कि मजदूर दिवस मनाने की शुरुआत 01 मई 1886 को हुई थी। उन्होंने बताया कि अमेरिका के मजदूर संघों ने मिलकर 08 घंटे से ज्यादा काम नहीं करने का निश्चय कर हड़ताल की थी, इस हड़ताल के दौरान शिकागो की हेमार्केट में बम ब्लास्ट हुआ। जिससे निपटने के लिए पुलिस ने मजदूरों पर गोली चला दी। इसमें करीब सौ से ज्यादा लोग घायल हुए। हैय मार्केट नरसंहार में मारे गये निर्दोष लोगों की याद में 01 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश व समाज के निर्माण में मजदूरों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इस मौके पर मनरेगा श्रमिकों को मिठाई खिलाकर उनके कामकाज की स्थिति जानी व मनरेगा कार्मिकों को जॉब कार्ड का वितरण किया। राज्य सरकार के नियमानुसार होने वाले प्रथम गुरुवार का पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम भी रखा गया। इस दौरान पंचायत प्रशासनिक प्रतिनिधि हरीराम कटारिया, वीडियो सुशिला मीणा, राम कुमार आर्य, पूरण आर्य, हजारी लाल बबेरवाल, बालाराम गुर्जर, राम खिलाडी जाट, हरीराम, रतीराम आर्य, ममता टांक समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# उफ्फ ये गर्मी... गर्मी के तेवर से लोग हुए परेशान





## - न्यूनतम तापमान में आया 6 डिग्री उछाल
## - दिन का तापान स्थिर,
## - दोपहर में रहा सडक़ो पर सन्नटा

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** दिन आसमान में सुर्यदेव का ताप अपने पूरे जोर पर रहा जिससे लोगो के हाल बेहाल हो गए। जिले में अलसुबह से ही दिन में बदन झुलसा देने वाली धूप लोगो को काफी परेशान कर रही है। जिले सहित आसपास क्षेत्र में अलसुबह से ही आसमान में सुर्यदेव के प्रकोप से धुप का प्रभाव काफी तेज रहा जिससे लोगो के शरीर पर धुप चुभने लगी। वहीं अप्रेल माह के आखरी दिन अधिकतम तापमान 41 डिग्री पहुंच गया। जिससे जिले में गर्मी अत्यधिक बढ़ गयी। वहीं तेज गर्मी से बचने के लिए लोग अलग-अलग जतन करते दिखाई दिए। वहीं, दोपहर के बाद की कडक़ धुप लोगो को सडक़ो पर दुपट्टे का सहारा लेने को मजबूर कर दिया। इसके अलावा तेज धुप से बचने के लिए लोग चश्में, गचछें, हाथों के दस्ताने आदि चीजो का इस्तेमाल करते दिख रहे है। दोपहर के बाद सडक़ो पर चहल-पहल कम रही। दोपहर में तेज गर्मी की चुभन व उमस से लोग परेशान है। इस भीषण गर्मी के कारण घरो, दफ्तरों व दुकानों में कूलर-एसी चलने के बाद भी लोगो के पसीने छूट रहे है। ऐसे में मई-जून में अपने वाली गर्मी के बारे में लोग सोच कर ही परेशान हो रहे है। अलसुबह से ही तेज गर्मी का आलम शाम 6 बजे तक रहा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आगामी दिनों में गर्मी का प्रभाव और बढ़ेगा।

### दोपहर में सडको पर सन्नाटा

जिले में गर्मी इन दिनों अपने पूरे तेवर दिखा रही हैं। इस भीषण गर्मी से जनजीवन अत्यधिक अस्त-व्यस्त हो गया हैं। इस भीषण गर्मी के कारण शहर में घर से निकलने वाले लोग चेहरा सहित पूरे शरीर को ढककर चलना पड़ रहा हैं। जिससे तेज धूप से शरीर की सुरक्षा होती रहें। लोग इस बढ़ती तेज गर्मी से बचने के लिए तरह-तरह के उपाय कर रहे है। फिर भी गर्मी के साथ लोगो की परेशानीयां कम होने का नाम नही ले रही हैं। इस बदलते मौसम के कारण बढ़ती तेज गर्मी और बादलों से लोगो की हालत पर बुरा प्रभाव पड़ रहा हैं। इसके साथ ही गर्म हवा के थपेडों ने लोगो को आग की लपटो सा अहसास करा दिया हैं। तपती तेज गर्मी के कारण शहरवासियों को घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा हैं। दिन भर गर्म हवा से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। बुधवार को जिले में अधिकतम तापमान 41 एवं न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा। इसके साथ ही दिन की तेज धुप के साथ-साथ रात में भी गर्मी लोगो को खासा परेशान कर रही हैं। वहीं, दोपहर के बाद सडक़ों पर सन्नाटा पसर रहा हैं। गर्मी के कारण बाजार में दोपहर के बाद लोगो की आवाजाही कम होने से दुकानों में व्यवसाही आराम करते दिखाई दिए। तपती गर्मी के कारण लोग जरूरी काम से ही बाहर निकलते दिखे। दोपहर व रात के समय में बिजली के गुल होने से लोग गर्मी के मारे घरो में तिलमिला रहे हैं। लोग इस तेज गर्मी से बचने के लिए ठंड पेय पदार्थ का सहारा ले रहे। वहीं, जिले में तेज गर्मी होने से लोगो की इन दिनों कोल्ड ड्रिंक, आइसक्रीम, आम व गन्ने के ज्यूस की दुकानों के प्रति नजदीकियां बढ़ गई हैं।

# शिवपुराण कथा में घुसी गैंग
## मोबाइल-चेन और पर्स चोरी की एक दर्जन वारदातों को दिया अंजाम
### पुलिस ने 25 संदिग्ध महिलाओं को दबोचा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** विद्याधर नगर स्टेडियम में चल रही शिवपुराण कथा में सक्रिय गैंग ने एक दर्जन से अधिक मोबाइल,चेन और पर्स की चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है। वारदात का पता लगने पर कथा स्थल पर हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद पुलिस को पीड़ितों ने आपबीती बताई। इस पर पुलिस ने कथा के दौरान ही सर्च अभियान चलाया और 25 संदिग्ध महिलाओं को गिरफ्तार किया है। इन संदिग्ध महिलाओं से पूछताछ करने के साथ उनका क्रिमिनल रिकॉर्ड भी खंगाला रहा है। थानाधिकारी राकेश ख्यालिया ने बताया कि गुरुवार को शुरू हुई शिवपुराण कथा में कुछ लोगों की चेन, मोबाइल सहित अन्य सामान चोरी होने की जानकारी मिली थी। फिलहाल इस सम्बंध में किसी ने कोई मामला दर्ज नहीं करवाया है। लेकिन शिकायत के आधार पर मौके पर ही जांच कथा में मौजूद 25 संदिग्ध महिलाओं को पकड़ा है और उनके पूछताछ की जा रही है। इन महिलाओं से चोरी किए सामान बरामद करने के साथ इनका अपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है।

# एसएमएस हॉस्पिटल में छत का हिस्सा गिरने से दो मरीज घायल
## सर्जिकल वार्ड में हुए हादसे से पेशेंट्स के होट-सिर और आंख के पास चोट लगी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में गुरुवार को छत का एक हिस्सा गिरने से दो मरीज घायल हो गए। मरीज के होट- सिर और आंख के पास चोट आई है। हादसे के बाद वहां मौजूद अन्य मरीजों, उनके परिजनों और स्टाफ के सदस्यों में हड़कंप मच गया। घटना सर्जिकल वार्ड में गुरुवार सुबह 10.30 बजे हुई थी। हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी ने बताया कि इस घटना में दो मरीजों के चोट आई है। दोनों मरीजों को चोट लगने के बाद ट्रीटमेंट दे दिया है। उनको दूसरी जगह शिफ्ट किया गया है। इस घटना से चोटिल हुए एक मरीज के चेहरे पर गहरे जख्म हो गए। उसके होट, सिर और आंख के पास कट लग गया। इससे काफी खून बहा। घटना सर्जिकल यूनिट-3 के एच वार्ड की है। सर्जरी डिपार्टमेंट एचओडी डॉ. ओम प्रभा ने बताया कि घायल हुए दोनों मरीजों को घटना के बाद हाथों-हाथ ओटी में लेकर गए और दोनों के घावों का उपचार करके उनके टांके लगाए गए हैं। दोनों मरीज अब ठीक है। जो हिस्सा गिरा वह देखने में बिल्कुल ठीक लग रहा था। वहां न कोई लीकेज था, न ही कोई सीलन जैसी स्थिति। सुबह अचानक डक्टिंग के पास एक बड़ा हिस्सा अचानक सीधे मरीज पर गिरा। इस कारण दो पलंग भी टूट गए। इसके अलावा टेबल भी टूट गई। हादसे पर निजी अस्पताल संगठन के प्रेसिडेंट डॉ. विजय कपूर ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जो इसमें जिम्मेदार है, उन पर कार्रवाई होनी चाहिए। अगर यह हादसा किसी प्राइवेट हॉस्पिटल में होता तो सरकार उस अस्पताल संचालक के खिलाफ कार्रवाई करती है। अगर कोई मरीज अस्पताल में अपना इलाज करने के लिए आता है तो उसकी सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी अस्पताल प्रशासन की होती है। ऐसे में सवाई मानसिंह अस्पताल में आज की घटना पर प्रशासन को जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई अवश्य रूप से करनी चाहिए।

# किराना शॉप में लगी भीषण आग: लाखों रुपए का माल जला
### 4 दमकलों ने पाया काबू

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** टोंक रोड पर गुरुवार दोपहर किराना की एक शॉप में भीषण आग लग गई। आग की लपटों से शॉप और गोदाम में रखा लाखों रुपए का माल जल गया। सीतापुरा फायर स्टेशन से पहुंची चार दमकलों ने करीब 20 मिनट की मशक्कत कर आग पर काबू पाया गया। जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगना सामने आ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार टोंक रोड सीताबाड़ी में संजय अग्रवाल की किराना शॉप है। शॉप के ऊपर ही उन्होंने माल रखने के लिए गोदाम बना रखा है। गुरुवार सुबह रोज की तरह उन्होंने दुकान खोली थी दोपहर करीब 11 बजे अचानक शॉर्ट सर्किट से दुकान में आग लग गई। शॉप में मौजूद लोगों ने अपने स्तर पर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की भीषण लपटों को उठता देखकर सभी लोग दुकान से बाहर आ गए। स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल फैल गया। आग लगने की सूचना पर सीतापुरा फायर स्टेशन से दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची। फायर कर्मियों ने करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से दुकान व गोदाम में रखा लाखों रुपए का माल जलकर खाक हो गया।

# एजीटीएफ की कार्रवाई के डर से विदेश में छिपे लॉरेंस के गैंगस्टरों ने बदले ठिकाने
### रोहित गोदारा अब पुर्तगाल से चला रहा गैंग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम (एजीटीएफ) टीम विदेश में बैठे गैंगस्टर पर शिकंजा कसती जा रही है। इस डर से राजू ठेहट, सुखदेव गोगामेड़ी जैसे हत्याकांड को अंजाम देने वाले लॉरेंस गैंग के गैंगस्टर ठिकाने बदल रहे हैं।पिछले दिनों एजीटीएफ ने दुबई से दो और इटली से एक बदमाशों को पकड़ा था।

टीम ने 4 अप्रेल को दुबई से लॉरेंस गैंग के आदित्य जैन उर्फ टोनी को गिरफ्तार किया है। इससे पहले एजीटीएफ जुलाई 2024 में लॉरेंस गैंग के अमरजीत विश्नोई को इटली में हाउस अरेस्ट करा चुकी है। इस मामले का अब इटली के कोर्ट में ट्रायल चल रहा है। पुलिस के पास 50 से अधिक वांटेड बदमाशों के बारे में जानकारी है, जो वारदात के बाद विदेश में छिपे बैठे हैं। पुलिस अब तक 24 बदमाशों के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवा चुकी है। एजीटीएफ की टीम आखिर विदेशों में छुपे बैठे गैंगस्टर को वापस लाने के लिए काम कर रही है।

### दुबई में कसा शिकंजा तो दूसरे देश भागे

राजस्थान में कई वारदात कर चुके वांटेंड गैंगस्टर पुलिस की सख्ती बढ़ने पर फर्जी पासपोर्ट के सहारे दुबई भागे थे। जब से एजीटीएफ ने दुबई में इन गैंगस्टर की धरपकड़ के लिए शिकंजा कसना शुरू किया तो ये वहां से अलग-अलग देशों में भाग गए हैं। इसे गैंगस्टर राजू ठेहट की हत्या के आरोपियों के उदाहरण से समझा जा सकता है। 3 दिसंबर 2022 को सीकर के गैंगस्टर राजू ठेहट की हत्या के बाद रोहित गोदारा गैंग से जुड़े अमरजीत, वीरेंद्र चारण सहित कई बदमाश पहले दुबई भागे। पुलिस ने जब इन्हें पकड़ने की प्लानिंग बनाई तो अमरजीत अक्टूबर 2023 में इटली भाग गया। पुलिस को मिले इनपुट के आधार पर वह साइप्रस होते हुए इटली पहुंचा था।

### एजीटीएफ की रडार पर 50 बदमाश

एजीटीएफ की इंटरपोल विंग के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरोत्तम लाल वर्मा ने बताया कि पुलिस को 50 बदमाशों की तलाश है। उनमें से 20 बदमाश पंजाब के हैं, जो प्रदेश में क्राइम करने के बाद विदेश में छुपे बैठे हैं। शिकंजा कसने के लिए पुलिस सीबीआई की मदद से इनके खिलाफ लगातार रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवा रही है। हाल ही में दुबई से गिरफ्तार कर लाए गए आदित्य उर्फ टोनी भी रेड कॉर्नर नोटिस के बाद पकड़ में आया था। बाकी बदमाशों पर भी इसी तरीके से शिकंजा कसा जा रहा है। इन्हें भारत लाने के लिए पुलिस ने सीबीआई की मदद से रेड कॉर्नर नोटिस जारी कराए गए हैं।

# एआईटीडब्ल्यूपीएफ फेडरेशन कप का आयोजन आज
### 22 से अधिक राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से आए सैकड़ों खिलाड़ी, कोचा, और खेल प्रेमी होंगे शामिल

## यूडब्ल्यूडब्ल्यू बेल्ट रेसलिंग एलिश, टीकेएम, गोरेश, पहलवानी, मास-रेसलिंग, पैंक्रेशन और एमेच्योर एमएमए जैसी होगी प्रतियोगिता




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राष्ट्रीय प्रतियोगिता ऑल राजस्थान ट्रेडिशनल रेसलिंग एंड पैंक्रेशन फेडरेशन की ओर से एआईटीडब्ल्यूपीएफ फेडरेशन कप 2025 का आयोजन 1 से 4 मई 2025 तक सीकर रोड स्थित होटल नीलगिरी जयपुर में होने जा रहा है। ऑल राजस्थान ट्रेडिशनल रेसलिंग एंड पैंक्रेशन फेडरेशन के अध्यक्ष हिम्मत स्वामी तथा महासचिव आमिर खान के नेतृत्व में यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। यह ऑल इंडिया ट्रेडिशनल रेसलिंग एंड पैंक्रेशन फेडरेशन (एआईटीडब्ल्यूपीएफ) की मान्यता प्राप्त सदस्य संस्था है। इसके चलते संस्था के पदाधिकारियों की ओर से प्रतियोगिता का पोस्टर विमोचन किया गया है।

ऑल राजस्थान ट्रेडिशनल रेसलिंग एंड पैंक्रेशन फेडरेशन के अध्यक्ष हिम्मत स्वामी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में यूडब्ल्यूडब्ल्यू बेल्ट रेसलिंग एलिश, टीकेएम, गोरेश, पहलवानी, मास-रेसलिंग, पैंक्रेशन और एमेच्योर एमएमए जैसे खेलों में स्कूल बॉयज़ और गर्ल्स, कैडेट (लड़के और लड़कियां), जूनियर व सीनियर (पुरुष व महिला) श्रेणियों के विभिन्न आयु वर्ग और भार वर्गों में मुकाबले होंगे। साथ ही इस प्रतियोगिता के माध्यम से निम्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। इस आयोजन में 22 से अधिक राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से आए 500 से 700 खिलाड़ियों, कोचों, अधिकारियों और खेल प्रेमियों की उपस्थिति रहेगी। उद्घाटन समारोह का आयोजन 2 मई को सुबह 9.30 बजे किया जाएगा। जिसमें उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

महासचिव आमिर खान ने बताया कि यूडब्ल्यूडब्ल्यू एशियन बेल्ट रेसलिंग एलिश चैंपियनशिप, जो 21 से 26 मई 2025 तक टॉकाटोरा इंडोर स्टेडियम, नई दिल्ली में आयोजित होगी। जिसमें अंडर-15 और अंडर-17 वर्गों से 5 लड़के और 4 लड़कियां चयनित की जाएंगी। साथ ही वर्ल्ड मास-रेसलिंग चैंपियनशिप के लिए अंडर-15, अंडर-17 और सीनियर पुरुष एवं महिला वर्गों से खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

यह प्रतियोगिता भारत में ट्रेडिशनल और कॉम्बैट खेलों को प्रोत्साहित करने और भारतीय खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# पुलिस कांस्टेबल सात हजार रूपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की चित्तौडगढ़ टीम ने गुरूवार को कार्रवाई करते हुए कार्यवाही करते हुए पुलिस थाना लसाडिया जिला सलुम्बर के पुलिस कांस्टेबल किशन लाल शर्मा को सात हजार रूपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि एसीबी चित्तौडगढ़ को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके पार्टनर के शराब के ठेके की एसएचओं के नाम से पुलिस कांस्टेबल किशन लाल शर्मा मंथली के सात हजार रूपये की रिश्वत मांग रहा है। जिस पर एसीबी चित्तौडगढ़ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकम सिंह के नेतृत्व में ट्रेप की कार्रवाई करते हुए पुलिस कांस्टेबल किशन लाल शर्मा को सात हजार रूपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है।

# युवती को भगा ले जाने के मामले में फूटा गुस्सा
### सर्व हिंदू समाज के लोगों ने कलेक्ट्रेट का किया घेराव, प्रदर्शन कर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद।** हिंदू लड़की को समुदाय विशेष के युवक के द्वारा भगाकर ले जाने के मामले में लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। इस मामले को लेकर सर्व हिंदू समाज के लोगों ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट का घेराव किया। कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर लोगों ने जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा को ज्ञापन भी सौंपा। शहर में किशोर नगर मंडा के पास सर्व हिन्दू समाज के लोग इकट्ठा हुए। जहां से हिन्दू समाज के लोग नारेबाजी करते तहसील कार्यालय, जिला परिषद के बाहर होते हुए कलेक्ट्री के गेट नम्बर एक पर पहुंचे। जहां हिंदू लड़की को समुदाय विशेष के युवक के द्वारा भगाकर ले जाने की घटना को लेकर आक्रोश प्रकट करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। इसके बाद समाज के लोगों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर लड़की को परिजनों को सुपुर्द करवाने सहित शहर में आए दिन होने वाली घटनाओं की जानकारी दी।

### प्रेमजाल में फंसाकर भगा ले जा रहे है युवतियां

ज्ञापन में बताया कि समाज विशेष के युवक लड़कियों को प्रेमजाल में फंसाकर भगाकर ले जा रहे है। ऐसे युवकों की पहचान कर घटनाओं पर अंकुश लगाया जाए। साथ ही शहर में कई स्थानों पर असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध रूप से जमीनों पर कब्जा कर अवैध व्यापार किए जा रहे है, जिस पर पुलिस व प्रशासन कार्रवाई करें।

# दरीबा माइंस में बम रखने के मामले में 4 गिरफ्तार
## टिफिन में बनाया था देसी बम, कंपनी कर्मचारी को किया था वॉट्सएप कॉल

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** दरीबा माइंस परिसर में देसी बम रखकर धमकी देने के मामले में रेलमगरा पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। राजसमंद पुलिस अधीक्षक मनीश त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि रेलमगरा थाना इलाके में दरीबा माइंस परिसर में देसी टिफिन बम बनाकर साथ में धमकी भरा पत्र रखने के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। इस मामले में पुलिस ने मास्टर माइंड सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।23 अप्रैल की शाम करीब 7 बजकर 10 मिनट पर कंपनी कर्मचारी हीरालाल को अज्ञात मोबाइल नम्बर से वॉट्सएप कॉल आया। जिसमें बोला गया कि कम्पनी की फैक्ट्री के पास बैक गोल चक्कर दरीबा पर हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड कम्पनी के लिए चेतावनी छोड़ी गई है। कंपनी की जांच में उस स्थान पर एक संदिग्ध पैकेट एवं उसमें धमकी भरा पत्र मिला। जिसमे स्थानीय लोगों को रोजगार देने की मांग की गई थी। बाद में रेलमगरा पुलिस थाने से पुलिस का जाप्ता मौके पर पहुंचा और उदयपुर से बुलाई बीडीएस एक्सपर्ट टीम के द्वारा टिफिन में रखी संदिग्ध वस्तु को डिस्पोज किया गया। इसके बाद रेलमगरा पुलिस मामले की जांच करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की।इसके बाद एएसपी महेन्द्र पारीक के नेतृत्व में स्पेशल टीम का गठन किया गया। घटना स्थल के आसपास के करीब 30 किलोमीटर के दायरे में सीसीटीवी फुटेज खंगाले। साथ ही एक्सप्लोजिव रखने वालों व संदिग्धों से भी पूछताछ की। जिसके बाद पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले मास्टर माइंड हिस्ट्रीशीटर महावीर उर्फ माधु पुत्र सोहनलाल कीर निवासी सांसेरा से पूछताछ की। जिस पर उसने बताया कि रोजगार की मांग को लेकर बम का धमाका कर चेतावनी देने के लिए दिनेशनाथ, अनिल धोबी व जावेद के सहयोगबम बनाने में टिफिन में लोहे की छड़ियों के टुकड़े, डेटोनेटर व एक्सप्लोजिव भरकर टिफिन में छेद कर वायर बाहर निकाल दिया गया और घटना स्थल पर लगा दिया गया।

पुलिस ने इस मामले में चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जिनमे महावीर कीर उर्फ माधु (35) पुत्र सोहन लाल कीर निवासी सांसेरा, दिनेश नाथ (25) पुत्र बद्रीनाथ निवासी छंडगा खेड़ी, अनिल कुमार धोबी (35) पुत्र हजारी लाल धोबी निवासी सांसेरा, मोहम्मद जावेद (22) पुत्र अजीज हुसैन निवासी सांसेरा को गिरफ्तार किया गया। मास्टरमाइंड महावीर के खिलाफ 19 मामले दर्ज है।

# मानवाधिकार संगठन की अहम बैठक, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह ने दिया दिशा-निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (बाबू अंसारी)।** प्रतिनिधि ग्लोरियस वेंकट, जयपुर में अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन की राजस्थान प्रदेश कोर कमेटी की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष श्याम सुंदर पारीक ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह (अलवर) उपस्थित रहे। इस दौरान राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेश पाठक, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील कुमार सैनी, राष्ट्रीय प्रभारी महिला विंग चमन कंवर, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश कुमार जांगीड़, प्रदेश महासचिव उमेश कुमार शर्मा, महिला विंग से रीना सच्चर, प्रदेश उपाध्यक्ष सचिव बीना, प्रदेश सचिव रामौतार जांगीड़, यूथ विंग के प्रदेशाध्यक्ष अजय खंडेलवाल एवं जयपुर जिलाध्यक्ष सुधांशु गोस्वामी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में संगठन विस्तार और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर गहन चर्चा की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह ने प्रदेश स्तरीय कार्यक्रमों को लेकर शीघ्र दिशा-निर्देश जारी करने की बात कही।



वहीं, कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेश पाठक ने जिला स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए पदाधिकारियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों ने संगठन को नई ऊँचाइयों पर ले जाने का संकल्प दोहराया।

# बंदूक दिखाकर बदमाशों ने दुकानदार से लूटी नकदी व मोबाइल

जयपुर।

गांधी नगर थाना इलाके में दो बदमाश दुकानदार से मारपीट कर नगदी व मोबाइल लूट कर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच जुटी है।

पुलिस के अनुसार प्रतापनगर निवासी महेश कुमार ने मामला दर्ज करवाया कि आरटीओ कार्यालय झालाना के सामने उसने दुकान खोल रखी है। 23 अप्रेल की रात करीब साढ़े नौ बजे दो बदमाश उसकी दुकान में आए। एक बदमाश के पास पिस्टल को दूसरे के हाथ में लोहे का सरिया था। बदमाशों ने उसके साथ मारपीट की। बदमाश दुकान के गल्ले से 2100 रुपए और उससे मोबाइल छीनकर ले गए। बदमाश जाते समय उसे शटर में बंद कर चले गए। किसी तरह शटर खोलकर वह बाहर गया और मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर साक्ष्य लेकर जांच शुरू कर दी है।

## सम्पादकीय

# फूल निर्यात में चुनौतियों का समाधान जरूरी

भारत भले ही दुनिया में फूलों का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है और सरकार ने फूलों की खेती को शत-प्रतिशत निर्यातोन्मुख उभरता क्षेत्र घोषित किया है लेकिन वैश्विक फूल बाजार में देश की हिस्सेदारी बहुत कम है। वर्ष 2023-24 में भारत ने केवल 19,678 टन फूलों के उत्पादों का निर्यात किया जिसका मूल्य करीब 717.83 करोड़ रुपये था। यह फूलों के अंतरराष्ट्रीय व्यापार का केवल 0.6 फीसदी है। इसके अलावा अधिकांश निर्यात में आमतौर पर गुलाब, लिली, गुलनार और गुलदाउदी शामिल होते हैं। अन्य फूलों की निर्यात क्षमता का अभी तक पूरी तरह से इस्तेमाल नहीं किया गया है जिनमें कुछ दुर्लभ प्रकार के आर्किड और कई खास तरह के देसी फूल शामिल हैं। ऐसा ही मामला फूलों से बने मूल्यवर्धित सामानों का है जैसे कि सूखे फूल, फूल वाले सजावटी सामान, उच्च स्तरीय देसी इत्र और खास तरह के तेल। इन उत्पादों को अगर ठीक से बढ़ावा दिया जाए तो विदेश में इनके लिए अच्छा बाजार मिल सकता है। इस बात को लेकर चिंता और गंभीर होती जा रही है क्योंकि वैश्विक फूल बाजार में भारत के एक बड़े खिलाड़ी के तौर पर उभरने का स्वभाविक फायदा है। देश के विभिन्न हिस्से में खेती से जुड़ी जलवायु परिस्थितियां भी अलग हैं जिसके कारण सभी प्रकार के फूलों के उत्पादन के जरिये पूरे वर्ष भर अंतरराष्ट्रीय मांग पूरी की जा सकती है, खासतौर पर सर्दियों के दौरान जब पारंपरिक तौर पर फूल निर्यात करने वाले देशों से आपूर्ति काफी कम हो जाती है। साथ ही, ग्रीनहाउस में नियंत्रित वातावरण में अच्छी गुणवत्ता वाले फूल उगाना, भारत में अपेक्षाकृत रूप से आसान होने के साथ ही लागत के लिहाज से भी बेहतर है जिसके कारण भारतीय फूल अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्द्धी कीमत पर उपलब्ध हो जाते हैं। पश्चिमी देशों के विपरीत, भारत में पॉलिहाउस के लिए आमतौर पर गर्मी में कृत्रिम रूप से कूलिंग करने या सर्दी में गर्म माहौल बनाने की आवश्यकता नहीं होती है। कई विदेशी फूलों की ऑफ सीजन खेती भी खुले खेतों या नियंत्रित परिस्थितियों में संभव है। सस्ते और कुशल श्रम की प्रमुख उपलब्धता का भी एक अतिरिक्त फायदा है। इसके अलावा भारत भौगोलिक रूप से दो महत्त्वपूर्ण निर्यात स्थलों, यूरोप (जिसमें हॉलैंड फूलों के व्यापार का प्रमुख केंद्र है) और पूर्वी एशिया (जिसमें जापान, प्रमुख खपत केंद्र है) के बीच मौजूद है। कई अध्ययनों से यह संकेत मिलता है कि फूलों की खेती, कई पारंपरिक फसलों की तुलना में अधिक फायदेमंद है खासतौर पर छोटे और सीमांत कृषि क्षेत्रों जहां पर देश के 90 फीसदी से अधिक जोत भूमि हैं। वर्ष 2024-25 के आर्थिक सर्वेक्षण में आकर्षक व्यवसायों में फूलों की खेती का विशेष उल्लेख है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि अनाज, दालें और तिलहन की पारंपरिक फसलों के अंतराल में फूलों के पौधों को लगाना वास्तव में कई प्रचलित फसल चक्रों की तुलना में अधिक लाभकारी है। इसमें यह पाया गया है कि हाल के वर्षों में पारंपरिक फूलों की खेती के बजाय निर्यात पर आधारित फूलों की ओर ध्यान देने से जुड़ा बड़ा बदलाव देखा गया है। हालांकि फूलों की खेती में कुछ बड़ी बाधाएं हैं जो इसकी प्रगति को बाधित करती हैं। इनमें सबसे अहम हैं- विश्वस्तरीय फूलों की पैदावार के लिए बीज सामग्री की कमी, फूलों की कटाई के बाद उसके प्रबंधन व आपूर्ति आदि से जुड़ी समुचित व्यवस्था न होना, और निर्यात वाले फूलों के उत्पादों की विशेष जरूरत को देखते हुए एक एकीकृत कोल्ड चेन की कमी। फूलों के परिवहन और मार्केटिंग की मौजूदा व्यवस्था काफी पुरानी है और यह फूल जैसे नाजुक और कोमल उत्पादों के लिए अनुपयुक्त है। अक्सर ताजे फूलों को बाजारों या नीलामी केंद्रों तक ले जाने के लिए टोकरियों, जूट के बोरों, साधारण डिब्बे की पैकिंग का इस्तेमाल किया जाता है या यहां तक कि अखबारों में भी लपेटा जाता है। निर्यातकों को रेफ्रिजरेटेड भंडारण और परिवहन सुविधाओं की कमी, महंगी हवाई माल भाड़ा दरों और अधिक आयात शुल्क जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 2 मई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- अमेरिका ने 20 सेंट का सिक्का ढालना 1875 में बंद कर दिया।
- बेल्जियम के राजा लियोपोल्ड द्वितीय ने की स्वतंत्र स्टेट कांगों की स्थापना 1885 में की।
- नीग्रो नेशनल लीग बेसबॉल का पहला मैच 1920 इंडियानापोलिस में खेला।
- नीदरलैंड ने सोवियत संघ को मान्यता देने से 1924 में इनकार किया।
- 1926 में आज ही के दिन हिन्दू महिलाओं को निर्वाचित कार्यालय लेने का अधिकार मिला था।
- जर्मनी में हिटलर ने ट्रेड यूनियनों पर 1933 में बेन लगा दी।
- महात्मा गांधी की हत्या मामले की सुनवाई 1949 में शुरू हुई।
- फ्रांस ने कोलकाता के पास स्थित अपने उपनिवेश चंद्रनगर को 1950 में भारत सरकार को सौंपा।
- दुनिया के पहला जेट विमान डी हैविलैंड धूमकेतु 1 ने 1952 में लंदन से जोहांसबर्ग तक अपनी पहली उड़ान भरी।
- टी विलियम्स ने अपने नाटक 'कैट ऑन अ हॉट टिन रूफ' के लिए 1955 में पुलित्जर पुरस्कार जीता।
- लोक सभा ने सार्वजनिक भविष्य निधि विधेयक 1968 में पारित किया।
- आज ही के दिन लोकसभा में पब्लिक प्रोविडेंड फंड एक्ट को मंजूरी 1968 में मिली थी।
- सं.रा. अमेरिका की 30 वर्षीया एन. बैन्क्राफ़ उत्तरी ध्रुव पर पहुँचने वाली प्रथम महिला 1986 में बनीं।
- पोलैंड में एक बस दुर्घटना हुई जिसमें 1994 में 32 लोग मारे गए।
- 1996 में आज ही के दिन प्रसिद्ध गुरु चंद्रास्वामी को धोखाधड़ी के आरोप में तिहाड़ जेल की सज़ा सुनाई गयी थी।
- ब्रिटेन में 18 वर्षों बाद लेबर पार्टी सत्ता में, उसके नेता टोनी ब्लेयर ब्रिटेन के संसदीय इतिहास में सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री 1997 में बने।
- में आज ही के दिन भारतीय सेना द्वारा बांदीपुरा बाजार से 10.5 किलोग्राम चरस पर कब्जा 1998 में किया था।
- पाकिस्तान के इंजामामुल हक ने 2002 में न्यूजीलैंड के ख़िलाफ़ 329 रन बनाये।
- मारेक बेल्का 2004 में पोलैंड के नये प्रधानमंत्री बने।
- अनिल अम्बानी ग्रुप की फर्म रिलायंस पावर लिमिटेड ने इण्डोनेशिया में तीन कोयला खदानों का अधिग्रहण किया।
- वर्मा में चक्रवात नरगिस के आने से 2008 में 138,000 लोग मारे गए और लाखों लोग बेघर हुये।

### 2 मई को जन्मे व्यक्ति

- ऑस्कर पुरस्कार सम्मानित फ़िल्म निर्माता, निर्देशक और लेखक सत्यजित राय का जन्म 1921 में हुआ
- भारत के पेशेवर विल्सन जोन्स का जन्म 1922 हुआ ओरवो बिलियर्ड्स खिलाड़ी थे।
- भारतीय राजनीतिज्ञ एवं साहित्यकार विष्णु कांत शास्त्री का जन्म 1929 में हुआ।

## विशेष आलेख

# जाति जनगणना विभाजन का नहीं, विकास का आधार बने




ललित गर्ग

**जातिगत जनगणना 1931 यानी अखंड भारत में अंग्रेजी सत्ता ने कराई थी। भारत में जनगणना की शुरुआत अंग्रेजी हुकूमत के दौर में, सन 1872 में हुई थी और 1931 तक हुई हर जनगणना में जाति से जुड़ी जानकारी को भी दर्ज किया गया। आजादी के बाद सन् 1951 में जब पहली बार जनगणना कराई गई, तो तय हुआ कि अब जाति से जुड़े आंकड़े नहीं जुटाए जाएंगे। स्वतंत्र भारत में हुई जनगणनाओं में केवल अनुसूचित जाति और जनजाति से जुड़े डेटा को ही पब्लिश किया गया।**

पहलगाम की क्रूर एव बबर आतंकी घटना के बाद मोदी सरकार लगातार पाकिस्तान को करारा जबाव देने की तैयारी के अति जटिल एवं संवेदनशील दौर में एकाएक जातिगत जनगणना कराने का निर्णय लेकर न विपक्षी दलों को बल्कि समूचे देश को चौकाया एवं चमत्कृत किया है। सरकार का यह निर्णय जितना बड़ा है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी। मोदी सरकार का जातिगत जनगणना के लिए तैयार होना सुखद और स्वागतयोग्य है। पिछले कुछ समय से जातिगत जनगणना की मांग बहुत जोर-शोर से हो रही थी। कुछ राज्यों में तो भाजपा भी ऐसी जनगणना के पक्ष में दिखी थी, पर केंद्र सरकार का रुख इस पर बहुत साफ नहीं हो रहा था। अब अचानक ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में राजनीतिक मामलों की उच्चस्तरीय कैबिनेट समिति की बैठक में यह फैसला ले लिया गया। बाद में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को बताया कि आगामी जनगणना में जातिगत गणना भी शामिल रहेगी। यह कदम जहां देश के राजनीतिक और सामाजिक समीकरणों को बदलेगा, वही सामाजिक असमानताओं को दूर करने और वंचित समुदायों के उत्थान के लिए लक्षित नीतियों को लागू करने में मील का पत्थर साबित होगा। 2011 में मनमोहन सरकार ने जातिवार जनगणना कराई अवश्य, लेकिन उसमें इतनी जटिलताएं एवं विसंगतियां मिलीं कि उसके आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए गए। इसके बाद कुछ राज्यों ने जातियों की गिनती करने के लिए सर्वे कराए, क्योंकि जनगणना कराने का अधिकार केवल केंद्र को ही है। हालांकि भाजपा ने बिहार में जाति आधारित सर्वे का समर्थन किया, लेकिन जातिगत जनगणना को लेकर वह मुखर नहीं रही। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अवश्य इसका समर्थन किया। लेकिन अब एकाएक भाजपा को जातिगत जनगणना करना अपने हित में दिखाई दिया क्योंकि अपनी नीतियों एवं योजनाओं के बल पर भाजपा ने पिछड़ी जातियों और दलितों की गोलबंदी कर सत्ता का सफर आसान बनाया है। जातिगत जनगणना का भारतीय राजनीति और समाज-व्यवस्था पर व्यापक एवं दूरगामी प्रभाव पडेगा। कांग्रेस और कुछ क्षेत्रीय दल इसकी पुरजोर मांग करने में लगे हुए थे। सबसे ज्यादा जोर राहुल गांधी दे रहे थे, जबकि नेहरू से लेकर नरसिंह राव तक ने इसकी जरूरत नहीं समझी। यह तय है कि जातिगत जनगणना कराने के फैसले पर जहां कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल इसका श्रेय लेना चाहेंगे, वहीं भाजपा इसे सामाजिक न्याय एवं समता-संतुलित समाज-निर्माण केंद्रित अपनी पहल बताएगी। जाति आधारित जनगणना सामाजिक न्याय में सहायक बनेगी या नहीं, लेकिन इससे जातिवादी राजनीति के नए दरवाजे खुलेंगे एवं आरक्षण का मुद्दा एक बार फिर राजनीति की धूरी बनेगा। कांग्रेस एवं विपक्षी दलों ने अपने संकीर्ण एवं स्वार्थी राजनीतिक नजरिये से यह मांग इसलिए उठाई थी ताकि इस आधार पर आगे आरक्षण के मुद्दे को गर्माया जा सके और जातीय गोलबंदी कर चुनावी फायदा लिया जा सके। लेकिन भाजपा-सरकार ने जाति जनगणना का ऐलान कर इस मुद्दे को अपनी पाली में ले लिया है। भले ही इसके आंकड़े आने के बाद आबादी के अनुपात में आरक्षण की मांग से भाजपा कैसे निपटेगी, यह बड़ी चुनौती उसके सामने है। वैसे भी इस तरह की पहल जिन राज्यों में हुई है, वहां भी इसे लेकर विवाद चल रहा है। ऐसे विवाद भाजपा के लिये एक नयी चुनौती बनेंगे। जाति आधारित जनगणना से भारतीय समाज के नये कोने-अंतरे-चुनौतियां सामने आयेगी। लेकिन जातिगत जनगणना के समर्थकों का मानना है कि यह सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम हो सकता है। जनगणना में दलितों और आदिवासियों की संख्या तो गिनी जाती है और उन्हें राजनीतिक आरक्षण भी मिला हुआ है लेकिन पिछड़ी और अति पिछड़ी (ओबीसी और ईबीसी) जातियों के कितने लोग देश में हैं इसकी गिनती नहीं होती है। जनगणना एक बहुत बड़ी कवायद है और अगर इसमें जातिगत गणना को भी शामिल किया जा रहा है, तो काम और भी सावधानी एवं सतर्कता से करना होगा। हजारों जातियां हैं और उनकी हजारों उप-जातियां हैं। सबको अलग-अलग गिनने के लिए देश को अपनी डिजिटल शक्ति का उपयोग करना पड़ेगा। निश्चित ही नयी राजनीतिक एवं नीतिगत स्थितियां समस्याएं खड़ी होगी। अब सभी जातियों की गिनती होगी। यह गिनती मुस्लिम, ईसाई और अन्य समुदायों में भी होनी चाहिए, क्योंकि कोई दावा कुछ भी करे, जाति और उसके आधार पर विभेद सब जगह है। इससे भी ज्यादा आवश्यक, बल्कि अनिवार्य यह है कि जातिगत जनगणना जातिवाद की राजनीति का हथियार न बने और वह भारतीय समाज को विभाजित न करने पाए। इस अंदेशे को दूर करने के कुछ ठोस उपाय होने ही चाहिए कि जाति आधारित जनगणना जातीय विभाजन का कारण न बनने पाए। यह अंदेशा इसलिए है, क्योंकि यह किसी से छिपा नहीं कि कई राजनीतिक दल खुले रूप से जाति की राजनीति करते हैं। माना जाता है कि देश की आबादी में 52 फ़ीसदी लोग पिछड़ी और अति पिछड़ी जाति के हैं। ओबीसी समुदाय के नेताओं का मानना है कि इस हिसाब से उनकी राजनीतिक हिस्सेदारी काफ़ी कम है।

# कांटे को कांटे से ही निकालना बेहतर है



अशोक मधुप

**पुराना सिद्धांत है कि कांटा -कांटे से निकलता है तलवार या मिजाइल से नही। करना भी वही चाहिए। सिद्धांत के विपरीत जाने में ज्यादा नुकसान की ज्यादा संभावना रहती है। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद आज देश गुस्से में है। देश की जनता चाहती है कि हमला कराने वाले पाकिस्तान से भारत बदला ले। पाकिस्तान को तहस - नहस कर दे। पाकिस्तान पर हमलाकर उसे सबक सिखाए। सरकार भी ही चाहती है। इसके लिए उसने सेना को फ्रीहैंड दे दिया। ऐसे में देश की जनता को चाहिए कि सरकार और सेना को सोचने, समझने और तैयारी करने का अवसर दे।**

हमले की तैयारी फुलप्रूफ हो कि दुश्मन को ज्यादा से ज्यादा नुकसान हो। हमले में अपने देश ,देश के जवानों और सेना की कम से कम क्षति हो। हमले का बदला भी ले लिया जाए। इतिहास गवाह है कि पहले भी हम अपना बहुत कम नुकसान कर दुश्मन का बड़ा नुकसान पहुंचा चुके हैं। इसके लिए पाकिस्तान में बने आंतकियों के लांचिंग पैड दो बार तबाह ही नही किए, वहां मौजूद आंतकियों का खात्मा भी दो बार पहले हो चुका है।भारतीय सेना के कमांडो ने 28 सितंबर 2016 की रात को गुलाम कश्मीर (पीओके ) में दाखिल होकर आतंकी कैंपों में सर्जिकल स्ट्राइक की। यह कार्रवाई गुलाम कश्मीर (पीओके ) के चार क्षेत्र भिंबर सेक्टर, तत्तापानी सेक्टर, लिपी सेक्टर व कैल सेक्टर में एक साथ हुई। पांच घंटे चली इस कार्रवाई में इन सेक्टरों में चल रहे छह आतंकी शिविर तबाह करने के साथ करीब 45 आतंकियों को मार गिराया गया। मिशन को अंजाम देकर सभी कमांडों सुरक्षित भारतीय क्षेत्र में लौट आए। अभियान में शामिल कमांडों की हेलमेट पर लगे विशेष कैमरों व ड्रोन की मदद से पूरे ऑपरेशन को कैद भी किया गया।14 फरवरी 2019 को जम्मू और कश्मीर के पुलवामा में जोरदार विस्फोट हुआ था। निशाने पर था ष्ट्रक्रक्र के 78 वाहनों का काफिला। विस्फोट में 40 जवान शहीद हो गए थे। दो सप्ताह बाद 26 फरवरी 2019 को भारतीय वायुसेना के मिराज-2000 विमानों ने रात के अंधेरे में नियंत्रण रेखा यानी एसओसी पार कर पाकिस्तान के पूर्वोत्तर इलाके खैबर पख्तूनख्वाह के बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद के ट्रेनिंग कैम्पों पर सर्जिकल स्ट्राइक की थी। भारत के तत्कालीन विदेश सचिव विजय गोखले ने कहा कि इस स्ट्राइक में बड़ी संख्या में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी, उनको प्रशिक्षण देने वाले, संगठन के बड़े कमांडर और फिदायीन हमलों के लिए तैयार हो रहे जिहादियों को खत्म कर दिया गया। अगले दिन पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई की कोशिश की। भारत ने दावा किया कि डॉग-फाइट में भारतीय वायुसेना के मिग-21 ने पाकिस्तानी वायुसेना के एफ-16 को मार गिराया। पाकिस्तान ने भी मिग-21 को मार गिराया और विंग कमांडर अभिनंदन को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, दबाव में दो दिन बाद उन्हें रिहा कर दिया गया ।बदला लेने की तैयारी ऐसी ही हो ।अपना कम से कम नुकसान हो और दुशमन का बहुत ज्यादा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान पर पांच तरफ से हमला बोला। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घोषणा कर चुकें है कि इसका बदला लिया जाएगा। दुश्मन को माफ नही किया जाएगा। उसे कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। भारत सरकार सिंधु जल संधि, अटारी सीमा और वीजा संबंधी सेवाएं बंद करने का फैसला कर चुकी है। पूरे विश्व में पाकिस्तान का चरित्र उजागर करने में भारत का विदेश मंत्रालय लगा है। भारत दुनिया भर के देशों को इस बात के सबूत देने में लगा है कि पाकिस्तान भारत में आतंकवाद फैला रहा है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भी कबूल कर चुके हैं कि पाकिस्तान तीन दशक से आतंकवाद बढ़ाने में लगा है।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान



**श्री राकेश मोहन शर्मा ( जेल अधीक्षक, जयपुर सैंट्रल जेल )**

जेल का नाम सुनते ही अच्छे अच्छों के होश गुम हो जाते हैं,जेल की भी अपनी अजीब दुनिया है मित्रों यह जेल नहीं अपितू बंदी सुधार गृह है लेकिन सच तो ये है कि यहां आने के बाद अपराधी या फिर विचाराधीन बंदी सुधरे इस बात की कहीं कोई गारंटी नहीं लेकिन हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं श्री राकेश मोहन शर्मा जोकि इस समय जेल अधीक्षक,जयपुर सैंट्रल जेल के पद को सुशोभित कर रहे हैं। इन्होनें जेल के बंदियों को सुधार कर समाज की मुख्यधारा में जोडने का बेजोड कार्य किया है। शानदार अधिकारी के रूप में इन्हें जाना जाता है। अनुशासन के साथ ही विचाराधीन बंदियों के मानसिक स्तर को समाज से जोडे रखना इनका मुख्य ध्येय रहा है। 1973 में धौलपुर में जन्मे इंजीनियरिंग कॉलेज कोटा से बी.ई सिविल करने के बाद 2001 में राजस्थान जेल सेवा में शामिल हुए। गंगापुर सिटी, भीलवाड़ा सेंट्रल जेल कोटा, अलवर, जोधपुर, भरतपुर, उच्च सुरक्षा अजमेर सेंट्रल जेल, जयपुर जेल प्रशिक्षण संस्थान,अजमेर में अपनी शानदार सेवाए दी अब जयपुर सैंट्रल जेल में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मैं सच में इनका फैन हूं सन 2009 में जब ये अलवर सैंट्रल जेल के अधीक्षक पदस्थापित थे तब एक औचक निरीक्षण में हम कवरेज के लिए गए थे तब जेल की माली हालत ठीक नहीं थी और औपचारिक मुलाकात में इन्होंने बंदियों के लिए स्वरोजगार व जेल परिसर में पैंटिंग कराए जाने की बात हमारे समक्ष रखी थी जब इनकी मंशा से दोनों ही काम शानदार ढ़ंग से हुए और उस समय हमने समाचार पत्र में अलवर जेल में बंदियों के सुधार कार्य,स्वरोजगार और स्वच्छता पर एक फोटो फीचर लगाया था जिससे अनेक लोग प्रभावित हुए और जेल में बंदियों के सुधार के लिए आगे आए। ऐसे अनुपम प्रयास राकेश मोहन जी की ओर से लगातार कराए गए थे,हैं और आगे भी रहेंगे। अपने मुधर व्यवहार और शानदार स्टाईल से हर इंसान इनका फैन बन जाता है। टीम बढ़ता राजस्थान इनके उज्जलव भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## 2025_0116
बढ़ता राजस्थान

**Suduko**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | | 6 | |
| | 6 | 4 | | 1 | | 2 | | |
| 8 | 9 | 7 | | 6 | | | | |
| 7 | | 9 | 6 | | 1 | 3 | 4 | 5 |
| 4 | | 5 | 8 | 3 | 7 | | 1 | 6 |
| 6 | 3 | | | 4 | | 8 | 2 | 7 |
| | 7 | | 1 | 9 | 4 | 5 | 8 | |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 7 | 2 | 6 | 9 | |
| 9 | | | | | | | 7 | |

**Ans_2025_0115**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 3 |
| 3 | 9 | 4 | 5 | 8 | 7 | 2 | 1 | 6 |
| 2 | 7 | 6 | 1 | 3 | 9 | 4 | 5 | 8 |
| 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 6 | 3 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 4 | 8 | 1 | 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 1 | 5 | 7 | 2 | 9 | 8 | 6 | 3 | 4 |
| 6 | 4 | 9 | 7 | 1 | 3 | 8 | 2 | 5 |

**कैसे खेलें**

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
दांपत्यजीवन में घनिष्ठता अनुभव करेंगे। आप अत्यधिक चिंता और भावनाओं के कारण शारीरिक और मानसिक रूप से व्यग्र और अस्वस्थता अनुभव करेंगे। गलत दलीलबाजी और वाद-विवाद और संघर्ष खड़ा हो सकता है।

**वृष**
परिवार में आनंद और उत्साह का वातावरण रहेगा। ऑफिस और नौकरी में आय वृद्धि, पदोन्नति के लिए योग बनेंगे। ऑफिस में उच्च पदाधिकारियों द्वारा काम की सराहना होगी और वे आपके प्रेरणा स्रोत बनेंगे।

**मिथुन**
नौकरी पेशावालों को लाभ का अवसर मिलेगा। वैवाहिक जीवन में सुख-संतोष की अनुभूति होगी। पत्नी, पुत्र और बुजुर्गों की ओर से लाभ होगा। मित्रों के साथ रमणीय पर्यटन होगा। मित्र विशेष लाभकारी साबित होंगे।

**कर्क**
धन खर्च में वृद्धि होगी। नियम विरोधी काम तथा अनैतिक काम से आपके सम्मान को ठेस पहुंच सकती है, इसका ध्यान रखें। विचार, व्यवहार में भावुकता रहेगी। फिर भी आप परिजनों और मित्रों के साथ खुशी से अपना दिन व्यतीत करेंगे। मां के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है।

**सिंह**
आज आप बहुत भावनाशील रहेंगे, इसलिए किसी के ज्यादा बोलने से आपकी भावनाओं को ठेस पहुंचेगी। स्थायी संपत्ति के मामले में निर्णय लेना उचित नहीं है। तन-मन में ताजगी और प्रसन्नता रहेगी।

**कन्या**
विद्यार्थियों के लिए समय मध्यम कहा जा सकता है। आपका स्वाभिमान भंग होगा। ऑफिस या व्यवसाय में विरोधियों से सावधान रहें। आप तन और मन से स्वस्थ और प्रफुल्लित रहेंगे। परिजनों के साथ घर के संबंध में चर्चा करेंगे। संतान के शुभ समाचार मिलेंगे।

**तुला**
आज सभी विषय के नकारात्मक पहलुओं का अनुभव होगा। थकान और आलस के कारण स्फूर्ति का अभाव रहेगा। नौकरी-व्यवसाय में अवरोध खड़े होंगे। उच्च पदाधिकारियों के साथ वाद-विवाद में न पड़ें।

**वृश्चिक**
विदेश में बसने वाले निकटस्थ संबंधियों के समाचार मिलेंगे। संतान के संबंध में चिंता होगी। आज आपको वाणी और क्रोध पर नियंत्रण रखना होगा अन्यथा अनर्थ हो सकता है। सर्दी और कफ के कारण आपका स्वास्थ्य खराब होगा।

**धनु**
थोड़ा विलंब या अवरोध के बाद निर्धारित रूप से काम पूरा कर सकेंगे। आर्थिक आयोजन सफल कर सकेंगे। स्वादिष्ट भोजन प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए मध्यम दिन है। स्नेहीजनों और मित्रों के साथ की मुलाकात होगी।

**मकर**
आर्थिक मामलों पर अधिक ध्यान देंगे। आपको सभी कामों में सफलता मिलेगी। भाग्यवृद्धि के योग हैं। भाई-बंधुओं का सहयोग मिलेगा। प्रिय व्यक्ति का साथ और सार्वजनिक सम्मान मिलेगा। विरोधियों को परास्त कर सकेंगे।

**कुंभ**
आज भावनाओं के प्रवाह में सराबोर रहेंगे। परिजन, मित्र तथा सगे-संबंधी उसमें सहभागी बनेंगे। स्वादिष्ट भोजन करने और बाहर घूमने जाने का आयोजन होगा। मांगलिक अवसरों पर जाना हो सकता है।

**मीन**
कोर्ट-कचहरी के मामले में सावधानी रखें। वाणी और व्यवहार में संयम रखना आवश्यक है। गलतफहमी पैदा न हो इसका ध्यान रखें। व्यापार-धंधे में विकास के साथ-साथ आय भी बढ़ेगी। धन लाभ होगा। मानसिक चिंता और शारीरिक अस्वस्थता रहेगी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# नरेश मीणा को कोर्ट से मिली बड़ी राहत

## सबूतों के अभावों में बरी, फिर भी काटनी होगी जेल

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/जयपुर ( राकेश शर्मा )।** राजस्थान की राजनीति में चर्चित चेहरा बन चुका नरेश मीणा को गुरुवार को जयपुर सेशन कोर्ट से बड़ी राहत मिली। जयपुर महानगर प्रथम की एमएम-12 अदालत ने करीब 20 साल पुराने मामले में उन्हें साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। यह मामला 5 अगस्त 2004 को जयपुर यूनिवर्सिटी में हुए एक घूमर कार्यक्रम के दौरान रोड जाम और राजकार्य में बाधा डालने से जुड़ा था। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने माना कि पुलिस द्वारा कोई स्वतंत्र गवाह पेश नहीं किया गया और मुख्य परिवादी भी ट्रायल के दौरान कोर्ट में पेश नहीं हुआ।

दरअसल, 5 अगस्त 2004 को जयपुर यूनिवर्सिटी कैंपस में दोपहर 1 बजे घूमर कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान महिला गेट पर कॉन्स्टेबल मानसिंह और अन्य पुलिसकर्मी तैनात थे। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, उसी दौरान नरेश मीणा, मान सिंह मीणा और अन्य साथी जबरन स्टेज की ओर बढ़ने लगे।

जब पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो उन्होंने भीड़ को उकसाया और कहा कि इन पुलिसवालों को मारो। इसी दौरान एक पत्थर ड्यूटी पर तैनात कॉन्स्टेबल की आंख के ऊपर जा लगा और वह घायल हो गया। इस घटना के आधार पर गांधी नगर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।

### कोर्ट में गवाह और सबूतों का अभाव

बता दें, इस मामले की सुनवाई जयपुर महानगर-1 की एमएम-12 अदालत में जज खुशबू परिहार ने की। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि मामले में पुलिस ने कोई स्वतंत्र गवाह पेश नहीं किया। जिन पुलिसकर्मियों को गवाह बनाया गया है उनकी निष्पक्षता संदिग्ध मानी जा सकती है। साथ ही मुख्य परिवादी कॉन्स्टेबल ट्रायल के दौरान कोर्ट में उपस्थित नहीं हुआ।

वहीं, जानकारी के मुताबिक मौका नक्शा, मेडिकल रिपोर्ट या घटना स्थल की फोटोग्राफिक सामग्री भी प्रस्तुत नहीं की गई। ऐसे में अभियुक्त नरेश मीणा को संदेह का लाभ देते हुए बरी किया जाता है। नरेश मीणा की ओर से एडवोकेट फतेहराम मीणा और एडवोकेट अब्दुल वाहिद नकवी ने पैरवी की।

### अभी भी जेल में हैं नरेश मीणा

हालांकि, इस मामले में राहत मिलने के बावजूद नरेश मीणा अभी भी टोंक सेंट्रल जेल में बंद हैं। उन्हें देवली-उनियारा विधानसभा उपचुनाव के दौरान एसडीएम को थप्पड़ मारने के मामले में गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में राजस्थान हाईकोर्ट ने 19 मार्च को उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इससे पहले समरावता गांव में हिंसा के केस में भी 12 फरवरी को उसकी जमानत याचिका खारिज की जा चुकी है।

# जिला कलक्टर ने मलारना डूंगर एवं भूखा में की जनसुनवाई, त्वरित समाधान के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** आमजन की समस्याओं की सुनवाई कर उनके त्वरित समाधान के उद्देश्य से जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में गुरूवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र मलारना डूंगर एवं ग्राम पंचायत भूखा में आयोजित हुई।

जिला कलक्टर ने जनसुनवाई में संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विभाग नियमित रूप से जनसुनवाई करते हुए आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ निराकरण करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निर्धारित समयावधि में निस्तारण करें कोई भी प्रकरण जनसुनवाई में बार-बार नहीं आये।

इस दौरान जॉब कार्ड बनवाने, जन्म प्रमाण पत्र बनवाने, पेयजल आपूर्ति करवाने, अतिक्रमण हटवाने, पानी के लीकेज सही करवाने आदि प्रकरण प्राप्त हुए इस पर कलक्टर ने प्रकरणों की जांच कर निस्तारण करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रदान किए।

इस दौरान परिवादी जितेन्द्र सैनी द्वारा पुराने थाने के पास स्थित हैण्डपम्प सहीं करवाने की मांग की इस पर कलक्टर ने दूरभाष पर ही अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग भगवान सहाय मीणा को जल्द से जल्द हैण्डपम्प सही करवाकर पालना रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने उपस्थित ग्राम सेवक से मनरेगा के तहत किए जा रहे कार्यो की जानकारी लेकर मनरेगा में कार्य करने के इच्छुक ग्रामीणों को फॉर्म भरवाकर कार्य दिलवाने एवं ऑनलाईन एप के संबंध में आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारी से विद्युत आपूर्ति के संबंध में जानकारी प्राप्त कर किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरन्त अवगत करवाने के साथ-साथ लंबित कृषि कनेक्शनों का शीघ्र निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार जिला कलक्टर ने ग्राम पंचायत भूखा में जनसुनवाई का आयोजन कर ग्रामीणों द्वारा गीताराम के घर के समीप स्थित हैण्डपम्प के पाइप बदलवाने की शिकायत पर 15-20 दिन बाद भी समाधान नही होने पर ग्राम विकास



अधिकारी एवं कनिष्ठ सहायक दिनेश को नोटिस जारी करने के निर्देश विकास अधिकारी मलारना डूंगर नरेन्द्र मीणा को दिए। साथ ही उन्होंने एसडीएम मलारना डूंगर ज्योत्सना खेड़ा एवं विकास अधिकारी को पेयजल आपूर्ति के संबंध में तत्काल समाधान करवाने के निर्देश प्रदान किए।

इस दौरान तहसीलदार संतोष कुमार शर्मा, मलारना डूंगर सरपंच जाहिद खान, एसएचओं जितेन्द्र सोलंकी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# राहोली में बढ़ते बचपन के मोटापे पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**टोंक।** ग्राम पंचायत राहोली के पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्कूली बच्चों के बीच बढ़ते बचपन के मोटापे पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों को इस गंभीर समस्या के प्रति जागरूक करना था, जिसे हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'परीक्षा पर चर्चा 2025' कार्यक्रम के दौरान उठाया था।

बचपन का मोटापा एक वैश्विक समस्या बनता जा रहा है, जिसका प्रभाव न केवल बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ता है, बल्कि यह उनके मानसिक स्वास्थ्य और आत्म-सम्मान को भी प्रभावित करता है। हाल के अध्ययनों के अनुसार, भारत में 5 से 19 वर्ष की उम्र के बीच के लगभग 14 प्रतिशत बच्चे मोटापे से ग्रस्त हैं। इस बढ़ती प्रवृत्ति ने स्वास्थ्य विशेषज्ञों और शिक्षा संस्थानों के बीच चिंता पैदा की है।

इसअवसर पर पीईईओ राहोली डॉ.योगेन्द्र सिंह नरूका ने कहा, 'हमारे विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। मोटापा केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी जोखिम पैदा कर सकता है।'

कार्यक्रम प्रभारी पूजा पाटीदार ने बताया कि बच्चों के मोटापे के पीछे कई कारण हो सकते हैं, जैसे अस्वास्थ्यकर खाने की आदतें, शारीरिक गतिविधियों की कमी, और मानसिक तनाव। पाटीदार ने बताया कि 'मोटापे का प्रभाव बच्चों की वृद्धि और विकास पर पड़ता है। ऐसे बच्चों का भविष्य स्वास्थ्य समस्याओं से भरा हो सकता है। इसलिए, हमें सही आहार और नियमित व्यायाम को अपने जीवन में शामिल करना चाहिए।'

कार्यक्रम के दौरान, अभिभावकों को बच्चों के खाने की आदतों पर ध्यान देने और उन्हें स्वस्थ विकल्प प्रदान करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही, स्कूल में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए नई योजनाओं की भी घोषणा की गई।

कार्यक्रम का समापन एक स्वास्थ्य परीक्षा के साथ हुआ,




जिसमें बच्चों की लंबाई, वजन और शारीरिक गतिविधियों को मापा गया। इस अवसर पर बढ़ते मोटापा विषय पर जागरूकता पोस्टर भी बच्चों ने बनाए। इस पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों को अपनी सेहत के प्रति सजगता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था। बढ़ते मोटापे की समस्याओं से निपटने के लिए इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन बेहद आवश्यक है। स्कूलों और अभिभावकों के बीच सामंजस्य स्थापित करना भविष्य में बच्चों की सेहत को सुरक्षित रखने में मददगार साबित हो सकता है। इस दिशा में उठाए गए कदम निश्चित रूप से स्थापित करेंगे कि अगली पीढ़ी स्वस्थ और खुशहाल जीवन जी सके।

बचपन का मोटापा एक चुनौती है, लेकिन जागरूकता और शिक्षा के माध्यम से इसे कम किया जा सकता है। पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली व महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय का यह कार्यक्रम इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो न केवल बच्चों, बल्कि उनके परिवारों और समाज के स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है।

# महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने दी आहुतियां, व्यवस्थाओं में जुट रहे सैकड़ो लोग



बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा।** कस्बे में स्थित श्री बद्रीनाथ भगवान के मंदिर परिसर में मानव के कल्याण के लिए आयोजित नव दिवसीय 108 कुण्डीय श्री चंडी महायज्ञ में यज्ञाचार्य पं. जगदीश नारायण शास्त्री के आचार्यत्व में श्रद्धालुओं की ओर से आहुतियां दी गई। यज्ञ आचार्य ने विधि विधान से मंत्रोच्चार के साथ आहुति दिलाई। इस दौरान मां चंद्रघंटा की पूजा के लिए सप्तशती के एका वृत्ति पाठ, सम्पूर्ण पाठ, शतचंडी पाठ, सहस्त्र चण्डी पाठ, लक्ष चण्डी पाठ, संपुष्ट विधान आदि का पाठ किया गया। मां चंद्रघंटा की पूजा में उनके मंत्रों का जाप कर आरती की गई। मां चंद्रघंटा को दूध, दही, मक्खन, शहद और चीनी का भोग लगाया गया। वेद मंत्रो से वातावरण धर्म मय हो गया। वहीं रात्रि को रंगीन रोशनी अपनी अलग ही छटा बिखेर रही हैं। जिससे गांव का अलग ही नजारा देखने को मिल रहा है। महायज्ञ में प्रतिदिन अलसुबह से ही श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमडना शुरु हो जाता है। महायज्ञ में आए सैकड़ो श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंड़प के परिक्रमा लगाकर खुशहाली की कामना की। यज्ञाचार्य पं. जगदीश नारायण शास्त्री ने बताया कि मंत्रोच्चार के साथ महायज्ञ के मुख्य यजमान पुण्यप्रताप करण ने सपत्नीक नीता कंवर के साथ प्रधान कुंड में आहुतियां दी गई। महायज्ञ में आए आस पास के लोगों ने यज्ञशाला की परिक्रमा कर संतो का आशिर्वाद लिया। यज्ञ के दौरान दूर तक लाउडस्पीकर पर गूंजते वैदिक मंत्र व सामग्री की खुशबू से वातावरण महक रहा है। आयोजन में सैकड़ो श्रद्धालु भागीदारी निभाने को आतुर है। यहां सब कुछ व्यवस्थित नजर आ रहा है। लोगों ने अपने सभी संसाधन आयोजन स्थल पर सेवा कार्य में लगा रखे हैं। देशभर के साधु-संत नटवाड़ा पहुंच रहे हैं।

# जिला कलक्टर ने मलारना डूंगर मे थाने व एसडीएम कार्यालय का किया निरीक्षण

## प्रशासनिक कार्यो की समीक्षा, व्यवस्थाओं में सुधार के दिए निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने कार्यालय उपखण्ड अधिकारी मलारना डूंगर एवं पुलिस थाना मलारना डूंगर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिला कलक्टर ने एसडीएम कार्यालय में विभिन्न शाखाओं का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मलारना डूंगर उपखण्ड के विद्युत, जलदाय सहित अन्य सभी कार्यालयों का नियमित रूप से निरीक्षण कर आमजन को राहत प्रदान करने के निर्देश उपखण्ड अधिकारी ज्योत्सना खेड़ा को दिए। उपखण्ड अधिकारी मलारना डूंगर के राजस्व न्यायालय में लंबित प्रकरणों की जानकारी प्राप्त कर संबंधित अधिकारी को प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फरियादियों से संवेदनशील व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनें। उन्होंने कहा कि कार्यालय में ई-फाइल प्रणाली को शत-प्रतिशत लागू करें।

उन्होंने रास्ता खोलों अभियान के तहत धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अभियान में तेजी लाने एवं रास्ता खुलवाने के पश्चात रिकॉर्ड में दर्ज करवाने के निर्देश तहसीलदार संतोष कुमार शर्मा को दिए। साथ ही लम्बे समय से एक ही अनुभाग में कार्यरत कार्मिकों के अनुभाग बदलने, राजस्व न्यायालय में 5 व 10 वर्ष से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का नियमित कोर्ट लगाकर मिशन मोड़ में निस्तारण करने, एलआर एक्ट के तहत विचाराधीन मामलो के निस्तारण में प्रगति लाने के निर्देश उपखण्ड अधिकारी को प्रदान किए। उन्होंने गर्मियों के मौसम में सभी कार्यालयों में आगंतुको के लिए बैठने तथा पेयजल की उचित व्यवस्था करने, साफ-सफाई, शौचालयों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी प्रदान किए।

जिला कलक्टर ने मलारना डूंगर थाने में स्वागत कक्ष, अनुसंधान कक्ष, शस्त्रागार, कम्प्यूटर रूम, मालखाना, बैरक, पुरूष एवं महिला हवालात सहित आर्म्स रजिस्टर का निरीक्षण किया व्यवस्थाओं में सुधार लाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने थानाधिकारी से थाने में स्वीकृत एवं रिक्त चल रहे पदों, लम्बित् चल रहे प्रकरणों, वारण्टों की स्थिति, अपराधों की स्थिति आदि जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जिन अनुज्ञापत्रों का नवीनीकरण नहीं हो रहा है उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मालखाने का निरीक्षण कर सामग्री का जायजा लिया।

# अक्षय तृतीया के अवसर पर 'बाल विवाह के खिलाफ धर्मगुरु' अभियान के अंतर्गत हुआ विशेष आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**टोंक।** जिले में सिकोईडिकोन संस्था के नेतृत्व में, जिला प्रशासन टोंक और जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के मार्गदर्शन एवं सहयोग से अक्षय तृतीया के दिन एक सशक्त सामाजिक पहल आयोजित की गई, जिसमें 'बाल विवाह के खिलाफ धर्मगुरु' विषय पर विशेष कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विभिन्न ग्रामों में धर्मगुरुओं एवं ग्रामीणों के साथ सामूहिक बैठकें आयोजित की गईं, जिनमें सभी ने बाल विवाह जैसी कुप्रथा के खिलाफ एकजुट होकर कार्य करने की शपथ ली।

टोंक जिले के कई स्थलों पर सामूहिक विवाह आयोजनों के दौरान संस्था की टीम सक्रिय रूप से उपस्थित रही। वहां मौजूद पंडितों, नवविवाहित जोड़ों और परिजनों को बाल विवाह निषेध अधिनियम की जानकारी दी गई तथा सभी को यह संकल्प दिलवाया गया कि वे न तो बाल विवाह करेंगे और न ही किसी को ऐसा करने देंगे। कार्यक्रम के दौरान धर्मगुरुओं ने भी खुलकर इस मुद्दे पर अपने विचार साझा किए और समाज में बाल विवाह को समाप्त करने में अपनी नैतिक जिम्मेदारी को स्वीकार करते हुए भविष्य में सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही, बाल विवाह के सामाजिक, शारीरिक और मानसिक दुष्परिणामों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।




# मुख्य कार्यकारी अधिकारी बुड़ानिया ने किया आकस्मिक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** पंचायत समिति सवाई माधोपुर की ग्राम पंचायत गंभीरा का गौरव बुड़ानिया (आईएएस) मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान सीईओ बुड़ानिया ने ग्राम पंचायत कार्यालय का औचक निरीक्षण किया उन्होंने ग्राम सचिव को ग्राम पंचायत भवन कार्यालय में स्वच्छता रखने पत्रावलियों को संधारित करने ई फाइल को समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसके दौरान सीईओ ने डेकवा रोड से सामुदायिक भवन की ओर निर्माणाधीन रोड का निरीक्षण किया। भैरव लाइन मेंन के मकान से मंदिर की और निर्माण धीन रोड का निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन आवास कार्य का निरीक्षण कर उन्हें जल्द पूर्ण करने सहित आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता अशोक कुमार मीना सहित अधिकारी कार्मिक मौजूद रहे।

# जाट समाज को शिक्षा के साथ-साथ सेवा पर भी विशेष ध्यान देना होगाः कन्हैयालाल चौधरी





## जाट समाज के 23 जोड़े बने एक दूजे के हमसफर

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा।** जाट समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति की ओर से गुरुवार को जाट धर्मशाला डिग्गी में समाज का 22 वां सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन में जाट समाज के 23 जोड़े एक दूजे के हमसफर बने। समारोह में शिरकत करते हुए राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि जाट समाज में आज भी शिक्षा को लेकर बहुत पिछड़ापन है समाज के लोगों को अपने नौजवान बेटे व बेटियों को अधिक से अधिक शिक्षा देकर उच्च पदों पर आसीन करें तथा समाज के लोगों को सेवा कार्य में भी अपना विशेष योगदान देना चाहिए उन्होंने सामूहिक विवाह सम्मेलन में जोड़ों की संख्या कम होने पर कार्यकर्ताओं को सम्मेलन में अधिक से अधिक जोड़े बढ़ाने का आह्वान किया। कैबिनेट मंत्री ने सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति की ओर से समय-समय पर किए जाने वाले आयोजनों की सराहना की। समारोह को वरिष्ठ आईएएस डॉ आरूषी ए मालिक, जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजाराम मील, पूर्व जिला प्रमुख रामविलास चौधरी, मालपुरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे घासीलाल चौधरी सहित अतिथियों ने संबोधित किया। इससे पूर्व सुबह जाट धर्मशाला डिग्गी से वर-वधु की निकासी निकाली गई। कल्याण जी मंदिर के दर्शन कर निकासी जाट धर्मशाला पहुंची जहां पर तोरण की रस्म अदा की गई तथा पाणिग्रहण संस्कार के बाद आशीर्वाद समारोह का आयोजन हुआ। इस दौरान पूर्व डीआर किशनलाल फगोड़िया, अनिता खीचड़, जाट समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति अध्यक्ष उम्मेद दगोलिया संयोजक रामलाल बगडिया, पूर्व अध्यक्ष छीतर ताखर, जगदीश टांडी, हजारी भेण्डवाल,उपाध्यक्ष श्रीलाल सांडीवाल, लालचंद माहुल्या, बजरंग कुंडरवाल, वीरेंद्र बेनीवाल, महामंत्री- रामकरण बुगालिया, मंत्री रामकिशन मुंडवाड़िया, प्रवक्ता मुकेश खादवाल, प्रचार मंत्री रामधन नासणां, सह संयोजक-गोपाल लाल मुवाल, नाथू डाबला पूर्व कोषाध्यक्ष, प्रहलाद दगोलिया, रामलाल बुरडक, कैप्टन धन्नालाल, हनुमान पराणा, कैप्टन रामावतार डारडा हिंद, रामराय चौधरी, सत्यनारायण सरूडिया सहित गणमान्य समाज बंधु उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित बजरी ट्रैक्टर ट्राली नाले पर चढ़ी, पट्टियां टूटी

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** शहर में अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलिया धड़ल्ले से दौड़ रही है। इससे हर पल हादसे की आशंका बनी है। ऐसा ही एक मामला विगत रात 11 बजे आलनपुर मण्डी रोड पर सामने आया है! यहां एक बजरी से भरी ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली हमीर सर्किल से शहर की ओर जा रही थी। कृषि उपज मण्डी के समीप से गुजर रही ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रॉली की पुलिस को सूचना मिली। कोतवाली पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली का पीछा किया। भनक लगते ही चालक ट्रैक्टर को तेज गति से दौड़ाने लगा। इससे ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित हो गई और आलनपुर रोड पर साइड में नाले पर चढ़ गई। इससे नाले की पट्टियां टूट गई और बजरी फैल गई। इसके बाद चालक मौके से भाग छूटा। जिले में पुलिस प्रशासन बजरी से भरी ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर लगातार कार्रवाई कर रहा है। यहां तक कि इन पर अंकुश लगाने के लिए पूरी तरह सजग है।

# जिला कलक्टर ने शिवाजी पार्क स्थित राजकीय विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

- मिड डे मील भोजन, रसोई, कम्प्यूटर लैब, पेयजल के साथ शौचालय आदि व्यवस्थाओं का लिया जायजा
- विद्यार्थियों से संवाद कर शैक्षणिक स्तर को परखा एवं मिड डे मील व कम्प्यूटर लैब आदि का लिया फीडबैक

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने गुरुवार को शहर के शिवाजी पार्क स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला कलक्टर ने निरीक्षण के दौरान राजकीय विद्यालयों में मिड डे मील, रसोई, कम्प्यूटर लैब, कक्षा-कक्षा, शौचालय, साफ-सफाई, पेयजल आदि व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मिड डे मील के तहत बच्चों को उपलब्ध कराए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को स्वयं चख कर परखा। उन्होंने बच्चों से संवाद कर भोजन की गुणवत्ता का फीडबैक लेकर प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया कि भोजन की गुणवत्ता बरकरार रखने के साथ-साथ विद्यालय में साफ-सफाई व्यवस्था में और सुधार करें। उन्होंने निर्देशित किया कि बच्चों को निर्धारित मेन्यू व मात्रा के अनुसार प्रतिदिन खाना उपलब्ध करवाया जाए। उन्होंने विद्यार्थियों विशेष कर बालिकाओं को कंप्यूटर शिक्षा के प्रति रुचि रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर के विभिन्न एप्लीकेशंस का ज्ञान बच्चों को होना अति आवश्यक है, बच्चों को कंप्यूटर कालांश के दौरान वेबसाइट निर्माण, प्रेजेंटेशन निर्माण, ब्लॉगिंग व टाइपिंग सहित अन्य उपयोगी एप्लीकेशन के बारे में जानकरी देवें, ताकि भविष्य में कंप्यूटर की महत्वता के दृष्टिगत बच्चे कंप्यूटर के ज्ञान में नहीं पिछडे। इस दौरान उन्होंने बालिकाओं से उनकी परीक्षाओं के पेपरों के बारे में फीडबैक लेकर अच्छे परिणाम प्राप्त करने के लिए कडी मेहनत व लगन से पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को नवीन पहल के तौर पर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवाजी पार्क की वेबसाइट एवं ब्लॉग तैयार करवाने के भी निर्देश दिए तथा विद्यालय की बालिकाओं की कंप्यूटर शिक्षा में रुचि को देखकर कंप्यूटर लैब को और उन्नत करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलक्टर को प्रधानाचार्यों द्वारा विद्यालयों में पानी की समस्या से अवगत करवाया गया, जिस पर कलक्टर ने कहा कि पेयजल समस्या का त्वरित समाधान कराया जाएगा। निरीक्षण के दौरान एडीपीसी मनोज शर्मा, प्रधानाचार्य श्री शिव कुमार गुप्ता एवं सुमन गुप्ता सहित विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।



# भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव धूमधाम से हुआ आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल।** तिजारा में सार्वजनिक श्री हनुमान जी महाराज के प्रांगण में आज भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव कार्यक्रम का धूमधाम से आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मधुसूदन शर्मा, योगेश मिश्रा, पूर्व प्रधान विनय व्यास, रामकिशोर शर्मा, आभा बहन जी, पंडित बेगराज शर्मा आदि ने भगवान परशुराम जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर श्री परशुराम भवन निर्माण के लिए भामाशाह राजेंद्र प्रसाद ओझा ने भूमि दान की, जिसका सुबह भूमि पूजन कर भवन निर्माण की आधारशिला रखी गई। कार्यक्रम में समाज के सभी प्रतिभावान बच्चों को शील्ड एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जिला कांग्रेस अध्यक्ष योगेश मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज के सबसे पहले तो एक दूसरे की टांग खींचाई बंद करनी पड़ेगी, साथ ही समाज में हर व्यक्ति को जिनको सहायता की आवश्यकता है उसको साथ देने के लिए सहयोग प्रदान करें, और समाज में व्याप्त कोई भी बुराई है उसका त्याग करना पड़ेगा। इस अवसर पर सैनी स्कूल तिजारा के प्रधानाचार्य सुभाष सैनी द्वारा ठंडाई की व्यवस्था की गई, वहीं परशुराम भवन निर्माण के लिए एडवोकेट पुरुषोत्तम सैनी ने 51000 देने की घोषणा की। देशभक्ति पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था समाज द्वारा की गई थी।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष एचडी शर्मा के प्रतिनिधि, जिला कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा, अध्यक्ष जितेंद्र कुमार शर्मा उर्फ गोल्डी, महावीर प्रसाद शर्मा, गिर्राज गौड़, गोपाल शर्मा, पुष्पेंद्र गौतम, राजेश कौशिक, एडवोकेट शशिकांत गौतम, निशु भारद्वाज, सतीश शर्मा, दिनेश शर्मा, मनीष शर्मा, देवी शर्मा, नरेश शर्मा, पवन शर्मा, गटरू, अशोक शर्मा माइक वाले, कालूराम शर्मा पार्षद सहित समाज के सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर म्यूजिकल ग्रुप द्वारा शानदार तथा रंगारंग प्रस्तुति दी गई, वहीं मंच संचालन मनीष शर्मा ने किया।

# जिला कलक्टर ने की 'माई सिटी, माई पार्क' अभियान की शुरूआत

## सरकारी व आमजन व संस्था के समन्वय से शहर के पार्कों का होंगे रखरखाव, सौन्दर्यकरण एवं संरक्षण के कार्य, नगर विकास न्यास की प्रत्येक कॉलोनी में करेगी एक मॉडल पार्क विकसित

बढ़ता राजस्थान



**अलवर।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने मिनी सचिवालय के कलक्ट्रेट सभागार में अलवर शहर पार्कों के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यकरण के लिए विशेष अभियान 'माई सिटी, माई पार्क' की शुरूआत की। जिला कलक्टर ने कहा कि अलवर शहर पार्कों के शहर के रूप में विख्यात रहा है। इस गौरव को पुनः प्राप्त करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा शहर के पार्कों के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यकरण हेतु 'माई सिटी, माई पार्क' अभियान शुभारम्भ हुआ है। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत आमजन व्यक्तिगत या सामूहिक रूप से पार्क को अडॉप्ट कर इनके सौन्दर्यकरण व संरक्षण में अपनी भागीदारी निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पार्कों को अडॉप्ट करने के लिए जल्द ही पोर्टल लॉन्च किया जाएगा, जिसके माध्यम से स्थानीय निवासी, रेजिडेंट वेल्फेयर एसोसिएशन, व्यापारिक संगठन व प्रतिष्ठान, स्वयंसेवी संस्थाएं एवं क्लब इत्यादि पार्कों को गोद ले सकेंगे। उन्होंने शहरवासियों से आह्वान किया है कि शहर के पार्कों के उन्नयन एवं सौन्दर्यकरण हेतु पार्कों को अडॉप्ट कर अपनी सहभागिता निभाते हुए जागरूक नागरिक की भूमिका अदा करें। उन्होंने नगर विकास न्यास की सचिव एवं नगर निगम के आयुक्त को निर्देश दिये कि शहर के चिन्हित समस्त 166 पार्कों के जीर्णोद्धार के लिए प्रभारी एवं सह प्रभारी अधिकारी नियुक्त कर आगामी तीन माह में साफ-सफाई, अवांछित झाडियों व पौधों की कटाई-छटाई, बाउंड्री वाल मरम्मत व रंगरोगन, प्रवेश द्वार निर्माण एवं पार्क का नाम लिखवाने इत्यादि कार्य कराना सुनिश्चित करें। साथ ही द्वितीय चरण में जनसहभागिता से आवश्यकतानुसार बैठने के लिए बैंच, बच्चों के खेलने के लिए झूले, रोशनी, वॉकिंग ट्रैक, ओपन जिम के उपकरण लगवाएं। साथ ही पार्कों में सघन पौधारोपण कराकर उनका रखरखाव एवं संरक्षण सुनिश्चित करें। उन्होंने यूआईटी सचिव को निर्देश दिए कि नगर विकास न्यास की प्रत्येक कॉलोनी में एक मॉडल पार्क विकसित करें। इस दौरान यूआईटी सचिव धीगदे स्नेहल नाना, नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका, यूआईटी के अधीक्षण अभियन्ता तैयब खान, नगर निगम के अधिशाषी अभियन्ता खेमराज मीणा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# 3 व 4 मई को विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित होगा 'सांसद संपर्क संवाद यात्रा' कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**अलवर(राजकुमार गुप्ता)।** केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव द्वारा 3 व 4 मई को संसदीय क्षेत्र अलवर की विभिन्न ग्राम पंचायतों में 'सांसद संपर्क संवाद यात्रा' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें केंद्रीय मंत्री द्वारा बजट घोषणाओं, मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं, केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजना तथा अन्य मुद्दों के संबंध में आमजन से संवाद कर उनकी समस्याओं का निस्तारण करेंगे। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रमनुसार 3 मई को रामगढ विधानसभा में प्रातः 7:30 बजे से ग्राम पंचायत मालपुर में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालपुर के परिसर में ग्राम पंचायतचिडवई, ईदपुर, मालपुर, निजाम नगर व तिलवाड के लिए कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके पश्चात प्रातः 9 बजे से ग्राम पंचायत ललावंडी में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ललावंडी के परिसर में ग्राम पंचायत सैंथली, ललावंडी, मूनपुर व खानपुर कलां के लिए सांसद संपर्क संवाद यात्रा कार्यक्रम आयोजित होगा। इसी प्रकार 4 मई को बहरोड विधानसभा में प्रातः 7:30 बजे से ग्राम पंचायत उंटोली में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उंटोली के परिसर में ग्राम पंचायत उंटोली, खोहरी, कोहराना व महाराजावास के लिए कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके पश्चात प्रातः 9 बजे से ग्राम पंचायत बिचपुरी में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिचपुरी के परिसर में ग्राम पंचायत बिचपुरी, दोसोद, माजरी कलां व रोडवाल के लिए सांसद संपर्क संवाद यात्रा कार्यक्रम आयोजित होगा।

# वन राज्यमंत्री ने नाहर शक्ति माता मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की

## राज्य सरकार प्राचीन व ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों के उन्नयन व जीर्णोद्धार हेतु प्रतिबद्ध : शर्मा

बढ़ता राजस्थान



**अलवर।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्रा प्रभार) संजय शर्मा ने सरिस्का के सिलिबेरी स्थित नाहर शक्ति माता मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। मंत्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ प्राचीन व ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों के उन्नयन व जीर्णोद्धार को लेकर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री एवं अलवर सांसद श्री भूपेन्द्र यादव के नेतृत्व में अलवर को पर्यटन हब के रूप में विकसित करने हेतु सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हाल ही में पेश किए गए बजट में अलवर जिले के धार्मिक स्थलों के उन्नयन एवं जीर्णोद्वार कराए जाने की विशेष सौगातें दी गई है जिनमें मूसीरानी छतरी, गरबा जी मंदिर व लालदास जी मंदिर अलवर में जीर्णोद्धार एवं विकास कार्य कराए जाने, ग्रामीण पर्यटन को बढावा देने के लिए रूसी रानी (दबकन) में विकास कार्य कराए जाने की घोषणा के साथ-साथ संस्कृति पोर्टल से प्रदेश के गांवों व मंदिरों के इतिहास को रिकॉर्ड करने, विभिन्न मंदिरों के उन्नयन हेतु 101 करोड रूपए, मंदिर में भोग की राशि को बढाकर 3000 रुपए प्रतिमाह और पुजारियों का मानदेय 7500 रुपए प्रतिमाह करने की ऐतिहासिक घोषणा की है। इससे न केवल धार्मिकों स्थलों का उन्नयन होकर स्वरूप में निखार आएगा बल्कि जिले के पर्यटन विकास को भी तीव्र गति मिलेगी। उन्होंने मंदिर कमेटी द्वारा किए गए स्वागत सम्मान के लिए हृदय से आभार। इस दौरान उन्होंने अपने प्रतिदिन पौधा लगाने के संकल्प के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# मरीजों और उनके परिजनों को न हो कोई समस्या : शेखावत

- उपजिला अस्पताल में आरएमआरएस बैठक में हुआ 19 प्रस्ताओं का अनुमोदन
- 4 से 5 सुरक्षा गार्डो की होगी और व्यवस्था जिसमें महिला सुरक्षा गार्ड भी समलित





बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** कोटपूतली बहरोड़ जिले के बानसूर उपखण्ड स्थित उपजिला अस्पताल में बानसूर के सिंह देवीसिंह शेखावत के निर्देश पर आरएमआरएस की बैठक सीएमएचओ डॉ आशीषसिंह शेखावत की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आए कुल प्रस्ताओं में से 18 प्रस्ताओं का अनुमोदन हुआ शेष को शिरे से खारिज कर दिया गया। जिनमें पार्किंग के लिए राशि संग्रहण का प्रस्ताव भी समलित है। विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि मरीजों और उनके साथ आए परिजनों को अस्पताल परिसर में किसी भी तरह की कोई असुविधा न हो उस पर आरएमआरएस कमेटी की बैठक में चर्चा की गई, जिसमें 12 चिकित्सकों के पद खाली हैं उनको भरा जाए। हमने राज्य सरकार के पास पहले ही पत्र लिखकर उसे अनुमोदन करवा चिकित्सकों के खाली स्थान को भरा जाएगा। इस मौके पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओपी सारण, सीएमएचओ डॉ आशीष सिंह शेखावत, उपखण्ड अधिकारी अनुराग हरित, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश यादव, बीसीएमओ डॉ सुखीराम प्रजापत, डॉ बाबूलाल, डॉ अरुण शर्मा, भाजपा नेता डॉ शशिकांत बोहरा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामानंद दीक्षित, एडवोकेट संकेत लाटा, अनील सिंघल, योगेश सोनी, आईटी सैल के विजय कुमावत, राजेश सिंघल सहित काफ़ी संख्या में चिकित्सालय परिवार के सदस्य व भाजपाईयों सहित क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

# बंधक बना 15 लाख की फिरौती मांगी, 75 लाख वसूले ,पीडीत ने एसपी को दी शिकायत

## खैरथल थाने व डिएसटी टीम के कुछ पुलिसकर्मीयो के शामिल होने का आरोप

बढ़ता राजस्था



**खैरथल/तिजारा (मुकेश खन्ना)।** शहर के पुलिस कर्मीयो एव खैरथल डी एस टी टीम पर अपहरण, फिरौती व धमकी का गंभीर आरोप हरियाणा के तावडू निवासी सुनील ने चोकाने वाला खुलाशा करते हुए कहा कि उसे दोस्तीके के बहाने से कोलानी गांव में जबरन अगुवा कीया गया आरोपी आसम एव उनके साथियों ने खुद को पुलिस वाले बनकर सुनील को करीब तीन से चार घंटे गाडी में घुमाया ओर बंधक बनाकर 15 लाख रुपये की फिरौती मांगी एवं मार पीट कर दोनों मोबाइल व एटीएम छिन लिए तथा सुनील की पत्नी को धमकी भरें कालॅ कर पैसे मंगवाए पीडीत की पत्नी से 5,5 लाख व बाद में 2 लाख रुपये लेकर उसे छोड़ा गया आरोप है कि आरोपी महेश सैनी व सदीक खान जो पुलिस कर्मी है पीडित ने बताया कि अब मेरी पत्नी रजनी को फोन पर अभद्रता व धमकी दे रहे हैं पीडित सुनील का दावा है कि उसकी व उसके परिवार की जासूसी हो रहीं हैं उन्हे जान से मारने की धमकी दी जा रही है पीडित ने मुकदमा दर्ज कर दोषियों को कडी कानुनी कारवाई की मांग की है।

# तिजारा में गौवंश को लेकर 'निराश्रित गौवंश को आश्रय अभियान 2025' चलाया जाएगा

बढ़ता राजस्थान



**तिजारा।** नगर परिषद क्षेत्र में छोड़े जा रहे निराश्रित गौवंश के कारण आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका और घटनाओं को देखते हुए उपखण्ड अधिकारी संजीव कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। जिसमें उपखण्ड अधिकारी ने बताया कि दुर्घटनाओं की रोकथाम और निराश्रित पशुओं को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'निराश्रित गौवंश को आश्रय अभियान 2025' जिला प्रशासन द्वारा शुरू किया जा रहा है। इस अभियान को नगर परिषद स्तर पर प्रभावी ढंग से संचालित कर नगर में घूम रहे निराश्रित गौवंश को चिन्हित कर निकटवर्ती गौशालाओं में सुरक्षित रूप से पहुंचाया जाएगा। राजस्थान गौसेवा समिति के जिला अध्यक्ष देशपाल यादव ने बताया कि यह अभियान पुरे जिले में एक मई से 9 मई तक किया जाएगा इस अवसर पर तहसीलदार कृष्ण कुमार, नगरपरिषद आयुक्त मनीषा यादव, बीसीएमओ डॉ मनोज यादव, पशु पालन विभाग उपनिदेशक राजेन्द्र कुमार, जिला अध्यक्ष देशपाल यादव, सतीश चावडा पशुधन निरीक्षक, यशपाल आचार्य उपस्थित थे।

# रोटरी क्लब अलवर ने लगाया वाटर कूलर

## सीएसआर प्रॉजेक्ट के तहत राकेश अगोनिज अशोक अगोनिज ने किया सहयोग

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** रोटरी क्लब अलवर द्वारा सीएसआर प्रोजेक्ट के तहत आर के इंफ्रा के राकेश जैन अगोनीज एवं अशोक जैन अगोनीज के सौजन्य से 11 वाटर कूलर के लगाने के क्रम में दूसरा वाटर कूलर आर्य पब्लिक स्कूल हसन खॉ मेवात, अलवर में उद्धघाटन किया गया। इस वाटर कूलर के समस्त रख रखाव की जिम्मेदारी स्कूल की रहेगी। रोटरी क्लब अलवर अध्यक्ष दीपक कट्टा ने बताया आज उद्धाटन कार्यक्रम में आर के इंफ्रा से अशोक जैन, आर्य पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष जगदीश गुप्ता, वाइस प्रेसिडेंट अशोक आर्य, डायरेक्टर कमला शर्मा, सचिव प्रदीप आर्य, सयुंक्त सचिव सुरेंद्र सक्सेना, मेंबर्स प्रमोद आर्य, शिव कुमार, इंद्रा आर्य, सुमन आर्य, डा.दिविशा आर्य, अतिथी के के खण्डेलवाल, अशोक मेठी एवं रोटरी क्लब अलवर से रोटेरियन निवर्तमान प्रांतपाल पवन खंडेलवाल, असिस्टेंट गवर्नर जितेंद्र खुराना, सचिव मुकुंद गुप्ता, कोषाध्यक्ष वी डी अग्रवाल, विकास गुप्ता, सर्विस प्रोजेक्ट डायरेक्टर ऋषि मित्तल, सुनिल गुप्ता, हर्ष गुप्ता, अशोक कुमार, मगन चंद जैन, सुमन यादव उपस्थित रहे। इस प्रोजेक्ट के चेयरमैन रोटरी क्लब अलवर के पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन नीरज जैन हैं।

# संभागीय आयुक्त ने हिण्डोली के ठीकरदा में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी।** संभागीय आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत ने हिण्डोली उपखंड के ठीकरदा गांव में आयोजित ग्राम पंचायत स्तरीय जन सुनवाई में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई के दौरान, संभागीय आयुक्त ने ग्रामीणों से सीधे संवाद किया और उनकी विभिन्न शिकायतों और परेशानियों को ध्यानपूर्वक सुना। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी व्यक्तिगत और सामूहिक समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए, जिनमें मुख्य रूप से राजस्व, पेयजल, बिजली, सड़क और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़े मुद्दे शामिल थे।

श्री शेखावत ने मौके पर मौजूद संबंधित विभागीय अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाना चाहिए ताकि उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्रवाई करने और प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। जन सुनवाई में बड़ी संख्या में ठीकरदा और आस-पास के गांवों के ग्रामीणों ने भाग लिया और अपनी समस्याओं को संभागीय आयुक्त के समक्ष रखा। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की, जिससे उन्हें अपनी समस्याओं को सीधे उच्च अधिकारी तक पहुंचाने का अवसर मिला। संभागीय आयुक्त ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का उचित समाधान किया जाएगा और प्रशासन हमेशा उनके कल्याण के लिए तत्पर है। उन्होंने सभी से विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने की भी अपील की। संभागीय आयुक्त ने सबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि ठीकरदा गांव में चिह्नित क्षय रोगियों को पूर्ण उपचारित किया जावें। उन्होंने उपस्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध दवाईयों के स्टॉक की जानकारी ली एवं निर्देश दिए कि अवधिपार दवाईयों के निस्तारण की प्रक्रिया अपनाकर दवाईयों का निस्तारण करें। अन्य मूलभूत सुविधाएं ग्रामीणों को मुहैया करवाई जावें। उन्होंने पेयजल आपूर्ति की जानकारी लेकर निर्देश दिए कि आमजन को गर्मी के मौसम में पेयजल संबंधी समस्या का सामना नहीं करना पड़े इसके उचित प्रबंध किए जाएं। उन्होंने मंगला पशुधन योजना के तहत किए गए पंजीकृत पशुओं में होने वाले रोगों की जानकारी ली। शाला दर्पण पोर्टल पर ब्लॉक की वर्तमान स्थिति जानी। साथ ही डोर टू डोर रजिस्ट्रेशन, नामांकन, वृक्षारोपण के लक्ष्य, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा, प्रधानमंत्री आवास के लिए पोर्टल पर जोड़े गए नए नामों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा भी की। जन सुनवाई के दौरान उपखंड अधिकारी हिण्डोली शिवराज मीणा, तहसीलदार कमलेश मीणा, विकास अधिकारी पीयूष जैन, जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहें।



# गाजे बाजे के साथ निकलेगा भगवान परशुराम का जुलूस

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा।** भगवान विष्णु के छठे अवतार चिरंजीवी परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर दीपपूरा घाटे पर रावतभाटा के सभी ब्रह्म बंधुओ ने एकत्रित होकर भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर महा आरती का आयोजन किया गया। 501 दीपक जलाकर पूजा की गई।

विप्र फाउंडेशन जिला महासचिव अनिल शर्मा के अनुसार भगवान परशुरामजी की प्रथम पूजा मध्य प्रदेश पुलिस सेवा से रिटायर्ड टी.आई. अशोक मंडलोई ने की इसके बाद सभी उपस्थित बन्धुओं ने बारी बारी से पूजा की इस दौरान महा आरती दीपदान एवं महिलाओं द्वारा कीर्तन किया गया द्य पूजा के दौरान विप्र फाउंडेशन जिला अध्यक्ष के के दुबे ने भ्रामक खबरों का खंडन करते हुए सभी बंधुओ से अपील की कि इन खबरों पर ध्यान ना दे, विप्र फाउंडेशन द्वारा घोषित सभी कार्यक्रम यथावत आयोजित किए जा रहे है, इसी कड़ी में 3 मई को रामलीला मैदान पर बच्चों व महिलाओं के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन रखा गया है तथा 4 मई को नारायण पुरी आश्रम भैंसरोड गढ़ चौराहे से रामलीला मैदान चारभुजा तक शोभायात्रा निकाली जाएगी इसमें सभी विप्र बंधु अपने परिवार सहित अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर भगवान परशुराम जी के प्रति अपनी श्रद्धा व सम्मान प्रकट करें द्य पूजाके समय विप्र फाउंडेशन के के दुबे, दिनेश शर्मा, हरिओम शर्मा, संतोष शर्मा, हरीश शर्मा, हेमंत व्यास, बनवारी लाल श्रोत्रिय, अनिल शर्मा, शंभू दयाल जोशी, कोषाध्यक्ष, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के कोषाध्यक्ष पी पी भारद्वाज व वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश शर्मा, पुष्पेंद्र भारद्वाज, शम्भु दयाल दशोरा, भूपेंद्र अवस्थी, विजेंद्र मिश्रा, पंकज तिवारी, सूर्य प्रकाश शर्मा , सी एम शर्मा, सनाढ्य ब्राह्मण महासभा तहसील अध्यक्ष आरपी शर्मा, पुरषोत्तम शर्मा, विजेंद्र पाराशर, अवधेश, एम एल सुखवाल, रजना पुरोहित, रंजना शर्मा, पूनम शर्मा, रीना शर्मा, पूजा दुबे, रश्मि मिश्रा, मंजू शर्मा, गीता दुबे, भारती व्यास, रेखा शर्मा, मंजू पाराशर,अनीता शर्मा, हितिका गौतम शर्मा, अखिलेश शर्मा, मिथिलेश शर्मा विमलेश शर्मा, प्रेरणा शर्मा, पूनम दूबे, बिट्टू द्विवेदी ने पूजा में भाग लिया।

# अध्यक्ष लोकसभा ओम बिरला ने रेल परियोजनाओं को लेकर डीआरएम के साथ समीक्षा बैठक की

## स्पीकर ने कोटा स्टेशन एवं परिसर का निरीक्षण और श्रमिकों से किया संवाद





बढ़ता राजस्थान

**कोटा।** मंडल में बेहतर अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं के विकास के मद्देनजर मंडल में कोटा व डकनिया तलाव रेलवे स्टेशनों का विश्वस्तरीय तर्ज पर और अन्य प्रमुख स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित करने का कार्य किया जा रहा है। अध्यक्ष लोकसभा एवं कोटा-बूँदी सांसद ओम बिरला ने 01 मई को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय सभागृह में डीआरएम अनिल कालरा एवं संबंधित अधिकारियों के साथ रेल परियोजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक की। डीआरएम द्वारा पावर प्वांइट प्रजन्टेशन के माध्यम से कोटा व डकनिया स्टेशन के पुनर्विकास एवं अन्य विकास कार्यों की जानकारी स्पीकर को दी गई। उल्लेखनीय है कि कोटा एवं डकनिया रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य क्रमशः 207.63 करोड़ एवं 111.18 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। स्पीकर ने रेलवे अधिकारियों से कोटा रेलवे स्टेशन पर उन्नत पार्किंग सुविधा, भीमगंजमंडी से स्टेशन पहुँच मार्ग को यात्रियों के लिए सुगम बनाने, रंगपुर होकर सोगरिया स्टेशन मार्ग को बेहतर करने, गुजरात के केवड़िया रेलवे के तर्ज पर यात्री सुविधाओं का विकास, रेलवे आवास उन्नयन एवं अन्य यात्री सुविधाओं के विकास कार्यों पर विधिवत चर्चा की। तत्पश्चात कोटा रेलवे स्टेशन पर चल रहे वर्ल्ड क्लास पुनर्विकास कार्य एवं स्टेशन परिसर का डीआरएम के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित रेल अधिकारियों को निर्माण कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने स्टेशन पर श्रमिकों से संवाद किया।

इस दौरान डीआरएम अपर मंडल रेल प्रबंधक ललित कुमार धुरंधर, मुख्य परियोजना प्रबंधक सौरभ मिश्रा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन सहित अन्य अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# निर्वाचन आयोग के तीन नवाचार

## मतदाता सूची अद्यतन और मतदान प्रक्रिया होगी और सुगम

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी।** भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन नामावलियों की सटीकता में सुधार लाने और नागरिकों के लिए मतदान की प्रक्रिया को और अधिक सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से तीन महत्वपूर्ण नवाचार किए हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार द्वारा मार्च में आयोजित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) के सम्मेलन में प्रस्तावित विचारों के अनुरूप इन नवाचारों को लाया गया है, जिसमें निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी भी उपस्थित थे।

**मृत्यु पंजीकरण डेटा इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त करना :** आयोग अब भारत के महापंजीयक से मृत्यु पंजीकरण का डेटा इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त करेगा। यह प्रक्रिया निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के नियम 9 और जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 की धारा 3(5)(ख) (2023 में संशोधित) के तहत कार्यान्वित की जाएगी। इस कदम से निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) को पंजीकृत मौतों की सूचना समय पर मिल सकेगी। इसके परिणामस्वरूप, बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) फॉर्म 7 के तहत औपचारिक अनुरोध की प्रतीक्षा किए बिना क्षेत्रीय दौरों के माध्यम से जानकारी की पुनः पुष्टि कर सकेंगे, जिससे मतदाता सूची का तेजी से और अधिक सटीकता से अद्यतन किया जा सकेगा।

**अधिक मतदाता अनुकूल मतदाता सूचना पर्चियां :** मतदाता सूचना पर्चियों (वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप्स) को मतदाताओं के लिए और अधिक अनुकूल बनाने के लिए आयोग ने उनके डिजाइन में महत्वपूर्ण बदलाव करने का निर्णय लिया है। अब मतदाता पर्चियों पर मतदाता की क्रम संख्या और भाग संख्या को अधिक स्पष्टता और बड़े आकार के फॉन्ट में प्रदर्शित किया जाएगा। इससे मतदाताओं को अपने मतदान केंद्र की पहचान करने और मतदान अधिकारियों को मतदाता सूची में उनका नाम ढूंढने में आसानी होगी।

**बीएलओ को मानक फोटो पहचान पत्र :** आयोग ने यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि सभी बीएलओ, जिन्हें लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 13ख (2) के तहत ईआरओ द्वारा नियुक्त किया गया है, उन्हें मानक फोटो पहचान पत्र प्रदान किए जाएं ताकि मतदाता सत्यापन और पंजीकरण अभियानों के दौरान नागरिक बीएलओ को पहचान सकें और उनके साथ आश्वस्त होकर बातचीत कर सकें।

बीएलओ चुनाव संबंधी कार्यों में मतदाता और निर्वाचन आयोग के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं, और घर-घर सर्वेक्षण के दौरान जनता के लिए उनकी आसान पहचान आवश्यक है। इन तीनों नवाचारों का उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटि मुक्त बनाना और मतदाताओं के लिए चुनावी प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाना है, जिससे अधिक नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा सकें।

# केशोरायपाटन सदस्यता करने विद्यालयों में पहुंचे प्रदेश अतिरिक्त महामंत्री

बढ़ता राजस्थान




**बूंदी (सुनील मेघवाल)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा के. पाटन के सदस्यता अभियान में संगठन के प्रदेश अतिरिक्त महामंत्री और बूंदी जिले के प्रभारी योगेश शर्मा ने पहुंचकर नगर के विद्यालयों में जाकर शिक्षकों को सदस्यता ग्रहण करवाई जिला सभाध्यक्ष और उपशाखा के. पाटन के प्रभारी अनिल सामरिया ने बताया कि राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की प्रदेश कार्यकारिणी के द्वारा सदस्यता अभियान हेतु 1 मई से 14 मई तक की अवधि निर्धारित की है किंतु जिला कार्यकारिणी ने जिलेभर की सदस्यता को महज 3 दिन में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा है। इसी क्रम में के.पाटन उपशाखा के अध्यक्ष अंकित गौतम के नेतृत्व में उपशाखा कार्यकारिणी और संकुल संयोजकों ने सदस्यता अभियान के प्रथम दिवस में ही उपशाखा की संपूर्ण सदस्यता कर कीर्तिमान स्थापित किया है। उपशाखा के मंत्री विजय मिलिंद ने बताया कि प्रदेश प्रभारी एवं जिला प्रभारी ने के.पाटन उपशाखा में सर्वप्रथम राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय राजराजेश्वर रोड में मां सरस्वती का वंदन करके शिक्षकों को सदस्यता ग्रहण करवा कर अभियान का शुभारंभ किया प्रदेश शैक्षिक प्रकोष्ठ के सदस्य तुलसीराम नामा ने कहा कि सामाजिक सरोकार के कार्य भी संगठन का करता आया है। संगठन के पूर्व अध्यक्ष नवीन मूंदड़ा ने कहा कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय केपाटन में पुलिस उपाध्यक्ष आशीष भार्गव द्वारा राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के परिवार के साथ बेजुबान परिंदों को गर्मी में राहत प्रदान करने के उद्देश्य से परिंडे लगाए महिला इकाई की जिला संगठन मंत्री मनीषा कुमावत ने बताया कि राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय केवल शिक्षकों की समस्याओं को ही नहीं बल्कि समाज की समस्याओं के निराकरण के भी प्रयास करता है।

संगठन के पूर्व अध्यक्ष बजरंगलाल मेघवाल ने कहा कि संगठन सामाजिक समरसता को लेकर चलता है और केवल अधिकारों की ही नहीं अपितु कर्तव्यों की भी बात करता है इसीलिए शिक्षक संगठन के प्रति आस्था और विश्वास रखते हैं। सदस्यता महाभियान के दौरान पूर्व जिला कार्यकारिणी के सदस्य सुखबीर सिंह कराड, दुर्गा शंकर पांचाल, योगेंद्र शर्मा, नवीन ईनाणी योगेश शर्मा सत्य प्रवीण पांडे, गोपाल बैरागी, दीपेंद्र गौतम, हेमराज पांचाल नरोतम गौतम विजयशेखर शर्मा सदानंद मीणा रामेश्वर सैनी शुभांगिनी राठौर, पुष्प लता अंजू खींची रेणु शर्मा आशा शर्मा रुक्मिणी शर्मा ललतेश नागर आदि शिक्षकों ने सहयोग प्रदान किया।




# मर्डर का पुलिस ने किया खुलासा आठ आरोपियो को किया राउण्डअप

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां (टी.आर सैनी)।** थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुरा में शादी प्रोग्राम के दौरान डीजे पर डांस करने को लेकर हुआ विवाद में एक युवक को चाकू घोंपकर हत्या प्रकरण में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए गुरूवार को हत्या के 8 आरोपियो को गिरफ्तार करने में सफला प्राप्त की है। थाना इंचार्ज कमल सिंह ने बताया कि एसपी राजेन्द्र कुमार मीना, एडीशनल एसपी उमा शर्मा एंव डीएसपी राजूलाल मीणा के निर्देश पर पुलिस टीम ने मर्डर प्रकरण में कार्यवाही करते हुए 8 आरोपियो को गिरफ्तार किया जाने में सफलता प्राप्त की है। थाना इंचार्ज कमल सिंह ने बताया कि 29 अप्रेल को रामविलास मीणा निवासी लक्ष्मीपुरा ने पुलिस को दी गई रिर्पोट में बताया कि उसका साला खुशीराम पिता जगदीश मीणा निवासी अरनिया एक प्रोग्राम में आया था। प्रोग्राम में उसके साले खुशीराम के साथ उसके भाई लालचंद व उसकी पत्नि व रामसहाय, कैलाश, शिवम, अंकित, सोनू, मनराज, नरसी, गीताराम ने एकराय होकर साले के साथ लातो घूसो से मारपीट की गई। भीड़ में मनराज ने उसके साले के चाकू मारकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज करके अनुसंधान किया गया। गुरूवार को पुलिस टीम ने 8 आरोपियो को गिरफ्तार किया। ये आरोपी हुए गिरफ्तार-रामसहाय पुत्र हजारीलाल, कैलाश पुत्र हजारीलाल,नरेश पुत्र कल्ला, सोनू पुत्र मनराज, मनराज पुत्र अम्बालाल, हेमराज पुत्र लादुलाल, निवासी लक्ष्मीपुरा एंव मनराज पुत्र कस्तुरा, हंसराज उर्फ नरेश पुत्र प्रहलाद निवासी देवरिया थाना देई को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में अभी अनंसंधान जारी है। पुलिस टीम में थाना इंचार्ज कमल सिंह, हैड कॉस्टेबल प्रकाशचंद, रामेश्वर, रामप्रसाद, राजाराम, गीताराम, राजेश, दिनेश, कमलेश मौजूद रहे।

# पतंजलि योग समिति द्वारा अनुआशा कॉलोनी में छह दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया



बढ़ता राजस्थान

रावतभाटा। योग समिति के तहसील प्रभारी योगाचार्य राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अनुआशा कॉलोनी के निवासीयो हेतु दो योग शिविर का शुभारंभ किया गया। पहले योग शिविर का प्रशिक्षण 5 :30 से 6 :30 बजे सुनीत राठौर द्वारा कराया जा रहा है जिसमें आज खड़े होने के पांच आसान ताड़ासन, वृक्षासान, पदहंतासान, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन का अभ्यास कराया गया। दूसरा महिला शिविर 8 :30 बजे से 9 :30 तक का डॉ तनवी शर्मा ने शुभारंभ किया, जिसमें योग प्रशिक्षक अद्धति कौरव द्वारा महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महिलाओं को सूक्ष्म और बैठने का आसान करवाए गए। स्नेहा वाडिका का कविता जैन, शिमला त्रिवेदी ने योग शिविर में भाग लिया।

# संभागीय आयुक्त ने बड़ानयागांव मटर मंडी में गेहूं खरीद व्यवस्था का लिया जायजा

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी।** संभागीय आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत ने गुरुवार को हिण्डोली उपखंड क्षेत्र की बड़ानयागांव स्थित मटर मंडी का जायजा लिया। उन्होंने मंडी परिसर में समर्थन मूल्य पर जारी गेहूं खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान संभागीय आयुक्त ने मंडी परिसर में किसानों के लिए छाया और पानी सहित मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने खरीद व्यवस्था की जानकारी भी ली। शेखावत ने मंडी में गेहूं बेचने आए किसान महावीर से बातचीत की और उन्हें भुगतान राशि मिलने तथा मंडी में मिल रही अन्य सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। किसान महावीर ने उन्हें व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी। संभागीय आयुक्त ने एफसीआई के प्रतिनिधि अमर सिंह से भी गेहूं खरीद व्यवस्था के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान तहसीलदार कमलेश मीणा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और किसान मौजूद रहें।

# उपखंड अधिकारी धौलपुर ने बीलपुर एवं विपरपुर ग्रामों में किया संस्थाओं का औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा ने उपखंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बीलपुर एवं विपरपुर में विभिन्न राजकीय संस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के प्रथम चरण में डॉ. शर्मा ने बीलपुर स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में मिड डे मील योजना के अंतर्गत परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं के साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया तथा मेन्यू के अनुसार खिचड़ी की गुणवत्ता की जांच की। निरीक्षण के समय निर्धारित फल उपलब्ध नहीं थे, जिन्हें उपखंड अधिकारी के निर्देशानुसार तत्क्षण मंगवाकर छात्रों को वितरित किया गया। मिड डे मील रसोईघर एवं भंडारण व्यवस्था का भी गहन निरीक्षण किया गया एवं संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण स्वल्पाहार सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए। इसके



पश्चात उपखंड अधिकारी द्वारा ग्राम बीलपुर के आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया गया, जहां सहायिका सविता अनुपस्थित पाई गई। केंद्र के समक्ष सड़क पर पत्थर, गोबर एवं कंडों की सामग्री अतिक्रमण स्वरूप रखी हुई पाई गई। इस संबंध में डॉ. शर्मा ने मौके पर ग्राम विकास अधिकारी एवं विकास अधिकारी, पंचायत समिति धौलपुर को बुलाकर अतिक्रमण तत्काल हटवाने एवं संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण अभियान के अंतर्गत उपखंड अधिकारी विपरपुर ग्राम स्थित पशु चिकित्सालय पहुँचीं, जहां चिकित्सालय बंद पाया गया एवं कोई भी कार्मिक उपस्थित नहीं था। इस पर डॉ. शर्मा ने सहायक निदेशक, पशुपालन विभाग धौलपुर से दूरभाष पर संपर्क कर संबंधित कार्मिक के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने एवं चिकित्सालय को शीघ्र खुलवाने के निर्देश दिए। बाद में डॉ. शर्मा द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, विपरपुर का निरीक्षण कर ओपीडी/आईपीडी पंजी, स्टाफ उपस्थिति रजिस्टर, दवा भंडारण एवं स्वच्छता की व्यवस्था का जायजा लिया गया। अस्पताल परिसर की साफ-सफाई एवं कार्मिकों की उपस्थिति संतोषजनक पाई गई। निरीक्षण के समापन पर ग्राम बीलपुर में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें पंचायत समिति धौलपुर के विकास अधिकारी श्री शिवदत्त गोस्वामी की उपस्थिति में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं एवं संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। डॉ. साधना शर्मा ने कहा कि शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु इस प्रकार के नियमित निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे, जिससे ग्राम स्तरीय सेवाओं में पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित किया जा सके।

## बजरंग दल की बैठक का आयोजन प्रांत अभ्यास वर्ग को लेकर हुई चर्चा

### नगर संयोजक सहित कई पदाधिकारियों की घोषणा,प्रांत संयोजक रहे मौजूद

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर की अग्रसेन विहार कॉलोनी स्थित एक निजी स्कूलों में गुरुवार को बजरंग दल की एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन बजरंग दल के संरक्षक दारा सिंह पचोरी ने किया। इस दौरान बजरंग दल के प्रांत संयोजक प्रेम सिंह राजावत एक दिन के प्रवास पर रहे। उन्होंने बैठक में सभी को अवगत कराया कि जिले भर से विभिन्न प्रखंडों की टोलियां आगामी दिनों में प्रांत अभ्यास वर्ग में भाग लेगी। ऐसे में बाड़ी से जो भी दायित्व वाले कार्यकर्ता है वे सात दिवसीय शौर्य प्रशिक्षण शिविर में भाग ले। जिसकी रूपरेखा भी तैयार की गई। बैठक के दौरान बाड़ी उपखंड से जुड़े विभिन्न नए दायित्वों की घोषणा की गई। सर्वसम्मति से देशराज गुर्जर को प्रखंड सहसंयोजक बनाया गया। ऋषभ शर्मा को नगर संयोजक की जिम्मेदारी दी गई। वही अजय कंसाना को गोरक्षा प्रमुख, लवकुश गुर्जर को सुरक्षा प्रमुख,रवि कंसाना को बलोउपासना प्रमुख का दायित्व दिया गया। बजरंग दल की बैठक में विहिप के जिला प्रमुख बैद्य गिरीश शर्मा,जिला धर्माचार्य प्रमुख कैप्टन बनवारी सिंह परमार, प्रखंड अध्यक्ष बाड़ी महेश भटेले,बजरंग दल संरक्षक दारा सिंह पचोरी,जिला संयोजक चंद्र प्रताप ठाकरे,जिला शहर गौ रक्षा प्रमुख रविंद्र प्रजापति,प्रखंड संयोजक भूरा पहलवान,दिनेश गुर्ज,बंटी गुर्जर,पवन गुर्जर,सचिन डोयला सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 20 करोड़ की सरकारी जमीन पर बने स्कूल को तोड़ा

### धौलपुर में नगर परिषद की बड़ी कार्रवाई, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष का निर्माण



बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (राजू शर्मा)। नगर परिषद ने आज बड़ी कार्रवाई की। तगवाली गांव रोड पर स्थित 8 बीघा सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाया गया। इस जमीन की कीमत लगभग 20 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। यह जमीन पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष द्वारा लगभग 20 साल पहले अतिक्रमित की गई थी। जमीन पर एक स्कूल का निर्माण किया गया था। नगर परिषद ने जेसीबी की मदद से इस अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान एसडीएम साधना शर्मा और नगर परिषद आयुक्त अशोक शर्मा मौके पर मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। नगर परिषद के कर्मचारी और अधिकारी भी कार्रवाई में शामिल रहे।

## जिला कलक्टर ने बरौली में की जनसुनवाई

## परिवादों के हल करने की समयावधि तय की जाए-जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान




**धौलपुर (राजू शर्मा)।** त्रि-स्तरीय जनसुनवाई एवं परिवेदनाओं के निस्तारण के संबंध में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने गुरुवार को उपखंड सरमथुरा की ग्राम पंचायत बरौली में जनसुनवाई की, जहां उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

**ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण :** जनसुनवाई के दौरान जिला कलक्टर ने ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं पर संज्ञान लिया। जनसुनवाई में परिवादी सत्यवीर ने खाद्य सुरक्षा में नाम जुड़वाने के लिए परिवाद दिया इस पर उन्होंने जिला रसद अधिकारी को तत्काल नाम जुड़वाने के लिए निर्देश दिए। परिवादी बजरंग सिंह द्वारा कांसपुरा के पास हैण्डपम्प को ठीक कराने तथा मोहित कुमार द्वारा क्षतिग्रस्त पानी की टंकी को ठीक कराने के लिए परिवाद प्रस्तुत किए। जिला कलक्टर द्वारा परिवाद को गम्भीरता से लेते हुए अधीक्षण अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को समस्या के त्वरित सामाधान के निर्देश दिए। परिवादी मुनेन्द्र सिंह ने ग्राम तरवा में चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटवाए जाने के सम्बन्ध में मामला प्रस्तुत किया। इस पर जिला कलक्टर ने उपखण्ड अधिकारी को कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे और ग्रामीणों की शिकायतों का प्राथमिकता से समाधान करने की प्रतिबद्धता जताई। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त सभी परिवादों का शीघ्र निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि परिवादियों के परिवाद हल करने की समयावधि तय की जाए। साथ ही तय समयावधि में परिवाद का निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों को भी प्राथमिकता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिए।

## चारागाह भूमि पर खनन के विरोध में पशुपालक एवं किसानों का धरना 135 में दिन भी जारी

बढ़ता राजस्थान



**वैर/ भरतपुर (गोपाल पाठक)।** विधानसभा क्षेत्र वैर के भौंडा गांव में चारागाह भूमि पर हो रहे अवैध खनन को रोकने की मांग को लेकर पशु पालकों व किसानों द्वारा शान्ति पूर्वक दिया जा रहा धरना 135 वे दिन भी जारी रहा। 17 दिसंबर से दिये जा रहे धरनार्थियो की मांगों का अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है इससे उनमें रोष है। धरनार्थी मुकेश फौजी ने बताया कि 14 सूत्रीय मांग पत्र सरकार व प्रशासन को समय-समय पर भेजते रहे हैं परंतु सरकार एवं प्रशासन द्वारा कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। इस मामले को लेकर न्यायालय में भी कार्रवाई की गई है। खनन माफिया के खिलाफ भौंडागांव में चल रहे शांतिपूर्ण धरने को 135 दिन हो चुके हैं लेकिन अभी तक किसानों की मांगों पर कोई समाधान नहीं आया है। धरने पर बैठे पशुपालकों व किसानों का कहना है की हम चाहे कड़ाके की ठंड हो या तपती गर्मी हो कितनी भी समस्या क्यों ना हो जब तक मांगे पूरी नहीं होगी पशुपालक एवं किसान यहां से हटने वाले नहीं हैं। अवैध खनन कार्य को किसी भी कीमत पर चलने नहीं दिया जाएगा।

## यातायात कर्मियों ने महिला के चेहरे पर लौटाई खोई हुई मुस्कान

बढ़ता राजस्थान



**निवाई।** जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा के सुपरवीजन में धौलपुर पुलिस ने पाली जिले के निवासी मनोरमा का खोया हुआ बैग महज 24 घंटों में बरामद कर उसे वापिस कर महिला के चेहरे पर खोई हुई मुस्कान वापस लौटाने का कार्य किया है। महिला ने बताया है कि बैग में 3 लाख रुपए के गहने समेत अन्य सामान था। यातायात प्रभारी आशुतोष सिंह ने बताया है कि महिला मनोरमा बाबा विशिनिगीर धाम से धौलपुर में अपनी बुआ के पास आ रही थी। वह बाड़ी से धौलपुर गुलाब बाग पहुंचीं। वहां से टैम्पो में बस स्टैंड जाते समय उनका बैग टैम्पो में ही छूट गया। इस पर महिला ने कल हमें शिकायत दी। उन्होंने बताया कि वह कैंसर से निजात मिलने पर बाबा के धाम में घंटा चढ़ाने गई थी। इस पर यातायात पुलिस के कॉन्स्टेबल योगेंद्र और चेतन मीणा को जांच सौंपी। दोनों कॉन्स्टेबल ने शहर में लगे अभय कमांड कैमरों की मदद से टैम्पो की पहचान की। फिर ड्राइवर से संपर्क किया। ड्राइवर ने ईमानदारी दिखाते हुए बताया कि बैग उसके पास सुरक्षित है। पुलिस ने महिला को साथ लेकर टैम्पो ड्राइवर से बैग बरामद किया। बैग में रखे करीब 3 लाख के गहने और अन्य सामान सुरक्षित मिले। मनोरमा ने पुलिस की तत्परता और ईमानदारी के लिए धन्यवाद दिया।

## प्रशासन ने रुकवाई कंचनपुर के खेरली में नाबालिग युवती की शादी

### सूचना पर पहुंचे प्रशासन ने माता-पिता को किया पाबंद, पुलिस जाप्ता रहा तैनात

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देशन में मई एवं जून महीने में ग्रामीण क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हो रही शादियों को ध्यान में रखते हुए सभी उपखंड मुख्यायलो पर बाल विवाह रोकने के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना की है। बुधवार को जैसे ही बाड़ी उपखंड कंट्रोल रूम में सूचना प्राप्त हुई कि नगला विधोरा ग्राम पंचायत के गांव खेरली में एक नाबालिग बालिका का विवाह होने जा रहा है। इस सूचना पर तुरंत प्रशासन ने हल्का पटवारी नगला विधोरा के साथ ग्राम खेरली पहुँचे। जहाँ जांच पड़ताल करने पर मालूम हुआ कि रमेश पुत्र अंतराम कोली की पुत्री भावना की आज शादी होने जा रही है। जिसके आधार कार्ड के अनुसार वह नाबालिग है। ऐसे में मौके पर ही टीम ने विवाह को रुकवाया। प्रशासन ने बालिका भावना की मां रेखा एवँ पिता रमेश को पावन्द किया गया साथ ही विवाह करने पर बाल विवाह अधिनियम 2007 के अंतर्गत कड़ी कानूनी कार्यवाही करने की चेतावनी दी साथ मे प्रशासन ने वर पक्ष जो गांव जाकी,पुरैनी तहसील सैंपऊ से बरात लेकर आ रहे थे उनको भी पाबंद करने और विवाह रोकने के लिए तहसीलदार सैंपऊ को सूचना दी। पावन्द किये जाने साथ परिवार नाबालिग बेटी की शादी नही करे इसको लेकर गांव खेरली में पटवारी एवं भू अभिलेख निरीक्षक,नायब तहसीलदार कंचनपुर देर रात तक कंचनपुर थाना पुलिस जाप्ते के साथ मौजूद है।तहसीलदार उत्तम चंद बंसल ने बताया कि यह कार्यवाही उपखंड अधिकारी भगवत त्यागी के निर्देश पर की गई है।

**प्रशासन लगातार सक्रिय, मंगलवार को भी रुकवाई शादी :** तहसीलदार उत्तम चंद बंसल ने बताया कि बाल विवाह को लेकर लगातार प्रशासन चौकसी बरत रहे है। मंगलवार को अक्षय तृतीया पर 29 अप्रैल को भी प्रशासन ने उपखंड के सरनाम का अड्डा ग्राम पंचायत इब्राहिमपुर में एक नाबालिग बालिका का विवाह रुकवाया था और परिजनों को पाबंद किया था।

## उमा नगर कॉलोनी में सीवरेज जाम : पनीर फैक्ट्री का गंदा पानी गलियों में भरा, दुर्गंध से परेशान लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** उमा नगर कॉलोनी में सीवरेज चौक होने से गलियों में गंदा पानी भर गया है। गुरुवार सुबह स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया। कॉलोनी में स्थित पनीर फैक्ट्री का गंदा पानी सीवरेज लाइन में जा रहा है। स्थानीय निवासी बिजेंद्र शर्मा के अनुसार, पिछले कुछ समय से फैक्ट्री का पानी सीवरेज में डाला जा रहा है। इससे सीवरेज चौक हो गया है। गर्मी के मौसम में पनीर के गंदे पानी की दुर्गंध पूरी कॉलोनी में फैल रही है। लोगों ने पनीर फैक्ट्री प्रबंधन और नगर परिषद के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने गंदे पानी की निकासी की मांग की है। साथ ही फैक्ट्री का पानी सीवरेज में डालने पर रोक लगाने की मांग भी की है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

## देश की प्रगति के लिए कोई कार्य छोटा नहीं होता

बढ़ता राजस्थान



भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)। देश की प्रगति के लिए आवश्यक कोई भी कार्य छोटा या बडा नहीं होता है। जबकि धनवान व उच्च पदस्थ लोग शारीरिक श्रम को निम्मतर आंकते है। आधुनिक युग में भी मजदूरों का शोषण होता है, उनसे निर्धारित समय से ज्यादा कार्य करवाकर कम मजदूरी दी जाती है। यदि भवन व सड़क निर्माण, ठेली पर सब्जी बेचने नल व बिजली फिटिंग, अखवार डालने वाले, ओटो रिक्शा चलाने वाले व सफाई मजदूर काम नहीं करे तो हमारी सामान्य जिन्दगी चलना मुश्किल हो जायेगी। इसलिए हमें मजदूर का सम्मान करना चाहिए तथा उनके प्रत्येक कार्य के लिए आभार जताना चाहिए। डॉक्टर सिंह मजदूर दिवस के अवसर पर संगोष्ठी में अपना उद्बोधन दे रहे थे इस अवसर पर डॉ. जोगेन्द्र सिंह ने कहा कि मजदूर को भी समय व मजदूरी के प्रति जागरूक होना चाहिए। मजदूर समाज और देश के निर्माण में अपनी अमूल्य भूमिका निभाते हैं। अतः श्रमिकों को सम्मान देना, उनके अधिकारों की कक्षा करना और उन्हें एक बेहतर कार्य वातावरण देना चाहिए। भानुप्रिया पंकज ने कहा कि कोई भी देश तभी प्रगति कर सकता है, जब नींव मजबूत हो और यह नींव हमारे श्रमिक तैयार करते हैं।

## जनसुनवाई में प्राप्त परिवादो पर प्रभावी कार्रवाई हो : राधेश्याम मीना



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** राज्य सरकार की दिशा निर्देशों अनुसार मा के प्रत्येक प्रथम गुरुवार को पंचायत स्तरीय सुनवाई के दौरान उपखंड मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम पंचायत रंधीरगढ़ में उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा की अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें पंचायती राज से संबंधित 6 जलदाय विभाग से संबंधित 2 सार्वजनिक निर्माण विभाग से संबंधित एक एवं चिकित्सा विभाग से संबंधित एक परिवाद प्रस्तुत हुए। पेयजल व्यवस्था को लेकर कमलेश गुप्ता सुनीता बईदनबानो, अमित, पिंटू मिश्रा सहित अनेक ग्रामीणों ने पेयजल पाइप लाइन में टूटी होने के कारण गंदा पानी आने से आमजन को भारी परेशानी के साथ बीमारी होने का परिवार देते हुए अवगत कराया। इस पर उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा द्वारा सहायक अभियंता को पानी की समस्या पर तत्काल कार्रवाई किए जाने के निर्देश देते हुए अन्य समस्याओं को लेकर संबंधित ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को परिवेदनाओ पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए ग्राम पंचायत में विकास अधिकारी पंचायत समिति भुसावर एवं प्रशासक ग्राम पंचायत रंधीरगढ़ को साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

## सचिव रेखा यादव ने विश्व मजदूर दिवस पर मजदूरों को बताए उनके अधिकार

बढ़ता राजस्थान




**धौलपुर (राजू शर्मा)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक्शन प्लान की पालना में तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार सचिव रेखा यादव द्वारा निर्माणाधीन कोर्ट कैंपस में विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सचिव ने उपस्थित मजदूरों को बताया कि 1 मई को विश्वभर में विश्व मजदूर दिवस मनाया जाता है। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एक्शन प्लान 2025-26 के मुताबिक विश्व मजदूर दिवस का विषय अनौपचारिक कार्यबल को सशक्त बनाना चुनौतियां, अधिकार और प्रगति का मार्ग रखा गया है। असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों हेतु राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नालसा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015 भी जारी है। जिसका उद्देश्य असंगठित कामगारों को विधिक सेवाएं उपलब्ध करवाना सरकार और प्रशासन के माध्यम से कामगारों का वर्ग अनुसार चिन्हिकरण कर उपलब्ध योजनाओं के लिए पंजीकरण करवाकर योजनाओं का लाभ उपलब्ध करवाना है। असंगठित मजदूर के लिए विधिक सेवाऐं योजना 2015 राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा द्वारा शुरू की गई एक योजना है। यह योजना असंगठित क्षेत्र के कामगारों को कानूनी सहायता प्रदान करती है, ताकि वे अपने अधिकारों का संरक्षण कर सकें और न्याय प्राप्त कर सकें। असंगठित क्षेत्र के कामगारों को न्याय तक पहुंच प्राप्त होती है। वे अपने अधिकारों का संरक्षण कर सकते हैं और शोषण से बच सकते है। ई-श्रम पोर्टल भारत सरकार का एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का एक राष्ट्रीय डेटाबेस बनाना है। इसका मुख्य उद्देश्य इन मजदूरों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और लाभों तक पहुंच प्रदान करना है। ई-श्रम पोर्टल का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को सशक्त बनाना और उन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है, ताकि वे देश के विकास में अपनी भूमिका निभा सकें। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की वेबसाइट ह्यद्मह्यड्ड-द्ब1-द्वठ्ठ तथा उनसे संपर्क करने के लिए टोल-फ्री नंबर 15100 और हेल्पलाइन नंबर 9928900900 पर भी संपर्क कर सकते है साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की हेल्पलाइन नंबर 8306002115 पर भी संपर्क कर सकते हैं साथ ही सचिव रेखा यादव ने बाल विवाह के बारे में भी जानकारी दी।

# श्रमिकों को अपने अधिकारों व सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

निंबाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।

राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के सामुदायिक जागरूकता एवं जनसहभागिता कार्यक्रम के तहत आरयूआईडीपी के अधीक्षण अभियंता श्री हंसराम मीणा व अधिशाषी अभियंता सत्य नारायण वर्मा के निर्देशन में पेयजल परियोजना के तहत जल शोधन संयंत्र गंभीरी पर मजदूर दिवस मनाया गया जिसमें अधिशाषी अभियंता सत्य नारायण ने मजदूर दिवस पर बोलते हुए बताया की मजदूर दिवस एक ऐसा दिन है जिसे हम श्रमिकों के योगदान और समाज पर उनके प्रभाव को पहचानने और सम्मान देने के लिए दुनिया भर में मनाते हैं।भारत निर्माण में उनकी मेहनत और संघर्ष बहुत महत्वपूर्ण है। उनकी तरक्की हमारा दायित्व है क्योंकि उनकी प्रगति में देश की उन्नति है किसी भी देश की उन्नति में श्रमिकों का अद्वितीय योगदान होता है कड़ी मेहनत और जद्दोजहद कर वो राष्ट्र निर्माण में अपनी



अभिन्न भागीदारी सुनिश्चित करते है बिना श्रमिक के किसी भी देश के विकास की कल्पना भी नहीं की जा सकती है हम सब मिलकर श्रमिकों के कल्याण के लिए संकल्पित होकर कार्य करते रहने की दिशा में आगे बढ़ें. श्रमिक किसी भी अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी साबित होते रहे हैं। मजदूर व्यवसायों और उद्योगों को सुचारू रूप से चलाने के लिए अथक रूप से काम करते हैं, और उनके बिना हम उन चीजों का आनंद नहीं ले पाएंगे जो हमारे जीवन को आसान और अधिक आरामदायक बनाती हैं इसी क्रम में सामाजिक विकास अधिकारी तनुजा मरेठा ने बताया कि सुरक्षा ही जीवन है, इसलिए सभी श्रमिक साथी कार्य स्थल पर सुरक्षा उपकरणों का उपयोग लेते हुए कार्य करे द्ध अपने आप को सुरक्षा के दायरे मे समायोजित करे । जिस प्रकार आप अपने घर से सुरक्षित आते है उसी प्रकार आप को सुरक्षित घर भी जाना है सुरक्षा के प्रति किसी भी प्रकार कि लापरवाही से बचे क्योंकि छोटी सी लापरवाही बड़ी दुर्घटना का कारण बनती है तथा उपकरणों के बगैर हमें कोई भी परियोजना कार्य निष्पादित नहीं करना है द्य सेफ्टी इंजीनियर देव किशन ने श्रमिकों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि साईट पर कार्य करते समय सुरक्षा का विशेष ध्यान रखे एवं पूरे सुरक्षा उपकरणों के साथ ही कार्य करें कार्यक्रम में प्रोजेक्ट मैनेजर धर्मेंद्र सिंह ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई तथा मजदूरों को अपने अधिकारों के बारे में जानकारी दी कार्यक्रम में निहाल सिंह व बृजमोहन ने अपनी सहभागिता निभाई।

# जिला पुलिस प्रशासन और नवाचार संस्थान की सतर्कता से अक्षय तृतीया पर होने वाले 41 बाल विवाह रोके, परिजनों को किया पाबंन्द



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा।** अक्षय तृतीया के मौके पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो में हो रहे बाल विवाह को रोकने के लिए जिला पुलिस प्रशासन व सामाजिक संस्थान पूरी तरह चाक चौबंद है। इसी क्रम में विगत 7 दिन में नवाचार संस्थान व पुलिस प्रशासन द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्र के गाँवो में होने वाले 41 बाल विवाह को रोकने की कारवाही की गई।

जिले में अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले 41 बाल विवाह विवाहों को नवाचार संस्थान व पुलिस प्रशासन के सयुक्त प्रयास से सफलतापूर्वक रोका गया, यह कार्यवाही नवाचार संस्थान के सचिव अरुण कुमावत के निर्देशन में की गयी इस संयुक्त अभियान में संस्था के जितेन्द्र सिंह तोमर, भगवत सिंह चारण के साथ-साथ पुलिस विभाग की टीम ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी टीमों की सजगता और प्रतिबद्धता के चलते बाल विवाह जैसे सामाजिक कुरीति को रोकने में सफलता मिली। प्रशासन और सामाजिक संगठन की इस पहल से न केवल 41 मासूमों का भविष्य सुरक्षित हुआ, बल्कि समाज में बाल विवाह के खिलाफ एक सकारात्मक संदेश भी गया है।

बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश में नागरिक समाज संगठनों के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के भीलवाडा में सहयोगी संगठन नवाचार संस्थान की ओर से अक्षय तृतीया और शादी-ब्याह के मौसम को देखते हुए बाल विवाहों की रोकथाम के लिए विभिन्न धर्मों के विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहितों के बीच चलाए जा रहे जागरूकता अभियान को व्यापक सफलता मिली है और सभी धर्मगुरुओं ने इसकी सराहना करते हुए समर्थन का हाथ बढ़ाया है। संगठन ने कहा कि यह देखते हुए कि कोई भी बाल विवाह किसी पंडित, मौलवी या पादरी जैसे पुरोहित के बिना संपन्न नहीं हो सकता, हमने उन्हें बाल विवाह के खिलाफ अभियान से जोड़ने का फैसला किया।

इसके सकारात्मक नतीजों को देखते हुए हम उम्मीद कर सकते हैं इस अक्षय तृतीया पर जिले में एक भी बाल विवाह नहीं होने पाएगा। जिले में तमाम मंदिरों-मस्जिदों के आगे ऐसे बोर्ड लगे हुए जिन पर स्पष्ट लिखा है कि यहां बाल विवाह की अनुमति नहीं है। गौरतलब है कि जेआरसी 2030 तक देश से बाल विवाह खत्म करने के मकसद से 'चाइल्ड मैरिज फ्री इंडिया' कैम्पेन चला रहा है।

# संगम विश्वविद्यालय में 'प्रभावी शासन' विषयक प्रशासनिक विकास कार्यक्रम का सफल आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा।** संगम विश्वविद्यालय, भीलवाड़ा में 25 अप्रैल से 1 मई 2025 तक 'उच्च शिक्षा प्रणाली में प्रभावी शासन' विषय पर एक सप्ताहीय प्रशासनिक विकास कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य विश्वविद्यालय के नॉन-टीचिंग स्टाफ को प्रशासनिक दक्षता, डिजिटल साक्षरता और सेवा उत्कृष्टता की दिशा में सशक्त बनाना था। यह आयोजन एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज, विश्वविद्यालय के अकादमिक एवं प्रशासनिक विकास केंद्र, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न




हुआ, जिसमें 70 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुलपति प्रो. करुणेश सक्सेना, प्रो. राजीव मेहता, प्रो. के.के. शर्मा, डॉ. विकास सोमानी, डॉ. हेमंत त्रिवेदी, सीए अयुष जैन और डॉ. दीपक काबरा सहित विशेषज्ञों द्वारा तनाव समय प्रबंधन, कार्य-जीवन संतुलन, उच्च शिक्षा के नियमन, डिजिटल उपकरणों का प्रशासनिक उपयोग, वित्तीय प्रशासन, डेटा सुरक्षा, अकादमिक रिकॉर्ड प्रबंधन, डिजी लाकर जैसे विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। समापन सत्र में आइक्यूएसी निदेशक प्रो. के.के. शर्मा ने इसे 'सफल प्रयास' बताया। प्रतिभागियों ने भी अपने अनुभव साझा किए। रजिस्ट्रार प्रो. राजीव मेहता ने एआईयू टीम का आभार व्यक्त करते हुए नॉन-टीचिंग स्टाफ को संस्थान की रीढ़ बताते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे नवाचारात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रो वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) मानस रंजन पाणिग्राही ने इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह केवल शुरुआत है—स्व-विकास, कौशल अद्यतन और समय निवेश के इस प्रयास से संगम विश्वविद्यालय की कार्य संस्कृति और अधिक सशक्त होगी। समापन में प्रो. प्रीति मेहता ने मंच संचालनकर्ता सीमा काबरा सहित सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और विशेषज्ञों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. नीलेश महेश्वरी, डॉ. राजेन्द्र कच्छावा, दीपक पाराशर और अभिलाषा भट्ट का विशेष योगदान रहा।

# अनुजा निगम द्वारा स्वरोजगार हेतु बैंकों से उपलब्ध कराये जायेंगे ऋण

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा।** राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लि., द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के तहत स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गरीब अनुसूचित जाति के आशार्थियों को बैंको के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराये जायेंगे। यह ऋण किसी भी व्यवसाय जैसे कृषि एवं मृदा संरक्षण में बीज/पौधे/उर्वरक/कीटनाशक आदि का वितरण, शहद मधुमक्खी पालन और प्रसंस्करण, फल और सब्जियां उगाने, छोटी नर्सरी, बीज फार्म, दुधारू मवेशियों और डेयरी फार्मिंग के लिए सहायता, मुर्गी पालन के लिए सहायता, बकरी/भेड़ के लिए सहायता, मछली पालन, हथकरघा और कपड़ा उद्योग, विनिर्माण ईकाईयां, चमड़ा ईकाईयां, फर्नीचर ईकाईयां, मुद्रण, ईंट बनाने की ईकाईयां, रबर ईकाईयां, पेंट और कोटिंग ईकाईयां, रेडीमेड वस्त्र ईकाईयां, खुदरा दुकानें, किराना एवं शोरूम, रत्न एवं आभूषण ईकाईयां, इलेक्ट्रानिक्स ईकाईयां, बेकरी ईकाईयां, बूटीक, ब्यूटी पार्लर, नलसाजी ईकाईयां, ऑटो, ऑटोमोबाईल मरम्मत ईकाईयां, मीडिया और मनोरंजन, स्वास्थ्य देखभाल, कपडे धोने के साबुन व पाउडर बनाना, स्टेशनरी की दुकान, फोटोग्राफी, होजरी की दुकान, ऑटो मेकेनिक, बिजली के सामान, कम्प्यूटर कार्य, मोबाइल दुकान इत्यादि किसी भी कार्य हेतु दिया जा सकता है। राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लि., के परियोजना प्रबंधक ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में सम्बन्धित पंचायत समिति एवं शहरी क्षैत्र में नगरपरिषद् /नगरपालिका एवं अनुजा निगम कार्यालय, कलेक्ट्रेट परिसर, भीलवाडा (दूरभाष संख्या-01482-232625) में सम्पर्क कर सकते है। योजना की ईकाई लागत का 50 प्रतिशत या रूपये 50 हजार जो भी कम हों अनुदान स्वरूप दिया जाता है।

# राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत ने मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी कपासन को सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत उपशाखा कपासन द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर गुरुवार को उपशाखा अध्यक्ष शंकरलाल चौधरी की अगुवाई में उपखंड अधिकारी कपासन राजेश सुवालका को मुख्यमंत्री नाम ज्ञापन सौंपा गया। ब्लॉक मंत्री राजेंद्र यादव ने बताया कि पीडीआरडीए बिल रद्द करने,एनपीएस पैसे कर्मचारियों को लौटाने, स्थाई स्थानांतरण नीति बना सभी संवर्गो के स्थानांतरण करने,बकाया डीपीसी पूर्ण करने, पीडी मद का एक मुश्त बजट जारी करना व आहरण वितरण का अधिकार पीईईओ को देना, उमा विद्यालयों में अनिवार्य विषय अंग्रेजी-हिंदी के पद सृजित करना, संस्कृत शिक्षा विभाग में पद्दोनती शीघ्र प्रारंभ करना, वरिष्ठ व्याख्याता के 50 प्रतिशत पद सीधी भर्ती से भरना,संविदा कर्मियों के मासिक न्यूनतम वेतन 25 हजार रु. करना, नई शिक्षा नीति-2020 की समीक्षा करना आदि विभिन्न विभिन्न मांगो को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा गया है। इस मौके पर शिक्षक संघ शेखावत द्वारा मजदूर दिवस को चेतना दिवस के रूप में मनाया गया। इस ज्ञापन प्रक्रिया दौरान राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के जिलाध्यक्ष जयपाल बुरड़क, संगठन उपशाखा उपाध्यक्ष दिनेश चौधरी, चंदन चोरा, जिला कार्यकारिणी सदस्य राम सिंह चौधरी, श्रीराम, प्रमोद जांगिड़, दयाचंद, रामनारायण, धर्मवीर चौधरी, पवन वर्मा, सीटू के हनीफ मंसूरी, किसान सभा के परसराम आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत जिले में लगाए जाएंगे 31 लाख पौधे

## पौधारोपण के लिए बारिश के मौसम से पूर्व आवश्यक प्रक्रिया व प्रारंभिक कार्य करें शुरू : जिला कलक्टर

### जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला सहकारी समिति व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा।** राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भीलवाड़ा जिला कलक्टर जस्मीत सिंह संधू की अध्यक्षता में जिला सहकारी विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि बारिश के मौसम से पहले पौधारोपण की प्रक्रिया और प्रारंभिक कार्य शुरू किए जाएं। इस वर्ष भीलवाड़ा जिले को 31 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि पौधारोपण ऐसे स्थानों पर किया जाए जहां उनकी



देखभाल संभव हो, जैसे सरकारी भवन, स्कूल आदि। उन्होंने बताया कि प्रमुख हितधारक विभागों में जिला परिषद (7.5 लाख पौधे), वन विभाग (3 लाख), प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (2.5 लाख), शिक्षा विभाग (15 लाख), और खनन विभाग (1.5 लाख) शामिल हैं। उन्होंने विभागों को निर्देश दिए कि 15 मई तक जल संरक्षण संरचनाओं की पहचान कर ली जाए और 30 मई 2025 तक उनका जियो-टैगिंग कार्य पूरा किया जाए।

**राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की विभागीय समीक्षा :** जिला कलक्टर ने राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों से एनजीटी के निर्देशों, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, गांधी सागर तालाब सहित विभिन्न पर्यावरणीय मुद्दों की स्थिति और प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान क्षेत्रीय अधिकारी दीपक धनेटवाल ने बोर्ड द्वारा किए गए नवाचारों और उनकी प्रगति से अवगत कराया। चंद्रभान सिंह भाटी (मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद), महेश (खनिज अभियंता), पीआर मीणा (अतिरिक्त उप महाप्रबंधक, रीको), मुन्नी (एसीएफ, वन विभाग), दीपक धनेटवाल (क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड) सहित अन्य अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

# भीलवाड़ा में प्रतिबंधित ई-सिगरेट की बिक्री पर कार्रवाई, 60 पैकेट जब्त, एक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** पुलिस थाना कोतवाली ने प्रतिबंधित इलेक्ट्रोनिक सिगरेट की अवैध बिक्री के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 60 पैकेट ई-सिगरेट जब्त किए हैं। जब्तशुदा सिगरेट की अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 80 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशानुसार जिले में आपराधिक गतिविधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय पारस जैन के निर्देशन और वृत्ताधिकारी शहर मनीष बडगुर्जर के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

पुलिस थाना कोतवाली में डीएसटी टीम को सूचना मिली कि शास्त्रीनगर सर्किल स्थित मोहन पान की दुकान पर दुकानदार महेश कुमार द्वारा प्रतिबंधित ई-सिगरेट बेची जा रही है। इस सूचना के आधार पर पुलिस उप निरीक्षक अर्जुन लाल और उनकी टीम ने नियमानुसार तलाशी ली। तलाशी के दौरान दुकान में रखी बखारी से 60 पैकेट ई-सिगरेट बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ ई-



सिगरेट अधिनियम 2019 की धारा 4/7 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया। प्रकरण संख्या 151/2025 के तहत आरोपी महेश कुमार पिता मोहनदास टहलयानी, उम्र 38 वर्ष, निवासी शास्त्रीनगर, थाना कोतवाली, भीलवाड़ा को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस टीम में अर्जुन लाल (उप निरीक्षक), गिरधारी राम, रामकिशन, अजय, अनिल, राकेश, कन्हैयालाल, शंकरलाल रहे।

# गाजे बाजे के साथ निकलेगा भगवान परशुराम का जुलूस

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा।** भगवान विष्णु के छठे अवतार चिरंजीवी परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर दीपपूरा घाटे पर रावतभाटा के सभी ब्रह्म बंधुओ ने एकत्रित होकर भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर महा आरती का आयोजन किया गया। 501 दीपक जलाकर पूजा की गई । विप्र फाउंडेशन जिला महासचिव अनिल शर्मा के अनुसार भगवान परशुरामजी की प्रथम पूजा मध्य प्रदेश पुलिस सेवा से रिटायर्ड टी.आई. अशोक मंडलोई ने की इसके बाद सभी उपस्थित बन्धुओं ने बारी बारी से पूजा की इस दौरान महा आरती दीपदान एवं महिलाओं द्वारा कीर्तन किया गया द्य पूजा के दौरान विप्र फाउंडेशन जिला अध्यक्ष के के दुबे ने भ्रामक खबरों का खंडन करते हुए सभी बंधुओ से अपील की कि इन खबरों पर ध्यान ना दे, विप्र फाउंडेशन द्वारा घोषित सभी



कार्यक्रम यथावत आयोजित किए जा रहे है, इसी कड़ी में 3 मई को रामलीला मैदान पर बच्चों व महिलाओं के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन रखा गया है तथा 4 मई को नारायण पुरी आश्रम भैंसरोड गढ़ चौराहे से रामलीला मैदान चारभुजा तक शोभायात्रा निकाली जाएगी इसमें सभी विप्र बंधु अपने परिवार सहित अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर भगवान परशुराम जी के प्रति अपनी श्रद्धा व सम्मान प्रकट करें द्य पूजाके समय विप्र फाउंडेशन के के दुबे, दिनेश शर्मा, हरिओम शर्मा, संतोष शर्मा, हरीश शर्मा, हेमंत व्यास, बनवारी लाल श्रोत्रिय, अनिल शर्मा, शंभू दयाल जोशी, कोषाध्यक्ष, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के कोषाध्यक्ष पी पी भारद्वाज व वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश शर्मा, पुष्पेंद्र भारद्वाज, शम्भु दयाल दशोरा, भूपेंद्र अवस्थी, विजेंद्र मिश्रा, पंकज तिवारी, सूर्य प्रकाश शर्मा , सी एम शर्मा, सनाढ्य ब्राह्मण महासभा तहसील अध्यक्ष आरपी शर्मा, पुरषोत्तम शर्मा, विजेंद्र पाराशर, अवधेश, एम एल सुखवाल, रजना पुरोहित , रंजना शर्मा, पूनम शर्मा, रीना शर्मा, पूजा दुबे, रश्मि मिश्रा, मंजू शर्मा, गीता दुबे,भारती व्यास, रेखा शर्मा, मंजू पाराशर,अनीता शर्मा, हितिका गौतम शर्मा, अखिलेश शर्मा, मिथिलेश शर्मा विमलेश शर्मा, प्रेरणा शर्मा, पूनम दूबे, बिट्टू द्विवेदी ने पूजा में भाग लिया।

# भील बेरी क्षेत्र में शोधार्थी द्वारा फील्ड विज़िट, जैव विविधता पर महत्वपूर्ण प्रलेखन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा।** संगम विश्वविद्यालय, भीलवाड़ा के वनस्पति विज्ञान विभाग की शोधार्थी हीनल सांखला द्वारा भील बेरी क्षेत्र में फील्ड विजिट का आयोजन किया गया। हीनल अपना शोध कार्य वनस्पति विज्ञान विभाग में कार्यरत डॉ किशोर सिंह निर्देशन में कर रही हैं। अरावली पर्वतमाला में स्थित भील बेरी क्षेत्र अपनी कठोर स्थलाकृति, चट्टानी संरचनाओं, शुष्क



पर्णपाती वनस्पति और मौसमी जलधाराओं के कारण विशिष्ट पारिस्थितिक प्रणाली प्रस्तुत करता है, जो जैव विविधता के अध्ययन हेतु अत्यंत अनुकूल है। फील्ड विज़िट के दौरान क्षेत्र में पाई जाने वाली कई दुर्लभ वन्य प्रजातियों एवं औषधीय पौधों का प्रलेखन किया गया। यह क्षेत्र न केवल पारिस्थितिकीय दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि अनुसंधान एवं विज्ञान के क्षेत्र में भी संभावनाओं से भरपूर माना जा रहा है। यहाँ स्थानीय मेघवाल समुदाय से भी संवाद किया गया। समुदाय के सदस्यों ने पारंपरिक संरक्षण विधियों, औषधीय पौधों के उपयोग एवं वन्यजीवों की मौसमी गतिविधियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं, जो भविष्य के शोध के लिए एक सशक्त आधार प्रदान करती हैं।



## सब्जी मंडी में ठेलों का जाम, हर पल परेशान आम

### जाम से निजात दिलाने को नगर परिषद ने बनाया एक्शन प्लान

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर( राकेश शर्मा )।** आज दिन जाम के हालात से जूझ रही सब्जी मंडी को अतिक्रमण से निजात दिलाने के लिए नगर परिषद ने यहां नई व्यवस्था बनाते हुए एक्शन प्लान तैयार किया है। इसके तहत ठेला चालकों को समय देते हुए आपसी समन्वय से सुव्यवस्थित होने के लिए दो दिन का समय दिया है। इसकी अवधि शुक्रवार को समाप्त हो रही है!इसके बाद यहां अतिक्रमण एवं जाम की समस्या आने पर नगर परिषद की टीम कार्रवाई करेगी। बता दें कि सब्जी मंडी के सामने रोड पर जहां सुबह आढतियों की मंडी के चलते जाम के हालात रहते हैं। वहीं दिन के समय भी पेट्रोल पंप के पास से सिंचाई विभाग की ओर जा रहे रास्ते पर भी ठेला संचालकों के जगह-जगह खड़े होने से निकलना मुश्किल हो जाता है। हाल ही जिले में अतिक्रमण के मामलों को लेकर जिला प्रभारी मंत्री ने भी प्रशासन से इसकी रिपोर्ट मांगी थी और अतिक्रमणों को हटाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद से ही नगर परिषद की टीम हरकत में आ गई है। गत दो दिन से नगर परिषद की टीम यहां कार्रवाई करने पहुंच रही है। मंगलवार शाम को नगर परिषद के सभापति जयप्रकाश सामरिया भी सब्जी मंडी क्षेत्र में पहुंचे थे और यहां मिलकर लोगों से व्यवस्था बनाने की अपील की। साथ ही अतिक्रमण नहीं हटाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। इसी मामले को लेकर बुधवार को सब्जी मंडी के आढतियां एवं ठेला व्यापारी नगर परिषद कार्यालय पहुंचे और सभापति से मिलकर कार्रवाई नहीं करने की मांग की। साथ ही ठेला चालकों के लिए खड़े होने की जगह मांगी। इस पर सभापति ने नई व्यवस्था देते हुए सब्जी मंडी के ठेला व्यापारियों को दो दिन का अल्टीमेटम दिया है।

**यह है नई व्यवस्था :** नई व्यवस्था के तहत पोस्ट ऑफिस से स्टेशन रोड स्थित विष्णु साइकिल स्टोर तक एक तरफ की सड़क को छोड़ एक साइड खड़े होने की व्यवस्था इन ठेला संचालकों को दी है। साथ ही जो ठेला संचालक यहां नहीं खड़े हो पा रहे हैं। उन्हें सिंचाई विभाग के सामने खाली जगह पर खड़ा होने के लिए कहा है, जिससे लोग मंडी में सुगमता से निकल सकें और जाम के हालात नहीं बने।

**सभी पोल के अन्दर खड़े हो :** सब्जी मंडी में जाम की समस्या है। इसके लिए यहां एक व्यवस्था बनाई है। सभी को पोल के अंदर खड़ा होने और एक तरफ का रास्ता जाम रहित होने को लेकर व्यवस्था बनाने को कहा है। इसके लिए इन्हें दो दिन का समय दिया है। व्यवस्थित नहीं होने पर नगर परिषद की टीम यहां कार्रवाई करेगी।

**जयप्रकाश सामरिया, सभापति, नगर परिषद सवाईमाधोपुर**

### ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आयोजित

# अजमेर जिले के भिनाय उपखंड की ग्राम पंचायत कैरोट में नहीं हुई जनसुनवाई

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर ( घनश्याम दास )।** एक कहावत है जो अजमेर जिले के लास्ट बॉर्डर की ग्राम पंचायत कैरोट परफेक्ट होती नजर आ रही है कहावत वह है कि अंधेरी नगरी और चौपट राजा यह यहां पर हकीकत साबित हो रही है । जन अभियोग निराकरण के सम्बन्ध में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई के अन्तर्गत जिले में 230 प्रकरण निस्तारित कर आमजन को राहत प्रदान की गई। लोक सेवाओं की सहायक निदेशक श्रीमती विनीता स्वामी ने बताया कि सरकार द्वारा जन अभियोग निराकरण के सम्बन्ध में जनसुनवाई कर आमजन को राहत पहुंचाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। ग्राम पंचायत स्तर पर जनसुनवाई एवं समाधान व्यवस्था जिले के समस्त 236 ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर माह के प्रथम गुरूवार को आयोजित होती है। इस माह भी प्रथम गुरूवार को वीसी के माध्यम से जनसुनवाई आयोजित की गई। इसमें उपस्थित परिवादियों ने अपनी समस्याएं रखी। इनमें से कई प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। उन्होंने बताया कि त्रिस्तरीय जनसुनवाई में से ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई मई माह के प्रथम गुरूवार को जिले की 236 ग्राम पंचायतों पर आयोजित हुई। इस जन सुनवाई के दौरान प्राप्त 928 प्रकरणों में से 230 का मौके पर ही निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान की गई। शेष प्रकरणों के निस्तारण के लिए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिले में उपखण्ड अजमेर में 56, अरांई में 25, भिनाय में 17, केकड़ी में 4, किशनगढ़ में 13, नसीराबाद में 13, पीसांगन में 3, पुष्कर में 6, रूपनगढ़ में 39, सरवाड में 39 एवं सावर में 15 प्रकरण मौके पर निस्तारित किए गए। इस जनसुनवाई के तहत भिनाय उपखंड की ग्राम पंचायत कैरोट में जनसुनवाई आयोजन कार्यक्रम नहीं हुआ। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि डबल इंजन सरकार के आते ही इस ग्राम पंचायत की मनरेगा कार्य करीबन एक वर्ष पूर्व से ही बंद पड़ा है। जिसे ग्रामीणों को रोजगार नहीं मिल रहा है।अपनी परेशानी का दुखड़ा किसे सुनाए, इस ग्राम पंचायत की जनता काफी परेशान है, और आमजन ने बताया कि साल भर से हम बेरोजगार हो रहे हैं।

ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी एवं कनिष्ठ सहायक द्वारा 1 वर्ष से कोई कार्य स्वीकृत नहीं कराया गया जिसका खामिया जा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। इस ग्राम पंचायत पर एक कहावत फिट बैठ रही है। जो हकीकत में बयां कर रही है कि, अंधेरी नगरी, चौपट राजा, जो इस ग्राम पंचायत के साथ हो रहा है। यहां आमजन रोजगार के लिए तरस रहा है जिस पर ना तो पंचायत समिति विकास अधिकारी ध्यान दे रहा है। और ना ही ग्राम विकास अधिकारी एवं कनिष्ठ सहायक ध्यान दे रहा है। जिससे जनता बेरोजगार होकर रोजगार के लिए तरस रही है। यह बेरोजगार जनता इस डबल इंजन सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से अपने रोजगार के लिए मांग कर रही है। इस ग्राम पंचायत की जनता की आवाज कोई सुनने वाला नहीं है यह अपना दुखड़ा किसे सुनाएं क्योंकि इस ग्राम पंचायत पर हमेशा ताला जड़ा रहता है। जिससे आमजन काफी परेशान है। और आने वाले समय में चुनाव का बहिष्कार करने की तैयारी में लगी हुई है।

## अतिरिक्त जिला कलेक्टर चंद्रशेखर भंडारी ने व्यक्त की नाराजगी

- जनसुनवाई के दौरान अन्य कोई भी ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारी नही मिला मौजूद
- अतिरिक्त जिला कलेक्टर महोदय ने कर्मचारी व अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस किया जारी

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर/केकड़ी ( घनश्याम दास )।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर केकड़ी ने ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई के दौरान ग्राम पंचायत अजगरा व लल्लाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अजगरा ग्राम पंचायत में जनसुनवाई का आयोजन राज्य सरकार के निर्देशानुसार नहीं किया जाना पाया गया। जनसुनवाई में मात्र एक परिवाद दर्ज किया गया जो की जनसुनवाई का प्रचार -प्रसार उचित तरीके से नहीं किए जाने को दर्शाता है। परिवाद की प्रतिलिपि मौके पर नहीं मिलने पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर महोदय ने नाराजगी व्यक्त की जनसुनवाई के दौरान अन्य कोई भी ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारी मौजूद नहीं होने पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने उपखंड अधिकारी व विकास अधिकारी को राज्य सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम के प्रति लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी व अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

ग्राम पंचायत ललाई की जनसुनवाई के निरीक्षण में भी ग्राम विकास अधिकारी व अन्य ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारी व कार्मिक अनुपस्थित पाए गए से यह प्रतीत होता है की जनसुनवाई के प्रति निचले स्तर के के कार्मिक गंभीर नहीं है तथा प्रचार प्रसार में भी लापरवाही बढ़ती जा रही है जिस कारण परिवादी जनसुनवाई में नहीं पहुंच पा रहे हैं, इसे भी अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने गंभीरता से लिया तथा तत्काल लापरवाही बरतने वाले के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने कहा कि विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण और सुचारू करने में विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के भी बड़ी जिम्मेदारी हैं।

ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई को माननीय मुख्यमंत्री महोदय भी सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे हैं ताकि ग्रामीण की समस्याओं का प्रभावी समाधान हो सके।

## देवली मे सखी सहेली शाखा ने मजदूर दिवस पर सेवा कार्य करके मजदूर दिवस मनाया



बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी ) ।** गुरुवार को यहां अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन की,स्थानीय सखी सहेली शाखा ने मजदूर दिवस के पर कासीर में मनरेगा मजदूर महिलाओं के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में सखी सहेली शाखा की,संरक्षिका कमलेश मुंदडा और उपाध्यक्ष शिल्पा सोनी ने बताया कि मजदूर दिवस लगभग 50 महिला मजदूरों को सुबह का नाश्ता करवाया और उन्हें गर्मी से राहत पाने के लिए समर कोट वितरित किए गए, साथ ही यह भी बताया कि मजदूर महिलाएं सर्दी, गर्मी और बारिश सभी मौसम में अपने घर और मजदूरी कार्य दोनों एक साथ संभालती हैं। ऐसे में मजदूर वर्ग की महिलाओं के बलिदान और मेहनत को ध्यान में रखकर उनका आदर करना हमारा कर्तव्य बनता है। शाखा के पदाधिकारी गण इस मौके पर मजदूर महिलाओं के लिए भीषण गर्मी को देखते हुए ठंडे शरबत की व्यवस्था रखी। तो वहीं कासीर के प्रशासक की मदद से कार्यक्रम व्यवस्थित रहा। कार्यक्रम में नीतू मंगल, मोनिका सुराणा, निधि गर्ग, बबीता गोयल,वन्दना तोषनीवाल, नीलम मनचंदा,सुनीता गोयल सहित कई सदस्य मौजूद रही थीं। इस कार्यक्रम में मजदूर महिलाओं के चेहरे पर खुशी देखकर सभी का मन प्रफुल्लित हो उठा ।

## तहसीलदार बंटी देवी राजपूत ने मिड डे मील का किया औचक निरीक्षण, अनुपस्थित कार्मिक के विरुद्ध दिए कार्रवाई के निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर ( इक़बाल अहमद ) ।** जिला कलेक्टर अजमेर के आदेश की अनुपालना में तहसीलदार सरवाड़ श्रीमती बंटी देवी राजपूत द्वारा क्षेत्र के विभिन्न राजकीय विद्यालयों में मिड डे मील योजना के क्रियान्वयन की स्थिति का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में मिड डे मील की गुणवत्ता, स्वच्छता, भोजन संग्रहण व्यवस्था सहित उपस्थिति व्यवस्था की गहन जांच की गई। निरीक्षण के मुख्य निष्कर्ष निम्नलिखित रहे।

**राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, अजगरा :** यहां मिड डे मील की संपूर्ण व्यवस्था उत्कृष्ट पाई गई। भोजन की गुणवत्ता संतोषजनक रही तथा भोजनशाला की साफ-सफाई एवं संग्रहण व्यवस्था भी मानकों के अनुरूप रही।

**राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बिड़ला :** विद्यालय में मिड डे मील की व्यवस्था असंतोषजनक पाई गई। परिसर में साफ-सफाई का अभाव देखने को मिला तथा परीक्षा कक्ष में एक कर्मचारी अनुपस्थित पाया गया। तहसीलदार ने संबंधित प्राचार्य को अनुपस्थित कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पीएचसी, ग्राम बिडला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया, मौजूद स्टाफ को केंद्र की स्वच्छता, साफ-सफाई एवं मरीजों के लिए मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता को प्राथमिकता देने हेतु निर्देश दिये गये।

**राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, भगवानपुरा :** यहां मिड डे मील योजना सहित अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। तहसीलदार श्रीमती बंटी देवी राजपूत ने स्पष्ट किया कि बच्चों के पोषण और शिक्षा से जुड़ी योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही गंभीरता से ली जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों में मिड डे मील योजना की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन समय पर उपलब्ध हो।

## महिला सुरक्षा सलाह केंद्र ने सुलझाया पारिवारिक विवाद



बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** देवली थाने में बने महिला सुरक्षा सलाह केंद्र ने एक पारिवारिक विवाद को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मामला यह सामने है कि परिवादिया काजल देवी ने अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ मारपीट का परिवाद दिया था। जिस पर थाने के एएसआई दिलीप सिंह और महिला सुरक्षा सलाह केंद्र की एडवोकेट रश्मि वर्मा ने कार्रवाई की। उन्होंने दोनों पक्षों को देवली थाने में बुलाकर समझाइश की गई और विधि सलाहकार एडवोकेट रश्मि वर्मा ने समझाईश कर परिवादिया के पति और ससुराल वालों को राजी-खुशी घर भिजवा दिया। काजल देवी एसबीआई बैंक के सामने अपने पति के साथ रहती हैं और इस समझौते से उन्हें बड़ी राहत मिली है। महिला सुरक्षा सलाह केंद्र की इस पहल से पारिवारिक विवाद को सुलझाने में मदद मिली है।

## अजमेर जिले के अजगरा की बेटी हुई राष्ट्रीय रत्न पुरस्कार से समानित

बढ़ता राजस्थान

अजमेर (इक़बाल अहमद) ।अजमेर जिले के अजगरा गांव की बेटी ने गांव का गौरव बढ़ाया। ग्राम अजगरा से रावणा राजपूत समाज की बेटी का राष्ट्रीय रत्न पुरस्कार से सम्मानित हुआ। राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं महिला बाल विकास आयोग द्वारा आयोजित मुम्बई में सम्मान समारोह में गांव अजगरा की बेटी भंवर कंवर ( पूजा राठौड़) पोती श्री रामनिवास जी गहलोत को राष्ट्रीय रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।इस खबर के बाद गांव में खुशी की लहर है। गांव व आसपास के लोग भंवर कंवर को सोसल मीडिया पर बधाई दे रहे है।

## वक्फ संशोधन बिल के विरुद्ध बत्ती गुल रखकर जताया विरोध

बढ़ता राजस्थान

देवली (गोविंद सिंह सेठी) ।यहां स्थानीय मुस्लिम समुदाय ने ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के आह्वान पर वक्फ संशोधन बिल 2025 के खिलाफ एकजुटता दिखाई। शादाब अख्तर रिजवी हारुन अंसारी रईस पठान ने जानकारी में बताया कि शहर में समुदाय के लोगों ने अपने घरों और प्रतिष्ठानों में शाम 9 से 9.15 बजे तक बत्ती गुल कर विरोध जताया और देवली शहर के विभिन्न क्षेत्रों जैसे एजेंसी एरिया, भिश्ती मोहल्ला, कुरैशी मोहल्ला, अंसारी कॉलोनी, प्रताप नगर और बंगाली कॉलोनी में पूर्ण ब्लैक आउट किया गया। समुदाय ने भारत सरकार से इस बिल को वापस लेने की अपील की है।

## उपखण्ड़ अधिकारी ने मिड डे मील योजना का किया औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर/ सरवाड़ ( इक़बाल अहमद ) ।** सरवाड़ उपखण्ड़ अधिकारी गुरु प्रसाद तंवर ने राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय शोकलिया एवं महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय फतेहगढ़ का औचक निरक्षण किया। मिड डे मील योजना राजस्थान जयपुर आयुक्त एवं जिला कलेक्टर अजमेर के आदेश की अनुपालन करते हुए। 1 मई 2025 को मिड डे मील योजना के अंतर्गत विद्यालयों में वितरित किए जा रहे मिड डे मील एवं मुख्यमंत्री बाल गोपाल दूध वितरण योजना का ओचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी ने गेहूं चावल एवं मिल्क पाउडर के स्टॉक की स्थिति का जायजा लिया एवं स्टॉक स्टोर रूम का निरीक्षण किया। मिड डे मील प्रभारी को निर्देशित किया कि स्वच्छता का पूर्ण रूप से ध्यान रखा जाये।साथ ही परोसने एवं भोजन करने से पहले बालक एवं बालिकाओं को हाथ धुलाकर भोजन कराया जाने पर ध्यान देने एवं प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया कि कुक कम हेल्पर का भुगतान समय पर करें। निरीक्षण के दौरान उपखंड कार्यालय से गोपाल लाल धाकड़ होमगार्ड बुद्धि प्रकाश मीणा, प्रधानाचार्य अंजना पांडे, उप प्रधानाचार्य उम्मेद सिंह, पोषाहार प्रभारी सुरेंद्र कौशल, सुरेश चंद पांडे, उपस्थित रहें।

## यमन नागरिक अब्दुल्ला सालेह अब्दुल्ला मोहम्मद कोब्री मय परिवार का डिपोर्टेशन

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर एक मई को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सी आई डी (विशा) एवं विदेशी पंजीकरण अधिकारी अजमेर शहर एवं पुष्कर अजमेर श्री राजेश मीना ने बताया कि यमन नागरिक अजमेर स्थित भगवंत विश्वविद्यालय में अध्ययनरत था। विदेशी छात्र द्वारा वर्ष 2022 में भगवंत विश्वविद्यालय में पीएचडी में प्रवेश लिया गया। छात्र नियमित रूप से विश्वविद्यालय में उपस्थित नहीं रहता था। नियमित रूप से अजमेर में भी निवास नहीं कर रहा था। विदेशी छात्र की पत्नी तथा 3 बच्चे भी वैध वीजा पर इसके साथ रहते थे। विदेशी छात्र द्वारा संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायोग के माध्यम से स्वयं तथा अपने परिवार के सदस्यों के शरणार्थी कार्ड बनवाए जाकर वीजा नियमों का उल्लंघन किया गया। विदेशी छात्र की अनियमित गतिविधियों तथा वीजा नियमों का उल्लंघन किए जाने से उक्त विदेशी छात्र मय परिवार को चिन्हित कर इस कार्यालय द्वारा जांच की गई। वीजा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर एफआरओ, अजमेर शहर एवं कस्बा पुष्कर द्वारा विदेशी छात्र एवं उसके परिवारजनों (कुल 5 व्यक्तियों) को लीव इण्डिया नोटिस जारी किया गया।

# दादा भाई बनकर अजय को टक्कर देंगे रितेश देशमुख

## कॉमेडी से हटकर विलेन का रोल निभा रहे एक्टर, कहा- हर किरदार में ढल जाता हूं

**अजय देवगन की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'रेड-2' एक मई को थियेटर में लग चुकी है। इस फिल्म में अजय का सामना रितेश देशमुख से होने वाला है। 'रेड-2' फिल्म साल 2018 में आई फिल्म 'रेड' का सीक्वल है। डायरेक्टर राजकुमार गुप्ता की इस ड्रामा थ्रिलर मूवी में वाणी कपूर और सौरभ शुक्ला भी नजर आएंगे।**



**सवाल- रितेश, आपने हर जॉनर की फिल्में की हैं। आपके फैंस को लगता है कि आप अंडर रेटेड एक्टर हो। क्या कहेंगे?**

मैं 22 साल से इंडस्ट्री में काम कर रहा हूं। शुरुआत के 10-12 साल एक ही तरह के रोल और फिल्मों को करने में चले गए। उस वक्त सोचता था कि कभी ऐसा समय भी आएगा जब लोग कहेंगे कि ये कॉमेडी छोड़कर कुछ और भी कर सकता है। जब राजकुमार जी जैसे डायरेक्टर आपको इतने बेहतरीन रोल में सोचते हैं और फिर कास्ट करते हैं, ऐसे में ऑडियंस से तारीफ मिलती है तो अच्छा लगता है। मुझे लगता है कि मेरे अंदर कॉमेडी से अलग भी कुछ है। हालांकि, मैं कॉमेडी बहुत पसंद करता हूं लेकिन किसी भी चीज से ज्यादा मुझे एक्टिंग पसंद है।

**सवाल- रितेश आपकी एक्टिंग पानी के जैसे है, जिस बर्तन में डाल दो, वैसा ही आकार ले लेता है।**

इस तारीफ के लिए शुक्रिया। मेरा मानना है कि मेरी पर्सनैलिटी ऐसी है, जो माहौल होता है, उसमें घुलमिल जाता हूं। अगर मेरे डायरेक्टर राज हैं, तो मैं उनके जैसा होना पसंद करता हूं। उनकी दुनिया में ढल जाता हूं। अगर मैं इंद्र कुमार के सेट पर हूं तो मैं उनके जैसा बन जाता हूं। मैं अपने जैसा तब होता हूं, जब मैं अपनी फिल्मों में काम करता हूं।

**सवाल- राजकुमार, 'रेड-2' आपके लिए क्या है और इसे बनाने में इतना समय क्यों लगा?**

फिल्म का कोई टाइम-टेबल नहीं होता है। टाइम इसलिए लगा कि मुझे ऐसी कहानी चाहिए थी, जो 'रेड' की कहानी को आगे ले जाने में सक्षम हो। कहानी के स्क्रीन प्ले और नेरेशन पर मेहनत हुई इसलिए भी टाइम लगा। अजय सर और रितेश जैसे एक्टर को एक साथ कास्ट करने और एक-दूसरे के खिलाफ दिखाने के लिए एक मजबूत कहानी की जरूरत थी। किरदार और कहानी ऐसी होनी चाहिए थी कि जब ऑडियंस देखे तो उन्हें भी मजा आया। इन सबकी वजह से इस फिल्म को लाने में समय लगा। मेरे लिए 'रेड-2' के मायने एक अच्छी कहानी और अच्छे पात्र हैं।

**सवाल- आप रितेश को दादा भाई के किरदार के लिए कास्ट करते समय क्या सोच रहे थे?**

देखिए, जैसा रितेश ने कहा कि वो 22 साल से काम कर रहे हैं। इन्होंने अलग-अलग किरदार निभाए हैं और एक मंझे हुए कलाकार हैं। रितेश बहुत सिंपल और नैचुरल हैं। डायरेक्टर इन्हें जिस भी किरदार में ढालना चाहता तो ये ढल जाते हैं। कॉम्लेक्स रोल को भी ये जिस सिंपलिसिटी के साथ निभाते हैं, वो अपने आप में कमाल है। मैंने दादा मनोहर भाई का किरदार बनाते समय रितेश की इन्हीं बातों को ध्यान में रखा। इनके साथ ऐसा नहीं है कि किरदार के लिए घंटों प्रैक्टिस करेंगे। मैंने इनके साथ 'रेड-2' से भी पहले एक सीरीज में काम किया था। मैंने उस वक्त देखा कि सेट पर हम सब हंसी- मजाक करते रहते थे और जैसे ही कैमरा ऑन होता था, ये अपने किरदार में घुस जाते थे। तभी मैंने सोचा था कि मेरे पास कोई ऐसा किरदार हुआ जिसके लिए रितेश को अप्रोच किया जाना चाहिए, तो मैं जरूर करूंगा। 'रेड-2' के समय ऐसा ही हुआ। मुझे पर्सनली ऐसा लगा कि रितेश इस किरदार को बहुत अच्छे से निभाएंगे और इसे एक अलग लेवल पर लेकर जाएंगे।

**सवाल-रितेश, आपको इस किरदार में क्या अच्छा लगा था?**

मैं सबसे पहले ये देखता हूं कि कहानी कहना क्या चाहती है। दूसरा कि इसे बना कौन रहा है। एक तो कहानी बहुत अच्छी थी और राजकुमार जी इस फिल्म को बना रहे थे। मुझे ऐसे रोल में किसी ने पहले देखा नहीं है। हालांकि, जब मैंने एक विलेन किया था, तब उसमें मेरा किरदार एक कॉमन मैन का होता है। जो भीड़ में खोने वाला इंसान था। अगर वो कहीं भीड़ में खड़े हो तो आपको उसमें कोई खास बात नहीं दिखेगी। लेकिन 'रेड-2' का मेरा किरदार ऐसा है कि जब ये इंसान कहीं खड़ा होगा तो वहां भीड़ इकट्ठा होगी।

दादा मनोहर भाई की पर्सनैलिटी इतनी डायनेमिक है। ये एक सेल्फ मेड पॉलिटिकल लीडर है, जो रास्ते से शुरुआत करता है और केंद्रीय मंत्री बनता है। कई दफा पावर डर की वजह से होती है। लेकिन दादा भाई की खासियत ये है कि इनकी पावर लोगों के प्यार और इज्जत की वजह से होती है। जब लोग इस तरह से प्यार करते हैं, फिर उस पावर की बात ही अलग होती है। मुझे लगा कि दादा मनोहर भाई कि किरदार में ताकत है और एक समय के बाद जिस तरह से फिल्म में वो उस पावर को यूज करना शुरू करता है। वो डरावना हो सकता है।

**सवाल- आप एक पॉलिटिकल फैमिली से आते हैं। इस रोल के लिए निजी अनुभव कितना काम आया?**

इस फिल्म में मेरा जो किरदार है, वो काफी अलग है। ऐसे में मुझे नहीं लगता कि कैरेक्टर में निजी अनुभव कोई काम आया। हां,लोगों के बीच एक पॉलिटिकल लीडर कैसे रहता है, पब्लिक स्पीच के दौरान क्या माहौल होता है ये सब मुझे पता था। मुझे पता है कि बैकस्टेज क्या होता है, स्टेज पर पहुंचने के बाद क्या होता है और स्पीच के बाद जब आप लोगों के बीच जाओ तो क्या बातें होती हैं। मंत्रालय के कॉरिडोर में अगर चल रहे हैं, तो आसपास क्या बातें होती हैं, ये पता है मुझे। मैंने इन चीजों को नजदीक से देखा है। फिल्म में जब ऐसे सीन्स फिल्माए जा रहे थे, तब मेरा ये अनुभव काम आया। मैं भाग्यशाली रहा हूं कि मुझे अलग-अलग पार्टी के बहुत सारे नेताओं से मिलने का मौका मिला है। उन सबका अपने तौर-तरीका और स्वैग है। कोई पब्लिक स्पीकिंग में अच्छा है तो किसी में ठहराव है और किसी में सादगी। इस रोल के लिए मैंने कई सारे लीडर्स के कैरेक्टर से कुछ ना कुछ लिया है। लेकिन मैं ऐसा नहीं कह सकता है कि मैंने जो किरदार किया है, वो हूबहू किसी से मिलता है।

**सवाल- राजकुमार, आप ओरिजनल कहानी के लिए जाने जाते हैं लेकिन आपकी फिल्म में दो ऐसे स्टार्स हैं, जो हिट फ्रेंचाइजी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं।**

ऐसा नहीं है। अजय और रितेश दोनों ने फ्रेंचाइजी के अलावा भी फिल्में की हैं। हां, इनकी फ्रेंचाइजी हिट रही है। हमारी इंडस्ट्री ऐसी है कि गारंटी किसी भी चीज की नहीं होती है। 'रेड-2' सीक्वल है लेकिन इसकी कहानी ओरिजनल ही है। हमने पहली फिल्म के किरदारों को इसमें आगे बढ़ाया है। किरदारों के इर्द-गिर्द जो दुनिया है, वो ओरिजनल ही है। अगर ऑडियंस फ्रेंचाइजी या ओरिजनल फिल्म समझकर देखने आती है तो इससे अच्छी बात क्या होगी। आखिरकार हम सब यही चाहते हैं कि ऑडियंस आए और फिल्म को देखे।

**सवाल- आप दोनों के पास सेट की कोई यादें हैं, जो आप शेयर करना चाहेंगे?**

रितेश- मेरे लिए इस फिल्म में दो सीन काफी इमोशनल रहा है। दादा भाई का अपनी मां के साथ जो रिश्ता है, वो मेरे लिए बहुत ज्यादा अहमियत रखता है। हालांकि, फिल्म उस रिलेशनशिप पर आधारित नहीं है। लेकिन उसकी जो नींव है, वो रिलेशनशिप से बंधी है। आप जब फिल्म देखेंगे तो समझ पाएंगे कि मैं क्या बात कर रहा हूं। राजकुमार- जब आप 60-70 दिन साथ काम करते हैं तो बहुत सारे इमोशनल मोमेंट बन जाते हैं। कभी किसी का परफॉर्मेंस होता है, कभी कोई आ रहा या कोई सीन हो गया। इस हिसाब से बहुत यादें हैं। ऐसे में किसी एक बताना थोड़ा अनफेयर होगा।

**सवाल- आखिर में, अजय देवगन के साथ काम करने का एक्सपीरियंस कैसा रहा है। क्या वो सेट पर भी इतने ही सीरियस होते हैं?**

रितेश- मुझे नहीं पता आप किस सेट की बात कर रहे हैं। अजय मेरे साथ तो कभी सीरियस नहीं रहे हैं। मैं और अजय सेट पर हंसी-मजाक करते रहते हैं। हम दोनों पिछले 20 साल एक साथ काम कर रहे हैं। हमारी साथ में चौथी या पांचवी फिल्म है। मैं उन्हें बहुत अच्छे से जानता हूं और वो मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। मैंने ऑन सेट और ऑफ सेट उनके साथ खूब सारा समय बिताया है।

अजय एक ऐसे एक्टर हैं, जो बिल्कुल ही इनसिक्योर नहीं हैं। कई बार कुछ स्टार फिल्म को अपनी दृष्टिकोण से देखते हैं लेकिन अजय उन दुर्लभ एक्टर्स में हैं, जो पहले फिल्म को देखते हैं। फिर वो अपने आप को स्टार नहीं किरदार मानते हैं। फिल्म के एक सीन में दादा भाई अमय पटनायक की धज्जियां उड़ाता है, उस सीन में अजय अमय ही थे। उन्होंने उसमें वैसे ही एक्सप्रेशन दिए। वो खुद को फिल्म से बड़ा नहीं मानते हैं। ये उनकी खूबी है।

राजकुमार- मैं आपको अजय के प्रैंक का एक किस्सा बताता हूं। हम लोग होली के पहले शूट कर रहे थे। उस दिन कोई सेट पर गुझिया बांट रहा था। उस दिन मेरी वाइफ भी सेट पर थीं। मैं और अजय सीन की बात कर रहे थे। तभी कोई गुझिया लेकर हमारी तरफ आया। अजय ने मुझसे कहा कि ये तुम मत खाना। फिर उन्होंने मुझे बताया कि मेरी वाइफ ने दो गुझिया खा लिया है और वो हंसे जा रही है। मुझे बाद में पता चला कि उसमें कुछ मिला हुआ था।

# हीरोइन आवाज उठाती है तो कहते हैं नखरे कर रही, मेरे सामने नए एक्टर को दोगुने पैसे मिले : मंजरी फडनिस



**मंजरी** फडनिस इंडस्ट्री की उन अभिनेत्रियों में से हैं, जो आर्मी बैकग्राउंड की होने के बावजूद टीवी, ओटीटी, नाटक और फिल्मों जैसे हर माध्यम में काम कर चुकी हैं। जाने तू या जाने ना जैसे फिल्म से रातों-रात लोकप्रिय हुई मंजरी को इंडस्ट्री में लंबा इंतजार और संघर्ष करना पड़ा है। इन दिनों वे चर्चा में हैं अपनी नई फिल्म पुणे हाइवे से। एनबीटी के ऑफिस आईं मंजरी ने की हमसे ढेर सारी बातें।

मंजरी मानती हैं कि उनके 20 साल के करियर का संपूर्ण दौर उनके लिए संघर्ष भरा रहा है। वे कहती हैं, मैंने रोज कुआं खोदा और रोज पानी पिया है। खास तौर पर जब आप इस इंडस्ट्री से नहीं आते, तो आपके लिए कोई मशीनरी काम नहीं कर रही होती, तब आप कहीं उपेक्षित हो जाते हैं। मेरी पहली फिल्म जाने तू या जाने ना बहुत बड़ी हिट हुई थी। उस साल मुझे अपनी पहली फिल्म के लिए काफी अवॉर्ड्स मिले थे। सभी मेरी तारीफ़ कर रहे थे, मगर किसी भी निर्देशक ने उसके बाद मुझे ऐसा कोई दमदार रोल नहीं दिया। मैं भी हीरो की फ्रेंड या सेकंड लीड जैसे सपोर्टिंग रोल में टाइपकास्ट नहीं होना चाहती थी। मैं अच्छे ह्किरदारों का इंतजार कर रही थी, जो कभी मेरे पास आए ही नहीं। इस दौरान मैंने कई फिल्मों में काम किया, मगर वो उतनी बड़ी नहीं थी। मेरी मानसिक स्ट्रगल मेरी काफी लंबी चली।

### मर्द कई बार पावर का गलत इस्तेमाल करते हैं

मंजरी फड़नीस उन अभिनेत्रियों में से हैं, जो लगातार हर माध्यम में महिला प्रधान भूमिकाओं को मजबूती प्रदान करती गईं हैं। महिला मुद्दों पर वे कहती हैं, महिलाओं को लेकर दुनिया भर में कई मुद्दे हैं, मगर जब कोई मर्द पावर में होते हैं, तो कई बार वे अपनी पावर का गलत इस्तेमाल करना चाहते हैं। यह बहुत ही दुर्भायपूर्ण है, मगर कई बार ऐसा होता है। इससे हम सभी को डील करना पड़ता है। कई ऐसे हैं, जिनके पास अकूत ताकत है, वे मेरी योग्यता के बलबूते पर मेरा भाग्य बदल सकते हैं, मगर वे गलत कारण चुनते हैं और मैं उन वजहों को साफ तौर पर नकार देती हूं। मैं यही नहीं कहूंगी कि मैं शिकार हूं, अगर मैं पीड़ित होती, तो हार मान चुकी होती। मैंने अपना चुनाव किया। मेरी प्रगति धीमी रही, मगर मैं यहां टिकी हुई हूं।

### इंडस्ट्री में पे पैरिटी आम बात है

पे पैरिटी इंडस्ट्री का कड़वा सच्चा है। मंजरी कहती हैं, देखिए व्यक्तिगत रूप से मुझे कभी किसी हीनता का सामना नहीं करना पड़ा है, मगर हम सभी जानते हैं कि हमारे क्षेत्र में कितनी असमानता है। जिस तरह हीरो को ट्रीट किया जाता है, हीरोइन को नहीं। जो चीज निर्माता को हीरो बोल सकता है दृढ़ता से, वो हीरोइन नहीं। हीरोइन अगर कुछ बोलेगी, तो उसके बारे में कहा जाएगा कि वो नखरे दिखा रही है, टैंट्रम्स थ्रो कर रही है। फिर आपको आगे काम नहीं मिलता, जाहिर-सी बात है इंडस्ट्री काफी छोटी है, एक बार आप पर किसी तरह का टैग लग जाता है, तो फिर आप उसमें फंस जाते हो। पे पैरिटी तो आम बात है। मुझे याद है, मैं एक प्रॉजेक्ट में 365 लगातार काम कर रही थी, पूरा प्रोजेक्ट मुझ पर आधारित था। उस फिल्म में तीन अन्य एक्टर्स थे, जिसमें से एक एक्टर का एक गाना हिट हुआ था और उसे मुझसे डबल मेहनताना मिला, जबकि उसकी शूटिंग के दिन भी काफी कम थे। वह इतना मशहूर नाम भी नहीं था, मगर उसे मुझसे दोगुने पैसे मिले।

### अपनी बॉडी और कर्ली बालों को लेकर सुनना पड़ा है


मंजरी को इंडस्ट्री की खूबसूरत अभिनेत्रियों में शुमार किया जाता है। वे ब्यूटी के फेक स्टैंडर्ड के बारे में कहती हैं, देखिए, धीरे-धीरे पैमाने बदल रहे हैं। पहले गोरी लड़कियों को ही सुंदरता का पैमाना माना जाता था, मगर अब ऐसा नहीं है। मेरी मां बहुत खूबसूरत हैं, मगर उन्हें लगता था कि वो गोरी नहीं हैं, तो वे खूबसूरत नहीं हैं, क्योंकि लोगों ने उनके दिमाग में ऐसी कंडीशनिंग बना दी थी। मगर आज प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण ने वो पैमाना बदल दिया है। बीच में एक दौर ऐसा भी आया, जहां दुबली-पतली और लंबी लड़कियों को खूबसूरत समझा जाने लगा, मगर फिर बॉडी पॉजिटिवटी की न्यू एज अवेयरनेस ने उसे भी बदला। मैं जब इंडस्ट्री में आई, तो मुझे कहा गया कि मैं सुंदर नहीं हूं, मुझे और दुबला-पतला होना चाहिए, मैंने तब ब्रेड और रोटी सब छोड़ दिया था। मैं सब्जी और दाल खाया करती थी। मुझे अपने घुंघराले बालों के लिए भी बहुत सुनना पड़ा। अपने ट्वेंटीज में मैं लगातार घुंघराले बालों को सीधा करने और पतले लगने की जद्दोजहद में लगी रही। जब मैं अपने थर्टीज में पहुंची, तो मेरा वजन कुछ बढ़ा, तब मैंने अपने कर्ली बालों और उसी वजन के साथ रहने का फैसला किया, तो लोगों ने मुझे पसंद करना शुरू किया और तब मुझे अहसास हुआ कि ओह, मैंने कितने साल ऐसे ही बर्बाद कर दिए। अब मैंने खुद को अपना लिया है। हम सभी इंडिविजुअली यूनीक हैं और उसे समझना होगा।

### अच्छा रोल नहीं मिला, तो इंडस्ट्री छोड़ दूंगी

आज इंडस्ट्री में डेढ़ दसाहक से भी ज्यादा का समय बिता चुकी मंजरी के करियर में एक दौर ऐसा भी आया, जब उन्होंने दो साल का ब्रेक लिया था। वे कारण बताती हैं, ये 2017 की बात है, मैं ऐसे दौर से गुजर रही थी, जहां मुझे प्रोफेशनली ऐसी भूमिकाएं मिल रही थीं, जिनसे मैं खुश नहीं थी। एक ही तरह के रोल आ रहे थे, स्वीट गर्ल, ए गर्ल नेक्स्ट डोर आदि। जिन चरित्रों में कुछ करने का मौका होता था, वे इतने छोटे बजट की होती थीं कि उनका प्रमोशन ही नहीं हो पाता था। दुर्भाग्य से में फिल्म इंडस्ट्री मेरी क्षमता को देख ही नहीं पाई थी और ये मेरे लिए अभिनेत्री के रूप में बहुत ही हताशा भरा था। हालांकि मैं मिलने वाले अवसरों में से बेस्ट चुन रही थी, इसके बावजूद मुझे सॉलिड रोल नहीं मिल रहे थे, तब मैंने पक्का मन बना लिया था कि भले मुझे इंडस्ट्री छोड़ कर जाना पड़े, मगर मैं कामचलाऊ रोल के लिए हामी नहीं भरूंगी। उस दौरान मेरी दो फिल्में आने वाली थीं, निर्दोष और बाबा ब्लैक शीप और , तो मैं इंडस्ट्री से गायब नहीं होने वाली। तब मैंने तय किया कि मैं अपने क्राफ्ट को संवारने के लिए काम करूंगी और मैंने थिएटर जॉइन किया।

### मुश्किल दौर में पापा से कहा, वापस आ रही हूं

**अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए वे कहती हैं, दो साल तक थिएटर में काम करने के बाद मेरा अभिनय तो काफी मजबूत हुआ, मगर मेरी सेविंग खत्म हो चली थी। 2019 मेरे करियर का सबसे मुश्किल दौर था, जब मैंने अपने पापा को कॉल लगाया और कहा, दो महीने में मेरा यहां कुछ नहीं हुआ तो? मेरे पापा ठहरे आर्मी बैकग्राउंड के संतुलित और मजबूत शख्स। वो खुश थे कि बेटी वापस लौट आएगी। पापा ने सिर्फ इतना कहा, फिक्र की कोई बात नहीं, तुम वापस आ जाना। हम तुम्हारी जिंदगी नए सिरे से शुरू करेंगे। तुम साइकोलॉजी की अपनी पढ़ाई पूरी कर सकती हो। मैं उम्मीद छोड़ चुकी थी, मगर फिर मुझे बारोट हाउस में एक बहुत ही दमदार भूमिका मिली। सच कहूं, तो उस मुश्किल दौर में परिवार का सहयोग सबसे ज्यादा अहम रहा ,चूंकि मैं आर्मी बैकग्राउंड से हूं, तो कभी हार मत मानो वाला रवैया भी रहा है। फिर ये मुंबई शहर ने मुझे बताया कि मैं यहीं के लिए बनी हूं और हर बार मैं गिर कर उठ खड़ी हुई हूं।**




# भारत में पाक कलाकारों के अकाउंट पर गिरी गाज

## लीगल रिक्वेस्ट के चलते माहिरा-हानिया समेत कई पाकिस्तानी एक्टर्स के अकाउंट भारत में ब्लॉक

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भले ही भारत में सभी पाकिस्तानी कलाकारों को बैन कर दिया गया है। हालांकि कई इंडियन न सिर्फ पाकिस्तानी ड्रामा पसंद करते हैं बल्कि पाकिस्तानी एक्टर्स को सोशल मीडिया पर फॉलो भी करते हैं। उन फैंस के लिए बुरी खबर है क्योंकि अब से कोई भी इंडियन यूजर, किसी पाकिस्तानी सेलेब्स का सोशल मीडिया अकाउंट नहीं देख सकेगा।

दरअसल, बुधवार को सभी पाकिस्तानी एक्टर्स के अकाउंट भारतीय यूजर्स के लिए सस्पेंड कर दिए गए हैं। अब पाकिस्तानी सेलेब्स के अकाउंट में लिखा आ रहा है, अकाउंट भारत में मौजूद नहीं है। इन कंटेंट को लीगल रिक्वेस्ट के चलते रिस्ट्रिक्ट किया जा रहा है। भारत में रिस्ट्रिक्ट होने वाले पाकिस्तानी सेलेब्स में माहिरा खान, हानिया आमिर, अली जफर, माया अली, आयजा खान, सजल अली, इकरा अजीज, सनम सईद के नाम शामिल हैं। बता दें कि माहिरा खान, अली जफर, सजल अली बॉलीवुड में काम कर चुके हैं। सजल अली ने श्रीदेवी की फिल्म मॉम में उनकी बेटी का रोल प्ले किया था। हैरानी की बात ये है कि जहां कई पाकिस्तानी टीवी एक्टर्स को भी रिस्ट्रिक्ट किया गया है, वहीं पाकिस्तान के सबसे पॉपुलर एक्टर फवाद खान का अकाउंट अब भी इंडियन यूजर्स के लिए मौजूद है। जबकि फवाद खान बीते लंबे समय से बॉलीवुड कमबैक फिल्म अबीर गुलाल के चलते विवादों से घिरे हुए थे। फवाद खान के अलावा सनम तेरी कसम में नजर आईं मावरा हौकेन, हिंदी मीडियम पाकिस्तानी एक्ट्रेस सबा कमर, युमना जैदी, महविश हयात, एक्टर वहाज अली और उरवा हौकेन के अकाउंट भी रिस्ट्रिक्ट नहीं किए गए हैं।

**अब पाकिस्तानी शोज भी नहीं देख सकेंगे इंडियन :** गृह मंत्रालय के आदेश पर अब पाकिस्तान के कई यूट्यूब चैनल्स भी भारत में ब्लॉक कर दिए गए हैं। इनमें ARY डिजिटल और हम टीवी के यूट्यूब चैनल भी शामिल हैं, जो इंडियन यूजर्स के लिए पाकिस्तानी शोज का जरिया थे।

**भारत सरकार ने 16 पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर बैन लगाया :** गृह मंत्रालय की सिफारिश पर भारत सरकार ने 16 पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर बैन लगा दिया है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, इन चैनलों पर भारत, भारतीय सेना और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ भड़काऊ, सांप्रदायिक और भ्रामक खबरें फैलाने का आरोप है।

**पाकिस्तानी कलाकारों पर भारत में लगा बैन :** साल 2016 में हुए उरी अटैक के बाद सभी पाकिस्तानी कलाकारों के भारत में काम करने पर बैन लगा दिया गया था। यही वजह रही कि माहिरा खान, फवाद खान जैसे कलाकारों को भारत की कई फिल्में छोड़नी पड़ी थीं।

भावनाओं को समझने के लिए शब्दों का साथ चाहिए,
और रिश्ता निभाने के लिए मन में विश्वास चाहिए।

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# अजमेर के होटल में आग 4 लोगो की मौत

## मरने वाले 3 एक ही परिवार के; मां ने मासूम को खिड़की से फेंका, पूरी बिल्डिंग जली

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर।** अजमेर के होटल में लगी आग में गुजरात के दंपती और उनके डेढ़ साल के बेटे समेत 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग झुलसे हैं। इनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। महज 30 मिनट में आग ने पूरे होटल को चपेट में ले लिया था। उधर, तेजी से फैलती आग की चपेट में एक अन्य बच्चा भी आ गया था। मां ने उसे उठाकर खिड़की से नीचे फेंक दिया। आग से बचने के लिए एक युवक चौथी मंजिल से कूद गया। डिग्गी बाजार स्थित नाज होटल में सुबह करीब 8 बजे आग लगी। देखते ही देखते आग होटल की 5वीं मंजिल तक पहुंच गई। होटल में बड़ी संख्या में जायरीन ठहरे हुए थे। करीब साढ़े तीन घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका।

### चार की हालत गंभीर

जेएलएन मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अनिल सामरिया ने बताया- झुलसे हुए आठ लोग लाए गए थे। इनमें से चार की मौत हो गई। 4 की हालत गंभीर है। 15 लोगों को रेस्क्यू कर बाहर लाया गया है। हॉस्पिटल में एडमिट चार में से एक व्यक्ति 90 प्रतिशत तक झुलस गया है। बाकी तीन 50 और 60 प्रतिशत तक झुलसे हैं।

### गुजरात के एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत

अजमेर होटल आग हादसे में गुजरात के एक परिवार के 3 लोगों और नई दिल्ली के 1 युवक की मौत हो गई है। मृतकों की पहचान गुजरात के अमरेली जिले के लाठी गांव निवासी अलफेज नुरानी, उनकी पत्नी शबनम नुरानी और उनके डेढ़ साल के बेटे अरमान नुरानी के रूप में हुई है। इसके अलावा नई दिल्ली के मोती नगर निवासी मोहम्मद जाहिद (40) की भी जान गई है। वहीं मोहम्मद जाहिद की पत्नी रिहाना और बेटा इब्राहिम, भावनगर गुजरात निवासी धवल और उनकी पत्नी अल्पा के साथ ही फायरकर्मी कृष्णा मीणा घायल हो गए।





### रास्ता संकरा, बचाव कार्य में परेशानी

होटल तक पहुंचने का रास्ता संकरा है। इसलिए बचाव कार्य में काफी परेशानी आ रही है। रेस्क्यू के दौरान कई पुलिस कर्मियों और दमकलकर्मियों की भी तबीयत बिगड़ गई है। मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिमांशु जांगिड़ सहित पुलिस के अन्य अधिकारी मौजूद हैं। होटल पांच मंजिला है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

### धमाके के साथ लगी आग

**प्रत्यक्षदर्शी मांगीलाल कलोसिया ने बताया- एसी फटने की आवाज आई थी। मैं और मेरी पत्नी भागकर बाहर आ गए थे। इसके बाद टैक्सी ड्राइवर को बुलाया। फायर ब्रिगेड आधे घंटे बाद आई थी। हमने बाहर से कांच तोड़े। एक महिला ने अपने बच्चे को ऊपर से मेरी गोद में फेंका। वह भी कूदने लगी तो हमने मना किया। एक अन्य युवक भी खिड़की से कूद गया। उसके सिर में चोटें आई हैं।**

### परिवार वाले दिल्ली से अजमेर के लिए रवाना

**मोहम्मद जाहिद (मृतक) के पिता लाल मोहम्मद ने बताया- जाहिद, रेहाना व इब्राहिम बुधवार दोपहर दिल्ली से रवाना होकर जियारत के लिए अजमेर गए थे। रात को होटल में ठहरे थे। सुबह आग लगने की सूचना मिली।**



पहलगाम हमला

# आईएनएस सूरत हजीरा पोर्ट पर तैनात

## अरब सागर में एंटी शिप-एंटी एयरक्राफ्ट की फायरिंग प्रैक्टिस

## राजनाथ ने अमेरिकी रक्षा मंत्री से बात की

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/ पहलगाम।** पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बना हुआ है। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने डिफेंस सोर्स के हवाले से बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेग्सेथ से फोन पर बात की। हालांकि इसकी डिटेल सामने नहीं आई है। इस बीच नेवी का जंगी जहाज आईएनएस-सूरत गुरुवार को पहली बार सूरत के हजीरा पोर्ट पर तैनात किया गया है। यहां नेताओं और नेवी अफसरों ने इसका स्वागत किया।

न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, इंडियन नेवी ने अपने सभी वॉरशिप को अलर्ट पर रखा है। पिछले दिनों अरब सागर में एंटी शिप और एंटी एयरक्राफ्ट फायरिंग की प्रैक्टिस की गई। गुजरात के नजदीक कोस्ट गार्ड को भी अलर्ट पर रखा गया है।

उधर, पाकिस्तान ने इंटरनेशनल बॉर्डर पर चौकियों पर अपने झंडे फिर लगा दिए हैं। एक दिन पहले पाक ने चौकियों से झंडे हटा दिए थे।

### भारत-पाक सीमा के फॉरवर्ड पोस्ट्स पर पाकिस्तान ने सेना तैनात की, चीन से मिली तोपें भी शामिल

**पाकिस्तान ने भारत की सीमा से सटे इलाकों में अपनी सेना और हथियारों की तैनाती बढ़ा दी है। न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया- पाकिस्तान ने राजस्थान के लॉन्गेवाला और बाड़मेर के पास एयर डिफेंस सिस्टम, तोपें और रडार तैनात किए हैं। पाकिस्तान की वायुसेना फिलहाल तीन बड़े युद्ध अभ्यास कर रही है। पाकिस्तान की सेना को चीन से नई एसएच-15 तोपें भी मिल रही हैं, जिन्हें अब सीमा के पास तैनात किया जा रहा है।**



### कैप्टन शोरे बोले- आईएनएस सूरत लेकर आना गर्व की बात

नौसेना के कमांड अधिकारी कैप्टन संदीप शोरे ने कहा कि देश के सबसे उन्नत और शक्तिशाली युद्धपोतों में से एक आईएनएस सूरत को सूरत लेकर आना मेरे लिए गर्व की बात है। जिस तरह से शहर में उनका और युद्धपोत का स्वागत किया गया, वह पूरे दल के लिए सम्मान की बात रही।

कैप्टन संदीप शोरे ने बताया- यह युद्धपोत विध्वंसक श्रेणी में आता है और इसे मल्टी-मिशन ऑपरेशनों के लिए तैयार किया गया है। यह पनडुब्बी, जहाज, विमान जैसे किसी भी लक्ष्य को निशाना बना सकता है और इसके साथ हेलिकॉप्टर भी तैनात रहते हैं। यह युद्धपोत भारतीय नौसेना की ताकत और तकनीकी दक्षता का प्रतीक है।

युद्धपोत में आधुनिक हथियार प्रणाली, रडार, और मिसाइलें लगी हैं जो इसे समुद्री सुरक्षा के लिए बेहद प्रभावी बनाती हैं। सूरतवासियों ने इस मौके पर भारतीय नौसेना के जवानों का गर्मजोशी से स्वागत किया। युद्धपोत के आगमन से शहर में देशभक्ति और गौरव का माहौल देखा गया।

**बड़े अपडेट्स**

- भारत-पाक सीमा के फॉरवर्ड पोस्ट्स पर पाकिस्तान ने सेना तैनात कर दी हैं। इसमें चीन से मिली तोपें भी शामिल हैं।
- नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) चीफ सदानंद दाते गुरुवार दोपहर पहलगाम पहुंचे। वह तीन घंटे बायसरन में रहे।
- प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अमेरिका से अपील की है कि वह भारत पर जिम्मेदारी से पेश आने और बयानबाजी कम करने का दबाव बनाए।
- अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से शरीफ ने यह भी कहा कि भारत के उकसाने वाले रवैया से क्षेत्रीय हालात बिगड़ सकते हैं।

# अप्रैल में रिकॉर्ड 2.37 लाख करोड़ का जीएसटी कलेक्शन

## सालाना आधार पर 12.6% बढ़ा, अप्रैल 2024 में 2.10 लाख करोड़ रहा था

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार ने अप्रैल 2025 में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स से 2.37 लाख करोड़ रुपए जुटाए। सालाना आधार पर इसमें 12.6% की बढ़ोतरी हुई है। ये जीएसटी कलेक्शन का रिकॉर्ड है। इससे पहले हाईएस्ट जीएसटी कलेक्शन का रिकॉर्ड अप्रैल 2024 में बना था। तब सरकार ने 2.10 लाख करोड़ रुपए जुटाए थे। गुरुवार 1 मई को सरकार ने जीएसटी के आंकड़े जारी किए हैं। जीएसटी कलेक्शन इकोनॉमिक हेल्थ का एक महत्वपूर्ण संकेतक है। हायर कलेक्शन मजबूत उपभोक्ता खर्च, औद्योगिक गतिविधि और प्रभावी कर अनुपालन का संकेत देते हैं। अप्रैल महीने में बिजनेसेज अक्सर मार्च से वर्ष के अंत के लेन-देन को क्लियर करते हैं, जिससे टैक्स फाइलिंग्स और कलेक्शन्स में वृद्धि होती है।




### डोमेस्टिक ट्रांजैक्शन से 1.90 लाख करोड़ जुटाए

- सरकार ने इस दौरान डोमेस्टिक ट्रांजैक्शन से 1.90 लाख करोड़ टैक्स वसूला है। सालाना आधार पर इसमें 10.7% की ग्रोथ हुई है। वहीं, इम्पोर्ट के जरिए 46,913 करोड़ जीएसटी सरकार ने जुटाया है। एक साल में इसमें 20.8% की बढ़ोतरी हुई है।
- अप्रैल में सरकार ने टोटल 27,341 करोड़ रुपए की राशि रिफंड की।
- रिफंड के बाद जुलाई के लिए नेट जीएसटी कलेक्शन 2.09 लाख करोड़ रुपए रहा।
- पिछले वर्ष की समान अवधि (जुलाई 2023) की तुलना में ये 9.1% ज्यादा है।


## बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com




# केदारनाथ मंदिर 10 हजार केजी फूलों से सजाया गया

## 8 राज्यों और 3 देशों से मंगवाए गए फूल

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** चारधाम यात्रा शुरू हो गई है। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट 30 अप्रैल अक्षय तृतीया को खुल गए हैं। वहीं केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई को खुलेंगे। इसके बाद 4 मई को बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे। बाबा केदार की पंचमुखी डोली केदारनाथ धाम पहुंच गई है।

शुक्रवार सुबह विधि विधान से पूजा-अर्चना के बाद धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। केदारनाथ धाम में तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। ऐतिहासिक मंदिर को 10 हजार किलोग्राम फूलों से सजाया गया है। इसमें 45 तरह के फूल शामिल हैं। ये फूल 8 राज्य और 3 देशों से मंगवाए गए हैं। श्रृंगार वडोदरा और कोलकाता के कारीगर कर रहे हैं।

# पहलगाम में चुनौती मिली, लेकिन हमारे पास मोदी हैं : उपराष्ट्रपति

## धनखड़ ने कहा-अपनों की चुनौती खतरनाक, आनंदीजी आपसे गुरुमंत्र लूंगा



बढ़ता राजस्थान

**लखनऊ।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गुरुवार को लखनऊ दौरे पर हैं। उन्होंने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की किताब 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' का विमोचन किया। इस दौरान आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा- पहलगाम में हमें चुनौती मिली है। लेकिन हमारे पास डायनामिक पीएम मोदी हैं। उन्होंने चुनौतियों को अवसर में बदला है। उन्होंने कहा- राज्यपाल महोदया, मेरे लिए घर में एक बड़ी चुनौती है। उस चुनौती को पार करने के लिए मैं राजभवन में भोजन के दौरान आपसे गुरुमंत्र लूंगा। अगर आपने मुझे चुनौती से उबरने का कोई गुरुमंत्र नहीं दिया, तो फिर मजबूरन मुझे एकलव्य बनाना पड़ेगा।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि आनंदीबेन नाम ही काफी है। किताब लॉन्च करने के लिए उन्होंने 1 मई यानी मजूदरों का दिन चुना। गुजरात इनके दिल में धड़कता है। वहीं, आनंदी बेन पटेल ने कहा- इस पुस्तक को लिखने में मेरे माता-पिता, बेटे-बेटी-बहू सभी का इनपुट है। इसकी कीमत 500 रुपए रखी है। किसी को फ्री में नहीं मिलेगी क्योंकि मैं अहमदाबादी हूं। एक ही कप में हम तीन लोग चाय पीते हैं। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा- ये किताब समुद्र मंथन के बाद निकली है, ये किताब नहीं ग्रंथ है। इसमें राज्यपाल की जिंदगी का सार समाहित है।

### विधायिका और न्यायपालिका का टकराव याद दिलाया

धनखड़ ने पुस्तक विमोचन के दौरान 60 के दशक का उल्लेख करते हुए न्यायपालिका और विधायिका के टकराव की याद दिलाई। कहा कि संविधान के मूल ढांचे को बनाकर रखना बेहद आवश्यक है। हर व्यक्ति निर्दोष है, जब तक कि उस पर दोष साबित न हो। उपराष्ट्रपति ने न्याय और कानून व्यवस्था पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा- मेरा दिव्य मत है कि हर व्यक्ति निर्दोष है, जब तक उसके खिलाफ अपराध साबित न हो जाए।